✴ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

✴ पटना संस्करण

अपना प्रदेश, अपनी बात

✴ रजि. नंबर : 52290/90 ✴ वर्ष : 36 ✴ अंक : 191 ✴ पृष्ठ : 12 ✴ औरंगाबाद, सोमवार, 8 दिसम्बर 2025 ✴ मूल्य : 3.00 रुपये ✴ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित ✴ www.navbihartime.com



बिहार स्टेट एक्स सर्विसमेन बेनिवोलेंट फंड में दान करते सीएम नीतीश कुमार

## बिहार में सीआइएसएफ की तर्ज पर होगा बीआइएसएफ का गठन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार में औद्योगिक प्रतिष्ठानों की सुरक्षा के लिए एक विशेष सुरक्षा बल जल्द ही अस्तित्व में आएगा। उद्योग मंत्री डॉ. दिलीप जायसवाल ने रविवार को यह जानकारी दी। सेंट्रल इंडस्ट्रियल सिक्यूरिटी फोर्स (सीआइएसएफ) की तर्ज पर बिहार इंडस्ट्रियल सिक्यूरिटी फोर्स (सीआइएसएफ) का गठन किया जाएगा। जल्द ही इस आशय के प्रस्ताव को कैबिनेट की मंजूरी के लिए भेजा जाएगा। बीआईएसएफ पूरी तरह से उद्योगों की सुरक्षा के लिए डेडिकेटेड इकाई के रूप में काम करेगी। बिहार पुलिस के दक्ष जवानों की सेवा इस फोर्स के लिए ली जाएगी। यह भारतीय पुलिस सेवा के एक अधिकारी के नेतृत्व में काम करेगा। डीएसपी स्तर व अन्य निरक्षी स्तर के अधिकारी भी इस बल में रहेंगे। इस बल का मुख्यालय औद्योगिक क्षेत्र में रहेगा। बड़ी संख्या में नए निवेशक बिहार में उद्योग लगाने की तैयारी में हैं। सरकार ने इसके लिए अलग-अलग क्लस्टर भी बनाएं हैं। पुराने उद्यमियों की उपलब्धता भी प्रायः सभी औद्योगिक क्षेत्र में है। बीआईएसएफ की सेवा नए निवेशकों को उनके आग्रह पर तो मिलेगी ही साथ ही साथ पुराने उद्यमियों के औद्योगिक प्रतिष्ठान को भी बीआईएसएफ की सेवा मिलेगी। प्रतिष्ठान परिसर के साथ-साथ औद्योगिक क्षेत्र की सुरक्षा की भी जिम्मेवारी भी बीआईएसएफ के माध्यम से मिलेगा। उद्यमियों की पुरानी मांग रही है औद्योगिक क्षेत्र की सुरक्षा के लिए विशेष बल की। वर्तमान में औद्योगिक इकाइयां अपनी निजी व्यवस्था पर आश्रित हैं। उनकी मांग रही है कि सुरक्षा की संस्थागत व्यवस्था होनी चाहिए।

### मुख्यमंत्री ने पटना डेयरी प्रोजेक्ट का किया निरीक्षण, अधिकारियों को दिया निर्देश

# रोजगार व आमदनी के अवसर पैदा करें : नीतीश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने रविवार को फुलवारीशरीफ स्थित पटना डेयरी प्रोजेक्ट (सुधा) का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को यह निर्देश दिया कि दुग्ध उत्पादन समितियों का विस्तार करें। अधिक से अधिक लोगों को इससे जोड़ें। इससे रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे और लोगों की आमदनी बढ़ेगी। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने प्रोडक्शन हाल, आइसक्रीम प्लांट, दही कोल्ड रूम सहित विभिन्न इकाइयों को देखा और उत्पाद के संबंध में विस्तृत जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने यहां अधिकारियों के साथ बैठक भी की। बैठक में कॉम्फ़ेड के प्रबंध निदेशक शीर्षत कपिल अशोक ने कॉम्फ़ेड के कार्यों की अद्यतन स्थिति की जानकारी दी। इस दौरान एक वीडियो फिल्म भी दिखायी गयी। शीर्षत कपिल अशोक ने कॉम्फ़ेड के विजन, अगले पांच वर्ष की योजना, दुग्ध संघ, दुग्ध समिति, प्रोक्यूरमेंट इन्फ्रास्ट्रक्चर, न्यू प्रोडक्ट लांच आदि की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अभी कुल कार्यरत ग्रामस्तरीय दुग्ध सहकारी समितियों की संख्या 21 हजार से भी अधिक है जिससे लगभग 7.5 लाख पशुपालक जुड़े हुए हैं जिसमें लगभग 1.9 लाख (25%) महिलाएं हैं। ये समितियां प्रतिदिन औसतन 22 लाख किलोग्राम दूध का संकलन करती है तथा अधिकतम संकलन लगभग 30 लाख किलोग्राम प्रतिदिन तक पहुंच जाती है। संकलित दूध के प्रसंस्करण की भी पूर्ण व्यवस्था उपलब्ध है। वर्तमान में कॉम्फ़ेड की कुल प्रसंस्करण क्षमता 54 लाख लीटर प्रतिदिन है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कृषि रोड मैप के लागू होने से फसल का उत्पादन और उत्पादकता बढ़ी है साथ ही राज्य में दूध का उत्पादन भी बढ़ा है। इससे किसानों और दुग्ध उत्पादकों को काफी फायदा हो रहा है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि डेयरी प्लांट का और विस्तार करें। उन्होंने कहा कि दुग्ध उत्पादन समितियों का और विस्तार करें, अधिक से अधिक लोगों को जोड़ें, जिससे उनकी आमदनी बढ़ेगी। साथ ही रोजगार के नये अवसर पैदा होंगे। बिहार में दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के लिये कार्य करने के साथ ही प्रोसेसिंग की क्षमता का भी विस्तार करें। प्रोक्यूरमेंट इन्फ्रास्ट्रक्चर का और विस्तार करें। उन्होंने कहा कि यहां काम करने वाले लोगों के आवासन की भी व्यवस्था करें ताकि वे अच्छे से काम कर सकें। हमलोगों ने किसानों की समृद्धि और ग्रामीण विकास के लिये कई कदम उठाये हैं। कॉम्फ़ेड के माध्यम से किसानों को दुग्ध का बेहतर मूल्य प्रदान किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग की अपर मुख्य सचिव डा. एन. विजयलक्ष्मी, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी डा. गोपाल सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव डा. चन्द्रशेखर सिंह, कॉम्फ़ेड के एमडी शीर्षत कपिल अशोक, जिलाधिकारी डॉ. त्यागराजन एसएम, पटना डेयरी प्रोजेक्ट के एमडी रूपेश राज सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### सीएम नीतीश कुमार आज बक्सर आयेंगे

**बक्सर(नबिटा ब्यूरो)।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सोमवार 08 दिसंबर को बक्सर के नवानगर क्षेत्र का दौरा करेंगे। इस संबंध में जिला प्रशासन द्वारा मिनट-टू-मिनट कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। मुख्यमंत्री यहां औद्योगिक इकाइयों और वन्य जीव बचाव केंद्र का निरीक्षण करेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री सुबह 10:30 बजे हेलीकॉप्टर से नवानगर स्थित हेलिपैड पर पहुंचेंगे। नवानगर में मुख्यमंत्री का कुल करीब 25 मिनट का कार्यक्रम तय है।

### रामकृष्ण नगर थानाध्यक्ष संजीव कुमार का निधन

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** राजधानी पटना के रामकृष्ण नगर थानाध्यक्ष संजीव कुमार का शनिवार देर रात आकस्मिक निधन हो गया। उन्हें रात में तबीयत बिगड़ने पर फौरन पारस अस्पताल में भर्ती कराया गया था लेकिन उनकी मौत हो गई। संजीव कुमार 2009 बैच के अधिकारी थे। वह मूल रूप से मुजफ्फरपुर के गोबरसाही, चक्कर मैदान ईस्ट चांदमारी के रहने वाले थे। संजीव कुमार पहले पूर्णिया में पोस्टेड थे। तीन महीने पहले ही पटना में ड्यूटी ज्वाइन किए थे।

### 25 हजार का इनामी मिन्टा सहित पांच गिरफ्तार

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** फतुहा पुलिस ने नियाजीपुर में छापेमारी कर 25 हजार का इनामी कुख्यात मिन्टा समेत पांच को गिरफ्तार किया है। इनके पास से एक कट्टा, दो जिंदा गोलियां और सात मोबाइल बरामद हुए हैं। डीएसपी-1 अवधेश कुमार ने रविवार को बताया कि सूचना मिली थी कि नियाजीपुर गांव में एक विवादित जमीन पर कब्जा करने के लिए कुछ लोग हथियार के साथ इकट्ठा हुए हैं। इसके बाद थानाध्यक्ष के नेतृत्व में एक टीम का गठन करते हुए वहां छापेमारी की गई।

# बिहार में होगा 100 फास्ट ट्रैक कोर्ट का गठन : सम्राट

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बड़ी घोषणा की है। उन्होंने कहा कि बिहार में 100 फास्ट ट्रैक न्यायालयों का गठन किया जाएगा। इसकी स्थापना का मुख्य उद्देश्य न्यायालयों में लंबित मामलों का त्वरित निष्पादन, न्यायालय का बोझ कम करना और संवेदनशील प्रकृति के मामलों पर उचित ध्यान और समय देना है। उन्होंने कहा कि राज्य के विभिन्न न्यायालयों में 18 लाख से अधिक लंबित मामलों के मद्देनज़र ये फास्ट ट्रैक न्यायालय बड़ी राहत देने वाले साबित होंगे। उन्होंने बताया कि पटना में आठ फास्ट ट्रैक अदालतें प्रस्तावित हैं जबकि गया, मुजफ्फरपुर, दरभंगा और भागलपुर में चार-चार अदालतें स्थापित की जाएंगी। वहीं नालंदा (बिहारशरीफ), रोहतास (सासाराम), सारण (छपरा), बेगूसराय, वैशाली (हाजीपुर), पूर्वी चंपारण (मोतिहारी), समस्तीपुर और मधुबनी में तीन-तीन फास्ट ट्रैक अदालतें बनाई जाएंगी। इसी तरह पश्चिम चंपारण (बेतिया), सहरसा, पूर्णिया, मुंगेर, नवादा, जहानाबाद, अरवल, औरंगाबाद, कैमूर (भभुआ), बक्सर, भोजपुर (आरा), सीतामढ़ी, शिवहर, सीवान, गोपालगंज, सुपौल, मधेपुरा, अररिया, किशनगंज, कटिहार, बांका, जमुई, शेखपुरा, लखीसराय और खगड़िया में दो-दो फास्ट ट्रैक अदालतें संचालित होंगी। इसके अतिरिक्त नवगछिया और बगहा उप-मंडलीय न्यायालय में एक-एक फास्ट ट्रैक अदालत स्थापित करने का प्रस्ताव है। उन्होंने बताया कि जिला पदाधिकारी, वरीय पुलिस अधीक्षक, पुलिस अधीक्षक द्वारा संयुक्त रूप से चिन्हित मामलों का प्राथमिकता के आधार पर निष्पादन किया जाएगा। राज्य के 38 जिलों और उप-मंडलों में कुल 100 फास्ट ट्रैक कोर्ट स्थापित किए जाने के लिए कर्मियों की नियुक्ति भी बड़े पैमाने पर की जाएगी। प्रत्येक अदालत के लिए आठ प्रकार के पदों जैसे, बेंच क्लर्क, कार्यालय लिपिक, स्टेनोग्राफर, डिपोज़िशन राइटर, डेटा एंट्री ऑपरेटर, ड्राइवर, प्रोसेस सर्वर और चपरासी या ऑर्डर्ली के कुल 900 पदों पर नियुक्ति प्रस्तावित है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि शस्त्र अधिनियम से संबंधित लंबित मामलों के त्वरित निपटारे हेतु 79 न्यायालयों को एक्ट कोर्ट के रूप में नामित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार का मानना है कि शस्त्र अधिनियम जैसे गम्भीर मामलों का शीघ्र समाधान कानून व्यवस्था को मजबूत करेगा। राज्य सरकार न्यायिक प्रक्रिया को गति देने के लिए प्रतिबद्ध है। यही वजह है कि 100 फास्ट ट्रैक अदालतों के गठन किया जाएगा।

## पटना में बनेगा तिरुपति मंदिर, सरकार ने एक रुपए की लीज पर दी जमीन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार की राजधानी पटना को जल्द नई बड़ी धार्मिक पहचान मिलने वाली है। तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) को पटना के मोकामा खास क्षेत्र में श्री वेंकटेश्वर बालाजी मंदिर बनाने के लिए जमीन आवंटित कर दी गई है। नीतीश कैबिनेट की मंजूरी के बाद औपचारिक रूप से लागू हुआ है। इसकी जानकारी तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम के चेयरमैन बीआर नायडू ने एक्स पर ट्वीट करके दी। उन्होने लिखा कि यह अत्यंत हर्ष का विषय है कि बिहार सरकार ने राज्य की राजधानी पटना में टीटीडी मंदिर के निर्माण को मंजूरी दे दी है। मोकामा खास क्षेत्र में 99 वर्षों के लिए एक रुपए के सांकेतिक लीज़ रेंट पर 10.11 एकड़ जमीन आवंटित करने के लिए हार्दिक धन्यवाद।

# भ्रष्टाचारियों पर निगरानी के एक्शन में तेजी से हड़कंप

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राज्य में भ्रष्टाचार के खिलाफ निगरानी अन्वेषण ब्यूरो पिछले एक वर्ष से आक्रामक तरीके से काम कर रहा है। ब्यूरो की निरंतर कार्रवाई से सरकारी महकमों में हलचल है। निगरानी ब्यूरो ने अकेले जनवरी से छह दिसंबर के बीच सौ के करीब प्राथमिकी दर्ज कर 95 भ्रष्ट लोक सेवकों को अपनी गिरफ्त में लिया है। अपनी कार्रवाई के दौरान निगरानी ने भ्रष्ट लोक सेवकों के पास से 35 लाख से अधिक रकम भी बरामद की है। इनके अतिरिक्त आय से अधिक संपत्ति अर्जन के मामलों में भी निगरानी सख्ती से कार्रवाई कर रही है। निगरानी ब्यूरो की जांच टीमों ने इस वर्ष राज्य सरकार के कुछ प्रमुख विभाग जैसे राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, शिक्षा विभाग, पंचायती राज, कृषि आपूर्ति विभाग समेत दूसरे कई विभागों में कथित भ्रष्टाचार के नेटवर्क की पहचान कर ट्रैप आपरेशन तेज किए हैं। ब्यूरो के मुताबिक सरकारी कामकाज में बढ़ती शिकायतों को देखते हुए अब हर शिकायत को प्राथमिकता से दर्ज किया जा रहा है और उसकी त्वरित जांच की जा रही है। सूत्रों के अनुसार कार्रवाई केवल रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ने तक सीमित नहीं है। ब्यूरो अब आय से अधिक संपत्ति की जांच (डीए केस) पर भी फोकस बढ़ा रहा है। जिसमें संदिग्ध अधिकारियों की पिछले कई वर्षों की आय और खर्च का मिलान किया जा रहा है। कई मामलों में अचल संपत्ति, बैंक खाते, बैंक लाकर जब्त किए गए हैं और काफी मात्रा में सोने-चांदी के जेवरात भी बरामद किए गए हैं। जमीन खरीद के दस्तावेज भी बड़ी संख्या में बरामद किए गए हैं।

# जवानों के परिवार की मदद करना हम सबकी जिम्मेदारी : सीएम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** सशस्त्र सेना झंडा दिवस के अवसर पर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज पटना के 1 अणे मार्ग स्थित अपने आवास पर सशस्त्र सेना झंडा दिवस का फ्लैग लगाया। सैनिक कल्याण निदेशालय के निदेशक ब्रिगेडियर मुनीष कुमार ने मुख्यमंत्री से मुलाकात कर झंडा दिवस का प्रतीक चिह्न (फ्लैग) भेंट किया। इस मौके पर सभी अधिकारियों ने सैनिक कल्याण से जुड़ी तैयारियों और योजनाओं पर मुख्यमंत्री की पूरी जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने देश की रक्षा में जुटे वीर सैनिकों और शहीदों को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि देश के लिए सैनिकों के योगदान को कोई भी शब्द पूरी तरह व्यक्त नहीं कर सकता। सैनिक अपने प्राणों की परवाह किए बिना राष्ट्रीय सुरक्षा, सीमाओं की रक्षा और आंतरिक चुनौतियों से मुकाबला करते हैं। मुख्यमंत्री ने जनता से आग्रह करते हुए कहा कि अधिक से अधिक लोग बिहार स्टेट एक्स सर्विसमेन बेनिवोलेंट फंड में योगदान दें ताकि वीर सैनिकों, शहीद परिवारों और पूर्व सैनिकों के पुनर्वास एवं कल्याण से जुड़ी योजनाओं को मजबूती मिल सके। उन्होंने कहा कि पूर्व सैनिकों के कल्याण में किया गया हर योगदान राष्ट्र की सेवा ही माना जाएगा। नीतीश कुमार ने बताया कि यह फंड राज्य के उन सैनिकों और पूर्व सैनिकों के लिए अत्यंत उपयोगी है, जिन्होंने अपने जीवन का महत्वपूर्ण समय देश की रक्षा के लिए समर्पित कर दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस फंड से मिलने वाली सहायता से उन परिवारों को बड़ी मदद मिलती है जिन्हें स्वास्थ्य, शिक्षा, पुनर्वास, आजीविका और अन्य कारणों से आर्थिक सहारा की जरूरत होती है।

वस्त्र मंत्रालय
भारत सरकार

भारतीय handicrafts हस्तशिल्प continuing tradition
विकास आयुक्त (हस्तशिल्प)
वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार



"आज भारत न सिर्फ 'लोकल के लिए वोकल' है बल्कि दुनिया को एक वैश्विक मंच भी प्रदान कर रहा है"

श्री नरेन्द्र मोदी
भारत के माननीय प्रधानमंत्री

**शिल्पियों के सशक्तिकरण के साथ परंपराओं की निरंतरता**

- 90 से अधिक देशों में **4.04 लाख करोड़** रुपए से अधिक के हस्तशिल्प उत्पादों का निर्यात
- **1.7 लाख शिल्पियों** से अधिक एवं सहकर्मियों को सीधे बाजार तक पहुँच प्राप्त हुई
- **4,900 प्रदर्शनियों** के माध्यम से 500 करोड़ रुपये से अधिक का व्यापार हुआ
- **75,000 शिल्पियों** को 250 उत्पादक कंपनियों के माध्यम से सशक्त किया गया और उन्हें बाजार की मुख्यधारा से जोड़ा गया
- उन्नत उपकरण किट के माध्यम से **71,600 शिल्पी** लाभान्वित हुए और उन्हें बेहतर उत्पादन एवं उच्च गुणवत्ता प्राप्त हुई
- **1.5 लाख शिल्पियों** को विशेष प्रशिक्षण दिए गये जिससे उनकी कुशलता बढ़ी
- विशिष्ट पहचान बनाये रखने के लिये **336 हस्तशिल्प उत्पादों** को GI पंजीकरण प्रदान किया गया

*पिछले 11 वर्षों के आँकड़े



भारत मना रहा है
**राष्ट्रीय हस्तशिल्प सप्ताह**



**8 - 14 दिसम्बर 2025**

**हस्तनिर्मित वस्तुओं के संसार को जाने - सीखें, अनुभव करें, और उत्सव मनाएं**

**दिल्ली में आयोजित होने वाले कार्यक्रम**

| मास्टर क्रिएशन | हस्तशिल्प पुरस्कार | विरासत सप्ताह | शिल्प कथा | चौपाल का शुभारंभ | भविष्य के लिए निर्मित | भारत में शिल्प का भविष्य |
|---|---|---|---|---|---|---|
| दिल्ली हाट, आईएनए | विज्ञान भवन | कुंज, नेल्सन मंडेला मार्ग | हथकरघा हाट जनपथ | स्कॉप ऑडिटोरियम सीजीओ कॉम्प्लेक्स | राष्ट्रीय शिल्प संग्रहालय भैरों मार्ग | कुंज, नेल्सन मंडेला मार्ग |
| 1 से 15 दिसंबर, 2025 10:00 पू. - 08:00 रा. | 9 दिसंबर, 2025 11:00 पू. - 12:30 अ. | 8 से 14 दिसंबर, 2025 10:00 पू. - 08:00 रा. | 11 से 17 दिसंबर, 2025 10:00 पू. - 08:00 रा. | 12 दिसंबर, 2025 11:30 पू. - 01:00 अ. | 12 से 21 दिसंबर, 2025 10:00 पू. - 08:00 रा. | 14 दिसंबर, 2025 11:00 पू. - 02:00 अ. |

राष्ट्रीय हस्तशिल्प सप्ताह का उत्सव सम्पूर्ण भारत में जीवंत प्रस्तुति, प्रशिक्षण कार्यक्रमों, प्रदर्शनियों एवं अन्य विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से मनाया जा रहा हैं।

घर - घर स्वदेशी, हर घर स्वदेशी

#vocalforlocal #myhandicraftsmypride

www.handicrafts.nic.in handicraftsdc handicraftsdc dc_handicrafts DC_HandicraftsOfficial

CBC 41103/13/0010/2526

# बिहार में बनेंगे 40 मॉडर्न शवदाह गृह

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** बिहार में मॉडर्न तकनीक से 40 शवदाह गृह बनाए जा रहे हैं। इसमें से 20 शवदाह गृह का निर्माण पूरा हो चुका है। उत्तर बिहार के 12 और दक्षिण बिहार के 8 जिलों में आधुनिक शवदाह गृहों का निर्माण हो चुका है। इन तैयार किए गए 20 शवदाह गृहों के फिनीशिंग का काम अंतिम चरण में है जिसके बाद इन्हें जल्द ही चालू कर दिया जाएगा। ये शवदाह गृह में इलेक्ट्रिकल और पारंपरिक दोनों प्रकार की सुविधा मिलेगी। उत्तर बिहार में 3.65 करोड़ की लागत से सारण, 3.58 करोड़ की लागत से गोपालगंज, 4.6 करोड़ की लागत से किशनगंज, 8.20 करोड़ की लागत से दरभंगा, 8.07 करोड़ों रुपए की लागत से सीवान, 4.25 करोड़ की लागत से अररिया, 3.85 करोड़ रुपए की लागत से कटिहार, 5.97 करोड़ रुपए की लागत से पश्चिम चंपारण, 8.38 करोड़ रुपए की लागत से सहरसा, 1.76 करोड़ रुपए की लागत से समस्तीपुर, 8.91 करोड़ रुपए की लागत से बेगूसराय और 4.69 करोड़ रुपए की लागत से खगड़िया में शवदाह गृह का निर्माण पूरा हो चुका है। दक्षिण बिहार के तहत 89.40 करोड़ रुपए की लागत से पटना में शवदाह गृह बनाया जा रहा है। इसके अलावा जहानाबाद में 7.89 करोड़ रुपए, अरवल में 3.91 करोड़ रुपए, रोहतास में 4.06 करोड़ रुपए, नालंदा में 7.70 करोड़ रुपए, गया में 3.36 करोड़ रुपए, भागलपुर में 9.38 करोड़ रुपए और आरा में 3.77 करोड़ रुपए की लागत से शवदाह गृह का निर्माण हुआ है। पटना का शवदाह बांस घाट में बन रहा है। इसके परिसर में दो तालाब निर्मित किए गए हैं जिनमें गंगा का पानी पाइपलाइन से पहुंचेगा। यहां 'मोक्ष द्वार' और 'बैकुंठ द्वार' बनाया जा रहा है।

## बिहार में 15 दिसंबर के बाद पड़ेगा ठंड का डबल अटैक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार में दिसंबर महीने की शुरुआत से ही ठंड का काफी ज्यादा असर देखने के लिये मिल रहा है। इस बीच मौसम विभाग की तरफ से बड़ी चेतावनी जारी कर दी गई है। मौसम विभाग की माने तो, 15 दिसंबर के बाद बिहार के अलग-अलग जिलों में ठंड का डबल अटैक पड़ सकता है। राज्य में शीतलहर जैसी स्थिति बन सकती है। इसके साथ ही रात का तापमान लगभग 5 डिग्री तक नीचे गिर सकता है। सुबह और शाम के वक्त लोगों को काफी ठंड महसूस हो रही है। इसके साथ ही कोहरे की वजह से विजिबिलिटी कम हो जा रही है। इस वजह से लोगों से सावधानी बरतते हुए गाड़ी चलाने की अपील की गई है। दोपहर की बात करें तो धूप निकलने के बावजूद हवा चलने की वजह से लोगों को कनकनी महसूस हो रही है।

# एनडीए की प्रचंड जीत पर पीपीयू के कुलपति ने मुख्यमंत्री को दी बधाई

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** विधानसभा चुनाव में एनडीए की प्रचंड जीत पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर उपेंद्र प्रसाद सिंह ने बधाई दी। साथ ही कहा कि मुख्यमंत्री की सफल योजनाओं का फल जनता ने अपार समर्थन के साथ दिया है। आगे पांच साल में बिहार में विकास की गति और तेज होगी। कुलपति ने दस बार मुख्यमंत्री बनने पर गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में नाम दर्ज होने के लिए भी बधाई दी। वहीं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि कुलपति साहब आप बेहतर कार्य कर रहे हैं। आगे भी विश्वविद्यालय के एकेडमिक और नवाचार पर विशेष ध्यान केंद्रित कीजिए। विश्वविद्यालय के विकास के लिए हर संभव मदद की जाएगी।



**'आधुनिको भव संस्कृतं वद अभियान' के अंतर्गत डॉ. मिथिलेश कुमारी मिश्र की जयंती पर सम्मान समारोह का आयोजन**

# संस्कृत भारत की सांस्कृतिक पहचान : विजय शंकर दुबे

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**पटना।** बिहार संस्कृत संजीवन समाज, पाटलिपुत्र एवं राजकीय संस्कृत महाविद्यालय, पटना के संयुक्त तत्वावधान में 'आधुनिको भव संस्कृतं वद अभियान' के अंतर्गत डॉ. मिथिलेश कुमारी मिश्र की जयंती पर संस्कृत साधक सम्मान समारोह का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य परामर्शी के रूप में बिहार-झारखंड के पूर्व मुख्य सचिव विजय शंकर दुबे ने कहा कि संस्कृत भारत की सांस्कृतिक पहचान है। उन्होंने डॉ. मिथिलेश कुमारी मिश्र के संस्कृत उन्नयन कार्यों को याद करते हुए कहा कि यह अभियान युवा पीढ़ी में संस्कृत के प्रति नई चेतना जागृत कर रहा है। कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए डॉ. अनिल कुमार सिंह, सदस्य (प्रशासकीय), राज्य लोक सेवा न्यायाधिकरण, उत्तर प्रदेश शासन एवं इस अभियान के प्रधान संरक्षक ने कहा कि संस्कृत को आधुनिक युग की संचार भाषा बनाने का समय आ गया है। यह अभियान संस्कृत को जीवन की भाषा के रूप में पुनर्स्थापित करेगा। डॉ. मिथिलेश कुमारी मिश्र का योगदान इस दिशा में अत्यंत प्रेरणादायक है। मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ संस्कृत प्रचारक एवं अभियान के संरक्षक डॉ. मिथिलेश झा ने कहा कि संस्कृत के बिना भारतीय ज्ञान-परंपरा की कल्पना भी अधूरी है। उन्होंने कहा कि संस्कृत साधकों का सम्मान 'ज्ञान परंपरा के संवर्धन' का संदेश देता है। स्वागताध्यक्ष के रूप में राजकीय संस्कृत महाविद्यालय, काजीपुर, पटना के प्राचार्य प्रो. (डॉ.) मनोज कुमार ने अपने उद्बोधन में कहा कि संस्थान संस्कृत पुनर्जागरण में अग्रणी भूमिका निभाता रहा है। उन्होंने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए समारोह को डॉ. मिथिलेश कुमारी मिश्र की विद्वत्ता को सच्ची श्रद्धांजलि बताया। मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित करते हुए अभियान की राष्ट्रीय संयोजिका एवं गंगा देवी महिला महाविद्यालय, पटना की संस्कृत विभागाध्यक्ष प्रो. रागिनी वर्मा ने कहा कि संस्कृत विज्ञान, दर्शन, आयुर्वेद, गणित सहित सभी ज्ञान-विज्ञान का मूल है। उन्होंने कहा संस्कृत को सरल, सुबोध और व्यावहारिक बनाकर ही नई पीढ़ी तक पहुंचाया जा सकता है। अध्यक्षीय वक्तव्य का संबोधन करते हुए विहार संस्कृत संजीवन समाज, पटना के महासचिव तथा आधुनिको भव संस्कृतं वद अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. मुकेश कुमार ओझा ने कहा कि यह समारोह संस्कृत साधना, समर्पण और सेवा की पहचान है। हम सब मिलकर संस्कृत को घर-घर पहुंचाने का संकल्प लेते हैं। हमारा यह संकल्प ही डॉ. मिथिलेश कुमारी मिश्र के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। कार्यक्रम के दौरान डॉ. मिथिलेश कुमारी मिश्र की जयंती के उपलक्ष्य में 125 से अधिक संस्कृत साधकों, विभिन्न संस्कृत विद्वानों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को 'संस्कृत साधक सम्मान' प्रदान किया गया। समारोह में विचार प्रकट करने वालों में डॉ. अनिल कुमार चौबे (संरक्षक, आधुनिको भव संस्कृतं वद अभियान), डॉ. मिथिलेश कुमार (पूर्व विभागाध्यक्ष, संस्कृत विभाग, गुरु गोविन्द सिंह महाविद्यालय, पटना सिटी), प्रो. (डॉ.) लक्ष्मी नारायण सिंह (संस्कृत विभाग, पटना विश्वविद्यालय), प्रो. रेखा रानी (प्राचार्या, अनुग्रह नारायण महाविद्यालय), समाजसेवी राजेश कुमार उर्फ ललन सिंह, पिन्टू कुमार, सुजाता घोष, उग्र नारायण झा, डॉ. लीना चौहान, डॉ. शशिकांत तिवारी 'शशिधर', डॉ. ज्योत्स्ना, डॉ. नीरा कुमारी, डॉ. विधु बाला, डॉ. महेश केवट, डॉ. अवंतिका कुमारी, डॉ. मधु कुमारी, श्रद्धा कुमारी, नीलाप मिश्र, आयुष नन्दन, डॉ. रागिनी कुमारी, मुरलीधर शुक्ल, विमलेश पाण्डेय, सुषमा कुमारी, डॉ. मिथलेश कुमार, सुधांशु रंजन, सुनील कुमार चौबे, डॉ. एकता वर्मा, शैलेन्द्र कुमार सिन्हा, डॉ. सुशील कुमार, प्रो उमेश शर्मा, प्रो मीनाक्षी प्रसाद, डॉ. अनिल सुलभ, रघुनाथ ओझा, डॉ. मृत्युञ्जय झा, डॉ. अखिलेश तिवारी, डॉ. कौशल कुमार, डॉ. पल्लवी, डॉ. संजय कुमार सिंह आदि अनेक विद्वान एवं समाजसेवी शामिल थे।

# शताब्दी वर्ष पर बिहार चैंबर परिसर में आयोजित हुई 'शाम-ए-मुशायरा'



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** शताब्दी वर्ष के अवसर पर बिहार चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज तथा मंच (सांस्कृतिक संस्था) के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को चैंबर प्रांगण में 'शाम-ए-मुशायरा' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत चैंबर उपाध्यक्ष एन. के. ठाकुर और विशाल टेकरीवाल, कोषाध्यक्ष राजेश जैन, महामंत्री मुकेश कुमार जैन, पूर्व उपाध्यक्ष आशीष शंकर, मंच के प्रतिनिधि अशोक प्रियदर्शी और उमाशंकर प्रसाद वर्मा द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर की गई। कार्यक्रम में साहित्य, कला और सांस्कृतिक धारा को मजबूत करने तथा शताब्दी वर्ष के महत्व को रेखांकित किया गया। आयोजन का उद्देश्य सामाजिक-सांस्कृतिक चेतना और साहित्यिक संवाद को आगे बढ़ाना रहा। उपस्थित श्रोताओं ने देश-प्रेम, सामाजिक सरोकार और मानवीय भावनाओं से ओतप्रोत ग़ज़ल, नज़्म और शेर-ओ-शायरी का भरपूर आनंद लिया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में साहित्यप्रेमी, उद्योग जगत से जुड़े लोग और युवा उपस्थित रहे।

# मारवाड़ी हेल्थ सोसाइटी में विभिन्न बीमारियों की निःशुल्क जांच




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** मारवाड़ी हेल्थ सोसाइटी, रोड नंबर 7, राजेन्द्रनगर, पटना द्वारा आज रविवार सात दिसम्बर को एक दिवसीय निःशुल्क हड्डी एवं अन्य जांच शिविर का आयोजन रविवार 7 दिसम्बर को किया गया। मौके पर मरीजों के हड्डी मजबूती जांच बीएमडी भी हुआ। अध्यक्ष राधेश्याम बंसल ने बताया कि करीब चालीस मरीजों के हड्डी बीमारी की जांच प्रसिद्ध हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ अभिनव द्वारा किया गया। करीब 45 लोगों के हड्डी की बीएमडी जांच अर्जुन जी द्वारा हुई जिसमें 20 मरीजों की हड्डी कमजोर पाई गई।

**भाजपा प्रदेश कार्यालय में मोर्चा पदाधिकारियों की बैठक आयोजित**

# निरंतर बढ़ता जनविश्वास संगठन की शक्ति का सशक्त प्रमाण : डॉ. दिलीप जायसवाल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** बिहार भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यालय स्थित अटल सभागार में दिनभर बैठकों का दौर चलता रहा। इस दौरान जहां सभी प्रकोष्ठों एवं विभागों के प्रदेश पदाधिकारियों की संयुक्त बैठक आयोजित की गई वहीं सभी मोर्चा के पदाधिकारियों की भी अलग से संयुक्त बैठक का आयोजन किया गया। इन दोनों बैठकों में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह बिहार के उद्योग मंत्री डॉ. दिलीप जायसवाल शामिल हुए। सभी प्रकोष्ठों और विभागों की बैठक में संगठनात्मक मजबूती तथा आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विस्तारपूर्वक विचार-विमर्श किया गया। इस दौरान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल ने कहा कि सभी प्रकोष्ठों एवं विभागों के पदाधिकारियों का उत्साह, समर्पण और सक्रिय सहभागिता हमारे संगठन की शक्ति, अनुशासन और निरंतर बढ़ते जनविश्वास का सशक्त प्रमाण है। उन्होंने कहा कि यह जनविश्वास हमारे संगठन की पूंजी है जिसे हमें टूटने नहीं देना है।

इसके बाद भाजपा प्रदेश कार्यालय स्थित अटल सभागार में पार्टी द्वारा सभी मोर्चा के पदाधिकारीगण की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक में संगठनात्मक गतिविधियों, वर्तमान प्रगति और आगामी कार्ययोजनाओं पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में उपस्थित सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने अपने-अपने मोर्चों की स्थिति, चुनौतियों और भविष्य की रणनीतियों पर सारगर्भित सुझाव प्रस्तुत किए। बैठक में आने वाले समय में निर्धारित कार्ययोजनाओं को धरातल पर उतारते हुए संगठन को नई ऊर्जा और गति प्रदान करने का संकल्प दोहराया गया। भाजपा अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल ने कहा कि आज प्रदेश में विधायकों की संख्या के मामले में हम नम्बर एक बन चुके हैं, लेकिन अब हमारी जवाबदेही भी बढ़ गई है। इस कारण अब हमारा उद्देश्य जन समस्याओं को जल्द से जल्द दूर करना चाहिए और यही सरकार की भी प्राथमिकता है। बैठक में भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री भिखू भाई दालसानिया, राज्यसभा सांसद धर्मशीला गुप्ता, पार्टी के प्रदेश महामंत्री राजेश वर्मा, लाजवंती झा, राकेश कुमार सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# ब्राह्मण जोड़ो अभियान 15 जनवरी से : अमरेंद्र कुमार त्रिपाठी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** ब्राह्मण जोड़ो अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमरेंद्र कुमार त्रिपाठी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि 15 जनवरी 2026 से ब्राह्मण जोड़ो अभियान समिति के तत्वावधान में जिला, प्रखंड, पंचायत एवं गांव स्तर तक ब्राह्मणों को जोड़ने के लिए अभियान चलाया जाएगा। अमरेंद्र त्रिपाठी ने कहा कि ब्राह्मणों की बहुत सारी मूलभूत समस्याएं हैं। आज बहुत सारे ब्राह्मण परिवार आर्थिक तंगी का बोझ झेलने के लिए विवश हैं। बहुत से ऐसे परिवार हैं जो गरीबी से जूझ रहे हैं। गरीबी के कारण वह अपने बच्चों को शिक्षा तक नहीं दे पा रहे हैं। आज ब्राह्मणों की स्थिति बदतर होती जा रही है जिसका कारण आपसी तालमेल की कमी और एक जुटता का अभाव है। अमरेंद्र त्रिपाठी ने कहा कि ब्राह्मण जोड़ो अभियान के लिए सभी को आगे बढ़कर एक सूत्र में जोड़ने के लिए काम करना होगा। ब्राह्मणों की समस्या का निदान तभी संभव है जब ब्राह्मण जोड़ो अभियान सफल होगा। हमें विश्वास है कि यह अभियान बिहार ही नहीं देश के लिए भी सकारात्मक ऊर्जा देने वाला अभियान होगा। हमें विश्वास है इस अभियान को निश्चित तौर पर लोगों का अपार समर्थन और प्यार मिलेगा। यह अभियान देश में ब्राह्मण समाज को मुख्य धारा में आने में मिल का पत्थर साबित होगा।

# पीएलएफ के ग्रैंड मुशायरा एवं कवि सम्मेलन ने लोगों का दिल जीता

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** गांधी मैदान में लगे पटना पुस्तक मेले के व्यास मंच पर पटना लिटरेरी फेस्टिवल, पीएलएफ द्वारा आयोजित ग्रैंड मुशायरा और कवि सम्मेलन ने दर्शकों का दिल जीत लिया। पटना पुस्तक मेले में कवि सम्मेलन तो हुआ करता था, पर मुशायरा का आयोजन पहली दफा किया गया था। सज्जाद झंझट, प्रेरणा प्रताप, डॉ. तिश्या श्री, संस्कृति श्री, सावन शुक्ला तथा पवन आगरी जैसे जाने-माने शायर और कवि की शायरी तथा कविताएं लोगों को गुदगुदा रही थीं। लोग आह्लादित होकर शायरी और कविता का मजा लेने में तल्लीन थे। इस मौके पर मुख्य अतिथि नरेंद्र कुमार झा ने पीएलएफ के इस आयोजन की तारीफ की और कहा कि कला, संस्कृति और भाषा को बढ़ावा देने के लिए पीएलएफ 8 वर्षों से काम कर रहा है। इसके लिए मैं पीएलएफ के संस्थापक और सचिव खुर्शीद अहमद को एक बार फिर धन्यवाद देता हूं और आगे भी प्रोग्राम में आयोजन के लिए उन्हें उत्साहित करता हूं। ग्रैंड मुशायरा एवं कवि सम्मेलन में आए अतिथियों का स्वागत करते हुए पीएलएफ के सचिव खुर्शीद अहमद ने कहा कि पीएलएफ ने पटना पुस्तक मेले में 10 साल के बाद इस तरह का आयोजन किया है। पटना पुस्तक मेले में 10 साल बाद मुशायरा का आयोजन किया गया है। उन्होंने कहा कि पुस्तक मेले के संचालक रत्नेश्वर जी और अमित झा ने मुझसे कहा कि आप तो मुशायरा और कवि सम्मेलन का अच्छा आयोजन करते हैं, इसलिए एक प्रोग्राम इस बार आप कराइए। उन्होंने कहा कि पटना पुस्तक मेला से मेरा नाता 35 साल का है और हमने एन.के. झा, अमरेन्द्र झा, भारती भवन के मालिक स्वर्गीय संजीव बोस, किरण प्रकाशन के सत्यनारायण झा, एच.एल. गुलाटी तथा ज्ञान गंगा के ताकेश्वर प्रसाद के साथ मिलकर इसकी शुरुआत में साथ काम किया था। उन्होंने कहा कि पटना पुस्तक मेला एक खूबसूरत पर्व है। यहां किताबें खरीदने के लिए लोग दूर-दूर से आते हैं। किताब और कलम से अच्छा कोई उपहार हो नहीं सकता। पीएलएफ 22 नवम्बर को जयपुर में एलिट नशिष्ट महफिल-3 और 28 नवम्बर को दिल्ली में एलिट नशिष्ट महफिल-4 का आयोजन कर चुका है।

# बिहार में पहली बार दिखा अद्भुत रेड-ब्रेस्टेड पैराकीट यानी मूंछों वाला पैराकीट

संजय कुमार

**पटना।** बिहार में यों तो हर साल प्रवासी पक्षियों का जमावड़ा सर्दी के मौसम में होता रहता है। कई तो ऐसे आते हैं जो पहली बार पक्षी प्रेमियों को दिखायी पड़ते हैं। ऐसे में ही पटना में पहली बार रेड-ब्रेस्टेड पैराकीट यानी मूंछों वाला पैराकीट पक्षी प्रेमियों को देखने और कैमरे में कैद करने का मौका मिला। वैसे समय-समय पर बिहार में हटकर प्रवासी पक्षी दिखते रहे हैं जैसे शाह चकवा, मेर्गेन्सर्स, हरे पंखों वाला टील, बैकाल टील, ग्रेटर फ्लेमिंगो (राजहंस) आदि दिखी। रेड-ब्रेस्टेड पैराकीट को इसकी चोंच के नीचे 'मूंछ' जैसी काली धारी से इसके जैसे दूसरे पक्षियों से आसानी से पहचाना जा सकता है, इसी वजह से इसे मस्टैच्ड पैराकीट भी कहते हैं। इस प्रजाति की दूसरी खास पहचान है इसका एक जैसा ग्रे-ब्लू सिर, माथे से आंख तक पतली लाइन, छाती और ऊपरी पेट सैल्मन पिंक, बीच की पूंछ के ऊपरी हिस्से पर हरे-पीले सिरे के साथ नीला रंग और बाहरी पूंछ के पंख नीले-हरे होते हैं। यह दक्षिण पूर्वी एशिया में पाया जाता है, बिहार में पहली बार दिखा है। एनआईटी पटना परिसर में बर्ड वाचिंग के दौरान रेड-ब्रेस्टेड पैराकीट को पहली बार देखने वाले निशांत रंजन, शोधार्थी, वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय आरा, भोजपुर, विक्रम पाटिल, शोधार्थी एनआईटी पटना और डॉ अनुराग सहाय, सहायक प्राध्यापक, दिग्विजय सिंह और मो. शाहबाज ने प्रवासी पक्षी को अपने कैमरे में कैद किया जिसमें दो नर और दो मादा और उसके घोंसले को देखा।





# मां वैष्णो देवी सेवा समिति ने किया जनप्रतिनिधियों के सम्मान समारोह का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** मां वैष्णो देवी सेवा समिति द्वारा मां ब्लड सेंटर, पटना में एक गरिमामय सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमें पटना क्षेत्र के दो नवनिर्वाचित विधायकों रत्नेश कुशवाहा एवं संजय गुप्ता का हार्दिक सम्मान किया गया। इस अवसर पर 46 से अधिक सामाजिक, धार्मिक एवं सेवा संस्थाओं ने संयुक्त रूप से दोनों विधायकों को सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य तथा क्षेत्र के सर्वांगीण विकास हेतु अपनी शुभकामनाएं व्यक्त कीं। कार्यक्रम में इन संस्थाओं ने विधायकों को सम्मानित किया। मौके पर विधायक रमेश कुशवाहा ने मां वैष्णो देवी सेवा समिति एवं मां ब्लड सेंटर के कार्यों की सराहना की और कहा कि वे अपनी पहली सैलरी के अंश को मां ब्लड सेंटर को देंगे और भविष्य में भी सहयोग करेंगे। मौके पर विधायक संजय गुप्ता ने कहा कि रक्तदान जीवन दान है। मां ब्लड सेंटर को इस कार्य हेतु जो भी जरूरत होगी उसे पूरा करने का प्रयास करूंगा। उन्होंने कहा कि तत्कालीन उपमुख्यमंत्री स्व. सुशील मोदी ने इस ब्लड बैंक की स्थापना में अपना पूर्ण सहयोग दिया था। गुप्ता ने कहा कि उनके कार्यों को हम सभी पूरा करेंगे। कार्यक्रम का मंच संचालन मां वैष्णो देवी सेवा समिति के सदस्य मुकेश हिसारिया ने किया। उन्होंने बताया कि पटना क्षेत्र के अन्य नवनिर्वाचित विधायकों को भी समिति द्वारा सम्मान हेतु आमंत्रित किया गया था, किन्तु अपरिहार्य कारणोंवश वे कार्यक्रम में उपस्थित नहीं हो सके।

# धूमधाम से मना ब्लू बेल्स एकेडमी का 35वां वार्षिकोत्सव



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** ब्लू बेल्स अकेडमी ने अपना 35वां वार्षिकोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया। कार्यक्रम का आयोजन शगुना मोड़, खगौल रोड, दानापुर स्थित विद्यालय के परिसर में किया गया जिसमें स्कूल के सभी बच्चे शामिल हुए। कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत मुख्य अतिथि पटना हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति पुर्णेन्दु सिंह, विशिष्ट अतिथि सीआईडी, बिहार के एडीजी पारस नाथ, मत्स्य पालन विभाग के निदेशक आईएएस अभिषेक रंजन, ओआईसीएल के वरिष्ठ मंडल प्रबंधक (सेवानिवृत) संजय किशोर, स्कूल के निदेशक अमरेन्द्र कुमार, प्राचार्य राजेश कुमार जयसवाल, उप प्राचार्य अभिजित बोस एवं व्यवस्थापक राम निवास सिंह के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर की गई।

# शराबबंदी के बाद बिहार में नशाखोरी का महाविस्फोट : प्रेम कुमार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**पटना।** प्रेम यूथ फाउंडेशन की ओर से सेमिनार का आयोजन एनजीओ हेल्पलाइन पटना के सभागार में किया गया। शराबबंदी के बाद बिहार में नशाखोरी का नया महाविस्फोट- युवा पीढ़ी पर गहराता संकट विषय पर संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता फाउंडेशन के संस्थापक-अध्यक्ष गांधीवादी प्रेम जी ने की जबकि मुख्य वक्ता के रूप में समाजशास्त्री एवं अर्थशास्त्री सीए संजय कुमार झा उपस्थित रहे। सेमिनार में विशेषज्ञों, शिक्षकों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, युवा प्रतिनिधियों और मीडिया ने भाग लिया। सेमिनार का मुख्य सार : बिहार में बढ़ती नशाखोरी की भयावह तस्वीर था। सेमिनार में सीए संजय कुमार झा ने रिपोर्ट के प्रस्तुत की जिसके अनुसार 2016 में शराबबंदी लागू होने के बाद बिहार में एनडीपीएस मामलों में चार गुना वृद्धि देखी गई। स्मैक, ब्राउन शुगर, कोडीन सिरप, नशीली टैबलेट और इंजेक्शन की खपत गांव-कस्बों तक तेजी से फैल चुकी है। 2016 के मुकाबले 2025 में नशीली दवाओं की जब्ती में 300% से 500% तक का इजाफा हुआ है। ड्रग नेटवर्क की सप्लाई पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश, नेपाल और स्थानीय फार्मेसी चैनलों से सक्रिय है।

# रोहतास किले में मना शाहाबाद महोत्सव

## कैमूर पहाड़ी क्षेत्र में आदि मानव के चिह्न सहित कई ऐतिहासिक धरोहरें मौजूद : विकास वैभव

मदन कुमार / नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**सासाराम।** रोहतास किला पर मना शाहाबाद महोत्सव जिसमें कई विधायक, सांसद मंत्री और प्रशासनिक अधिकारी की मौजूदगी में रोहतास किला पर शाहाबाद महोत्सव का वरिष्ठ आईपीएस विकास वैभव, सांसद सुधाकर सिंह, झारखण्ड उच्च न्यायालय के सेवानिवृत न्यायमूर्ति एस के पाठक, सेवानिवृत थल सेनाध्यक्ष के के सिंह, स्थानीय विधायक मुरारी प्रसाद गौतम, स्नेहलता कुशवाहा, श्री भगवान सिंह, राजीव रंजन सिंह उर्फ सोनू सिंह, संयोजक अखिलेश सिंह, संजय पासवान ने दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन करते हुए रोहतास किला की संरक्षा व विकास का संकल्प लिया। शाहाबाद महोत्सव के संयोजक अखिलेश कुमार ने आगत अतिथियों का स्वागत करते कहा कि 2019 में उनके मन में मातृभूमि के लिए कुछ करने का भाव जगा। 2021 से उन्होंने शाहाबाद क्षेत्र के ऐतिहासिक सांस्कृतिक धरोहरों को बचाने का संकल्प लिया और उसे अभियान के रूप में लोगों के बीच जागरूकता अभियान शुरू किया। उनके अभियान के फलस्वरुप कैमूर पहाड़ी के रोहतास किले पर पर्यटकों को लाने के लिए 200 करोड़ से अधिक की योजना स्वीकृत की गई है। रोहतास से रेहल तक सड़क का निर्माण हो चुका है। रेहल से रोहतास किला तक सड़क निर्माण की स्वीकृति मिल चुकी है। निर्माण कार्य अंतिम चरण में है। उन्होंने कहा कि किले के बगल के गणपति मंदिर में पूजा पाठ शुरू कराया गया। मुख्य अतिथि वरिष्ठ आईपीएस विकास वैभव ने कहा कि एसपी के रूप में उनका पदस्थापन 4 अगस्त 2008 को विश्वामित्र की भूमि रोहतास में हुई। इस वक्त रोहतास किला गूगल पर मौजूद नहीं था गूगल पर पाकिस्तान के झेलम नदी किनारे रोहतास किला दिख रहा था। कैमूर पहाड़ी नक्सलियों के कब्जे में था। इसे मुक्त करने की पहल शुरू हुई। उस वक्त यहां स्थानीय लोगों को उनके राजा हरिश्चंद्र से ले वीर महापुरुषों की भूमि और इतिहास से परिचय कराया गया। लोगों ने सहयोग किया। सभी ने मिलकर प्रयास किया जिससे परिवर्तन लोगों के सकारात्मक सोच से हुआ।





उन्होंने कहा कि अब यहां के बनवासी लोग भी शिक्षित साक्षर और साफ-सुथरे समाज में अपनी छवि बनाई है। उन्होंने कहा कि सपना बड़ा है कैमूर पहाड़ी क्षेत्र में आदिमानव के शैल चित्र सहित कई ऐतिहासिक धरोहर मौजूद है। इसे पर्यटक हब के रूप में विकसित कर इको टूरिज्म को बढ़ावा दिया जा सकता है जिसके लिए प्रयास जारी है। जदयू के वरिष्ठ नेता विधायक भगवान सिंह कुशवाहा ने कहा कि राज्य सरकार सभी पर्यटक स्थलों को विकसित करेगी पर्यटक स्थलों के विकसित होने से रोजगार के नए अवसर बढ़ेंगे। उन्होंने कहा कि रोहतास किला तक सड़क निर्माण की स्वीकृति मिल चुकी है और जल्द ही सड़क निर्माण प्रारंभ होने जा रहा है। अमेरिका से आए प्रवासी भारतीय संजय सिंह ने कहा कि विकसित बिहार बनाने की परिकल्पना मूर्त रूप ले रही है। रोहतास किला हमारी संस्कृति धर्म और इतिहास का प्रतीक है के विकास में प्रवासी भारतीय हर संभव सहयोग करने को तैयार है। विधायक स्नेह लता कुशवाहा ने कहा कि उन्हें शाहाबाद महोत्सव में भाग लेने पर गर्व हो रहा है। इस धरोहर की रक्षा और विकास किया जाएगा। पूर्व थल सेना अध्यक्ष कृष्ण कुमार सिंह ने कहा है आने वाले दिनों में यहां पर्यटक स्थल विकसित होगा। उन्होंने राज्य सरकार से रोहतास किला को पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करने की मांग की। सेवानिवृत्त झारखंड उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश न्यायमूर्ति एसएन पाठक ने कहा कि सभी पर तीन कर्ज होता है मातृभूमि माता-पिता और मातृभाषा कर का कर्ज जिसे उतारना सभी के जीवन का धर्म है शाहाबाद किसी के पहचान की मोहताज नहीं है। यहां के लाल ने अपने कर्मों की बदौलत शाहाबाद की पहचान दी है। उन्होंने अफसोस जताया कि किसी ने रोहतास किले की सुध नहीं ली। स्थानीय विधायक मुरारी गौतम ने कहा कि कैमूर पहाड़ी की समस्याओं से वे पूरी तरह अवगत हैं यहां के पर्यटक स्थलों को विकसित किया जा रहा है। साथ ही जनजातीय परिवारों को शुद्ध पेयजल बिजली आपूर्ति की व्यवस्था की जा रही है। उनके रोजगार के भी अवसर पर काम किया जा रहा है। लघु सिंचाई मंत्री संतोष सुमन व विधायक राजीव रंजन उर्फ सोनू सिंह, पदमश्री भीम सिंह भावेश, बिहार पुलिस एसोसिएशन के अध्यक्ष मृत्युंजय कुमार सिंह ने कहा कि राज्य सरकार पर्यटन उद्योग को बढ़ावा देने के लिए कार्य कर रही है। रोहतास के पर्यटक स्थलों को विकसित किया जाएगा ताकि ज्यादा से ज्यादा पर्यटक यहां पहुंचे। पर्यटन उद्योग के बढ़ने से स्थानीय लोगों को रोजगार भी मिलेंगे। शाहाबाद महोत्सव के सहयोगी संजय पासवान ने आगत अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापित किया और उम्मीद जताई उनका प्रेम और स्नेह से यह क्षेत्र पर्यटन के क्षेत्र में राज्य में अग्रणी बनेगा। मौके पर डिहरी बस्तीपुर आरएसके पब्लिक स्कूल के बच्चों ने गणेश वंदना, छठव्रतियों और कैमूर पहाड़ी के जनजातीय ने उरांव नृत्य और गोंड नृत्य कर लोगों का काफी मनोरंजन किया। इस मौके पर अतिथियों ने शाहाबाद महोत्सव पर प्रकाशित स्मारिका का लोकार्पण किया। महोत्सव के संयोजक अखिलेश कुमार ने अतिथियों को रोहतास किला का प्रतीक चिन्ह अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। कैमूर पहाड़ी स्थित ऐतिहासिक धरोहरों को पर्यटक हब में विकसित कर रोजगार के अपार सम्भवनाओं पर काम करने की जरूरत है। कार्यक्रम का संचालन शंकर कैमूरी ने किया। इस मौके पर जीएम अंसारी, आरएसके पब्लिक स्कूल के निदेशक आनंद सिंह, पूर्व मुखिया कृष्ण सिंह, सुग्रीव खरवार, कश्मीर पासवान, अरविंद कुमार, प्रशांत सिंह, रंजन सिंह, मैंकू राम, कपिल कुशवाहा, वरिष्ठ अधिवक्ता बैरिस्टर सिंह, लालू चौधरी, रामअवतार राय, बनारसी कुशवाहा, तुषार चंद्रवंशी, रेल नेता बीरेन्द्र पासवान, अश्विनी सिंह, प्रमोद महतो सहित काफी संख्या में गणमान्य लोग तथा किले के लोग उपस्थित थे।

## जमीन मामले में प्रधानाध्यापिका से धोखाधड़ी, सात पर प्राथमिकी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अकोढ़ीगोला।** जमीन बेचने के नाम पर पैसा लेकर टाल मटोल करने के बाद जब पैसा लेने पहुंची महिला तो जमीन माफियाओं ने उसके साथ मारपीट की। जान से मारने की धमकी जमीन माफिया द्वारा देनेवाले बाद भुक्तभोगी महिला ने सात लोगों पर प्राथमिकी करायी है। भुक्तभोगी महिला ने पुलिस को दिए आवेदन में बताया कि वह कैमूर जिले के रसूलपुर कर्मदिहारी की रहने वाली है। अभी वे कैमूर जिले के बघिनी में प्रधानाध्यापक के पद पर कार्यरत है। उन्होंने अकोढ़ी गोला के मूसायी टोला निवासी दिनेश पासी से दो कट्ठा जमीन खरीदने के नाम पर सत्रह लाख तैंतीस हजार पांच सौ सत्तर रुपये पे फोन के माध्यम से दे चुकी हूं जब हम जमीन की रजिस्ट्री के बारे में कहा तो वे लोग टाल मटोल करने लगे। शनिवार की शाम जब वह मुसायी टोला उनके घर गई तो घर वाले उनके साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी देकर भगा दिया। उन्होंने मोहनियां निवासी मोहन यादव, रेणु देवी मुसयी टोला निवासी दिनेश राम, करण कुमार, अर्जुन कुमार, चिंता देवी व सिंध सिंह पर जमीन बेचने के नाम पर पैसा लेकर धोखाधड़ी करने व जान से मारने को लेकर प्राथमिकी करायी है। इस संबंध में थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार ने बताया कि महिला के आवेदन के आधार पर सात लोगों पर प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

## अभियान चलाकर करें लंबित कांडों के अभियुक्तों की गिरफ्तारी : एसपी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**भभुआ।** समाहरणालय स्थित पुलिस कार्यालय में पुलिस पदाधिकारियों के साथ एसपी हरिमोहन शुक्ल ने क्राइम मीटिंग की। अपराध निवारण गोष्ठी के दौरान नवंबर महीने में प्रतिवेदित कांडों के कारण व अनुसंधान के प्रगति की समीक्षा की। एसपी ने इस माह भी अधिक से अधिक कांडों को प्रतिवेदित करने का निर्देश अफसरों को दिया है। अपराध गोष्ठी में एसपी ने थानाध्यक्षों और पुलिस अफसरों को विशेष अभियान चलाकर लंबित कांडों के अभियुक्तों को गिरफ्तार करने का निर्देश दिया है। एसपी ने अनुसंधान में लंबित विशेष-अविशेष कांडों के लंबित व निष्पादन की स्थिति की समीक्षा की और सभी थानेदारों को विगत माह के निष्पादित कांडों में शत प्रतिशत फाइनल केस डिस्पोजल और फाइनल फॉर्म सब्मिट करने के कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया।

## जदयू राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष ने कैमूर जिलाध्यक्ष अजय पटेल को किया सम्मानित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**भभुआ (कैमूर)।** बिहार विधानसभा चुनाव में मिली शानदार सफलता का श्रेय जदयू ने अपने जमीनी कार्यकर्ताओं को दिया जो पटना स्थित जदयू कार्यालय में पार्टी ने एक भव्य सामान समारोह आयोजित किया जहां कैमूर जिलाध्यक्ष अजय कुमार पटेल को बिहार विधानसभा 2025 चुनाव में कैमूर में शानदार प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। गौरतलब है कि कैमूर के चार विधानसभा सीटों में जदयू ने चैनपुर विधान सभा में पहली बार चुनाव लड़ा और पहली ही बार अपना परचम लहराते हुए अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री जमा खां को जीत दिलाई। बिहार विधानसभा 2025 चुनाव में गांव-गांव बूथ-बूथ तक पहुंच कर वोटरों को जोड़ने और पार्टी के नीतियों को घर-घर पहुंचने वाले सैकड़ों कार्यकर्ताओं को पार्टी के नेतृत्व में सम्मानित किया गया। जेडीयू की ओर से आयोजित इस समारोह का मुख्य उद्देश्य है-उन कार्यकर्ताओं तक आभार प्रकट करना जिन्होंने दिन-रात मेहनत कर पार्टी को प्रचंड जीत दिलाई। पार्टी ने घोषणा की है कि जिन कार्यकर्ताओं ने बूथ स्तर पर मजबूत पकड़ बनाए रखी, जनता के बीच पार्टी की योजनाओं और कार्यों को प्रभावी तरीके से पहुंचाया उन्हें मंच पर सम्मानित करना। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ-साथ कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय झा, प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा और पार्टी के कई वरिष्ठ नेता शामिल रहे।



## जमीन विवाद में भाई की पीट-पीट कर हत्या, तनाव बढ़ा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**भभुआ।** कैमूर जिले के रामगढ़ थाना क्षेत्र स्थित सदुल्लहपुर गांव में रविवार को जमीन विवाद खूनी संघर्ष में बदल गया जिसमें एक भाई की लाठी-डंडे से पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। मृतक तारकेश्वर बिंद और आरोपी हीरामन बिंद भाई बताए जाते हैं। दोनों के बीच वर्षों से भूमि को लेकर विवाद चल रहा था जिस पर धारा 144 भी लागू थी और मामला एसडीएम कोर्ट मोहनियां में विचाराधीन था। रविवार को हीरामन बिंद अपने साथ बाहर से 5 से 6 की संख्या में हथियारबंद लोगों को लेकर खेत पर पहुंचा और जबरन धान कटनी कराने लगा। मृतक के पुत्र विनोद कुमार ने बताया कि उनके पिता तारकेश्वर बिंद जब इसका विरोध करने गए तो आरोपियों ने लाठी-डंडे और हथियार से उन पर हमला कर दिया। हमले में तारकेश्वर की मौके पर ही मौत हो गई जबकि चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए जिनका इलाज रेफरल अस्पताल रामगढ़ में चल रहा है। घटना की सूचना मिलते ही मोहनियां डीएसपी प्रदीप कुमार और रामगढ़ थानाध्यक्ष दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक सभी आरोपी फरार हो चुके थे। डीएसपी प्रदीप कुमार ने बताया कि प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हमलावरों ने लाठी-डंडे से ही हत्या की है। मृतक पक्ष ने 10 लोगों के विरुद्ध नामजद प्राथमिकी दर्ज कराने के लिए आवेदन दिया है। पुलिस लगातार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है। गांव में तनाव का माहौल बना हुआ है और पुलिस सुरक्षा बढ़ा दी गई है। यह घटना प्रशासनिक प्रतिबंधों के बावजूद जारी भूमि विवादों की गंभीरता को फिर सामने ला रही है।

## जन सुराज अनुमंडल कार्यालय में साप्ताहिक समीक्षा बैठक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** जन सुराज अनुमंडल कार्यालय में कार्यकारी पदाधिकारियों की महत्वपूर्ण सुरक्षा व चुनावी समीक्षा बैठक जिला संगठन महामंत्री डिहरी आर के सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में चुनावी समीकरणों की गहन समीक्षा की गई तथा विभिन्न स्तरों पर पाई गई खामियों को दूर करने हेतु विस्तृत सुझाव दिए गए और आगे की रणनीति बनाई गई। बैठक के दौरान यहां के क्षेत्रीय सिस्टम द्वारा पैक्सों की लापरवाही पर गंभीर चिंता व्यक्त की गई। किसान और मजदूरों का अत्यधिक शोषण किया जा रहा है तथा धान खरीद में पैक्स स्तर पर भारी अनियमितताएं सामने आ रही हैं। इन समस्याओं के विरोध में प्रभावी और संगठित कार्रवाई करने पर सभी पदाधिकारियों ने सहमति जताई। सभी साथियों ने एक स्वर में किसानों की समस्याओं को मजबूती से उठाने का संकल्प लिया। अंत में धन्यवाद ज्ञापन के साथ सभा का समापन किया गया। इस मौके पर श्रीकांत तिवारी, अतेंद्र सिंह, अशोक भारती, डिहरी विधानसभा प्रत्याशी प्रदीप सिंह, चंद्रवंशी, सासाराम प्रत्याशी विनय सिह, प्रियंका सिंह, रतना सिन्हा, विजय कुमार गुप्ता, विजय शंकर तिवारी, रामेश्वर मिश्र, नोखा विधानसभा प्रत्याशी बलजीत यादव, जिला प्रवक्ता विनोद तिवारी आदि उपस्थित थे।




## सामाजिक सद्भाव को लेकर बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**तिलौथू।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में तिलौथू प्रखंड स्तरीय सामाजिक सद्भाव बैठक का भव्य आयोजन किया गया। चंदन कुमार के संयोजकत्व में यह बैठक सरस्वती विद्या मंदिर तिलौथू के विशाल कक्ष में आयोजित हुई जिसमें प्रखंड के विभिन्न गांवों से समाजसेवा में सक्रिय व्यक्तियों को आमंत्रित किया गया था। कुल 3 महिलाएं एवं 14 पुरुष बैठक में शामिल हुए। सभी प्रतिभागियों ने अपने-अपने सामाजिक कार्यों एवं अनुभवों को साझा किया। बैठक के मुख्य अतिथि गणेश पाण्डेय, विभाग संघचालक, रोहतास विभाग ने उपस्थित जनों का मार्गदर्शन करते हुए समाजहित में सतत कार्य करने का आह्वान किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में वैभव कुमार, अभिषेक सिंह, चितरंजन मिश्र तथा विकास कुमार मिश्र का विशेष योगदान रहा। प्रखंड संघ चालक तिलौथू जंगलेश प्रसाद चौरसिया ने सभी उपस्थित जनों के प्रति आभार व्यक्त किया। बैठक में प्रमुख रूप से पंचम लठौर (सरैया), विजय डोम (चंदनपुरा), अर्चना पाटेश्वरी (महाराजगंज), मिथलेश विश्वकर्मा (चंदनपुरा), प्रकाश यादव (सेवही), प्रभावती देवी (बाबूगंज), पुष्पा देवी (मिर्जापुर), अजय प्रजापति (सरैया) सहित कई समाजसेवी उपस्थित रहे। अंत में शांति पाठ के साथ बैठक हर्षोल्लास एवं सौहार्द के वातावरण में सम्पन्न हुई।

## प्रेम शंकर दास जी महाराज के सानिध्य में महायज्ञ की तैयारी को लेकर बैठक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी/तिलौथू।** पंचायत चंदनपुर में आगामी लक्ष्मी नारायण महायज्ञ की तैयारी को लेकर भव्य बैठक का आयोजन किया गया जिसमें श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर श्री प्रेम शंकर दास जी महाराज का दिव्य सान्निध्य प्राप्त हुआ। उनके आगमन से पूरा स्थल भक्तिमय माहौल में परिवर्तित हो गया। बैठक की शुरुआत कार्यक्रम के संचालक बिंदेश्वरी दुबे के मंगलमय संबोधन से हुई। इस दौरान जंगलेश प्रसाद चौरसिया ने यज्ञ की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यज्ञ से पर्यावरण की शुद्धि होती है और समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। आगामी मार्च माह में निर्धारित तिथि के अनुसार भव्य महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा जिसके सफल संचालन हेतु प्रखंड क्षेत्र के सम्मानित जनप्रतिनिधि, बुद्धिजीवी एवं ग्रामीण नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। समाजसेवी व पत्रकार सत्यानंद कुमार ने भी महाराज श्री का आशीर्वाद ग्रहण किया। महाराज श्री ने उन्हें यज्ञ से जुड़े कई महत्वपूर्ण दायित्व की जानकारी दी। बैठक में उपस्थित समस्त ग्रामीण जनता ने एक स्वर में महायज्ञ को सफल बनाने का संकल्प लिया और पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।



## रामगढ़ में अतिक्रमण हटाओ अभियान के दौरान इओ ने 13490 रुपये जुर्माना वसूला

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रामगढ़।** नगर पंचायत के इओ राहुल कुमार व अंचल की रश्मि कुमारी ने पुलिस प्रशासन के साथ बाजार की मुख्य सड़क पर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाकर 13,490 रुपये का जुर्माना वसूला। इस दौरान पदाधिकारियों ने बाजार के दुर्गा चौक से 100 मीटर परिधि में सड़क की दोनों तरफ फल लगे ठेले, सड़क पर लगी सब्जी की दुकान के साथ मार्केट कॉम्पलेक्स के दुकानदारों के किये गये अतिक्रमण और सामान को हटाया। अभियान के दौरान नगर पंचायत के कर्मियों ने वेंडर जोन में लगे अवैध दुकानों को जुर्माने की रसीद थमाते हुए आगे से पकड़े जाने पर कठोर कार्रवाई की बात कही। नगर पंचायत के इओ ने कहा अभी छोटे जुर्माने राशि के साथ वेंडर जोन में लगने वाली दुकानों के दुकानदारों को चेतावनी दी जा रही है कि वह दुर्गा चौक के 100 मीटर परिधि में अपनी दुकानें न लगायें। साथ ही मार्केट कांप्लेक्स के दुकानदारों को अपनी दुकान के आगे किये अतिक्रमण को मुक्त करने का निर्देश दिया गया है। यह अभियान बाजार में निरंतर चलाया जायेगा। बताते चलें कि वर्षों से बाजार की मुख्य सड़क पर अतिक्रमण होने के कारण बाजार का दुर्गा चौक, आंबेडकर चौक के साथ बैंक ऑफ इंडिया तक प्रत्येक दिन जाम की समस्या झेलते हैं। प्रशासन के सामने सबसे बड़ी चुनौती प्रखंड गेट के सामने व कार्यालय के पीछे से बालिका विद्यापीठ व कस्तूरबा विद्यालय गयी मुख्य सड़क पर वर्षों से डेरा जमाये लोगों के हटाने की होगी। अतिक्रमण के कारण उक्त पथ से लोगों ने गुजरना बंद कर दिया है।

## शहर में बेखौफ चल रहा मुख्य सड़क के किनारे ईंट, बालू व गिट्टी का कारोबार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**भभुआ।** शहर में इन दिनों कोर्ट के आदेश पर सख्ती के साथ अतिक्रमण हटाया जा रहा है। खासकर एकता चौक से लेकर पटेल चौक और मोहनियां रोड में अतिक्रमण पर सख्ती की गयी है। लेकिन, शहरी क्षेत्र के कुछ हिस्से ऐसे हैं जहां प्रशासन के अतिक्रमण हटाने और कार्रवाई करने में विफल रहने की वजह से मनमानी चरम पर है। शहर के कैमूर स्तंभ, कुदरा बाइपास रोड और सांस्कृतिक, सामाजिक और प्रशासनिक गतिविधियों का मुख्य केंद्र लिच्छवी भवन के समीप मुख्य सड़क के किनारे ही प्रशासन से बेखौफ ईंट, बालू और गिट्टी की मंडी चल रही हैं तो कहीं सड़क के अगल- बगल पड़े नगरपालिका की खाली जमीन पर जेनरेटर, बोर्ड आदि रख रहे हैं व स्थायी रूप से वाहन भी खड़ी कर रहे हैं। वहीं शहर के लिच्छवी भवन, राजेंद्र सरोवर और सोनहन कुदरा बाइपास सड़क पर प्रतिदिन खड़े रहने वाले ईंट लदे ट्रैक्टरों व ट्रक से हर वक्त दुर्घटना का डर बना रह रहा है। सबसे चौकाने वाली बात यह है कि कुछ ट्रैक्टर ट्रॉली बिना परिवहन विभाग में रजिस्ट्रेशन कराये चल रहे हैं, लेकिन न तो इनकी कभी जांच होती है और न ही इन पर परिवहन विभाग की ओर से ही कोई कार्रवाई की जा रही है। इतना ही नहीं इसके लिए शहर में नो इंट्री का भी कोई मतलब नहीं है। ईंट, बालू और ओवरलोड गिट्टी लदे ट्रैक्टर-ट्रॉली शहर में कहीं भी किसी भी समय चलते दिखाई दे देंगे। कुदरा बाइपास रोड में तो स्थिति यह हो चली है कि सड़क किनारे ही बालू गिट्टी और ईंट के चल रहे कारोबार से लोगों का आना जाना दुश्वार हो गया है। बिल्डिंग मेटेरियल रखे होने के चलते और उनसे उड़ते धूल से प्रदूषण का लेबल भी उच्च स्तर पर पहुंच जा रहा है। परिवहन विभाग में दर्ज आंकड़ों के मुताबिक कागजों में ये ट्रैक्टर-ट्रॉली कृषि कार्य के लिए हैं। लेकिन, इनका ज्यादातर इस्तेमाल सड़कों पर बिल्डिंग मेटेरियल जैसे मिट्टी, ईंट, गिट्टी, बालू और सीमेंट व सरिया ढोने में किया जा रहा है। वहीं अधिकांश ट्रैक्टर-ट्रॉली बिना रजिस्ट्रेशन के ही चल रहे हैं। ईंट, बालू और गिट्टी से ओवरलोड भरे इन ट्रैक्टर-ट्रॉलियों के चलने के कारण पूरे शहर में अराजकता की स्थिति बनी रह रही है, लेकिन इस पर प्रशासन का तनिक भी ध्यान नहीं है। प्रशासन की कमजोरी और लापरवाही से लोग भी मजबूर हैं।पूर्व में अनुमंडल कार्यालय ने इस मामले में सख्ती बरतते हुए सोनहन बाइपास रोड में खड़े ट्रैक्टर चालकों को सड़क से हटने का आदेश दिया था और उन्हें लिच्छवी भवन के समीप खड़ी करने की जगह दी थी, लेकिन उक्त खाली जमीन पर सरकारी भवनों का निर्माण हो जाने से पुनः ईंट लदे ट्रैक्टर भभुआ-मोहनियां मुख्य सड़क के किनारे खड़े होने लगे हैं जिसके चलते कैमूर स्तंभ से समाहरणालय तक के मुख्य मार्ग पर दुर्घटना होने की आशंका बनी रह रही है, तो उधर कुदरा बाइपास रोड में भी कुछ इसी प्रकार की स्थिति है। शहर में अतिक्रमण पर चल रहे सख्त कार्रवाई की कमान थामे नगर पर्षद इओ संजय उपाध्याय ने बताया कि कैमूर स्तंभ तक अतिक्रमण हटाया जा रहा है। सोमवार से कैमूर स्तंभ से लेकर अखलासपुर बस स्टैंड तक अवैध और स्थायी अतिक्रमण पर कार्रवाई की जायेगी और स्थायी अतिक्रमण करने पर जुर्माना भी वसूलने का आदेश दिया गया है। इओ ने बताया कि यह अभियान फिलहाल लगातार चलेगा और अतिक्रमण करने पर सख्त कार्रवाई की जायेगी, इसलिए वैसे दुकानदार जिन्हें वेंडर जोन में जगह की जरूरत है, वह नगर पर्षद में दस्तावेज के साथ आवेदन कर सकते हैं।



# पांच हजार बीपीएल परिवारों को मिली कीटनाशक मच्छरदानी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** बिहार सरकार के मंत्री श्रवण कुमार एवं नालंदा के सांसद कौशलेंद्र कुमार की अनुशंसा पर राजगीर प्रखंड में डेंगू एवं मलेरिया से बचाव के लिए एक व्यापक जनहित कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत 5050 बीपीएल परिवारों के बीच निःशुल्क कीटनाशक मच्छरदानी का वितरण किया गया। कार्यक्रम का आयोजन राजगीर प्रखंड के राजगीर सेंट्रल स्कूल, बरहारी गांव परिसर में सोशियो इकोनॉमिक रिसर्च इंस्टिट्यूट (सेरी) एवं इंजीनियर राजेश कुमार के तत्वाधान में किया गया। यह कार्यक्रम कॉनकॉर (कंटेनर कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड) के सीएसआर पहल के तहत आयोजित हुआ।




कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन बिहार सरकार के मंत्री श्रवण कुमार एवं सांसद कौशलेंद्र कुमार द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। मौके पर उपस्थित लोगों को डेंगू और मलेरिया जैसी घातक बीमारियों से बचाव के उपायों की जानकारी दी गई तथा मच्छरदानी के सही उपयोग के बारे में भी विस्तार से जागरूक किया गया।

इस अवसर पर सरकार द्वारा स्वीकृत तथा स्वास्थ्य मंत्रालय एवं डब्ल्यूएचओ द्वारा अनुमोदित कीटनाशक मच्छरदानी हजारों जरूरतमंद परिवारों में वितरित की गई। कार्यक्रम में हजारों की संख्या में ग्रामीणों की भागीदारी देखने को मिली, जिससे यह स्वास्थ्य जागरूकता अभियान बेहद सफल रहा।

## जेपी सेनानी के बन्द पड़े घर से लाखों की चोरी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कौआकोल।** कौआकोल थाना क्षेत्र के जोगाचक गांव में जेपी सेनानी कपिलदेव मिस्त्री के बन्द पड़े घर का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने शनिवार-रविवार की रात्रि लाखों रुपये मूल्य की जेवरात, नकदी आदि सामानों की चोरी कर लिया। बताया जाता है कि गृहस्वामी श्राद्ध कार्यक्रम में शामिल होने कुर्था (अरवल) गए हुए थे। इस बीच अज्ञात चोरों ने घर के दरवाजा में लगे ताला तोड़कर आराम से अंदर प्रवेश कर गए। एवं गोदरेज का ताला खोलकर नकदी,जेवरात आदि की चोरी कर लिया। स्थानीय लोगों द्वारा घटना की सूचना रविवार को गृहस्वामी को दी गई। जिसके बाद गृह स्वामी ने इसकी सूचना कौआकोल पुलिस को दी। समाचार प्रेषण तक घटना को लेकर कौआकोल थाना में लिखित आवेदन नहीं दिया गया है। वहीं घटना की सूचना के बाद पुलिस मामले की तहकीकात में जुट गई है। पुलिस के अनुसार डॉग स्क्वॉयड को टीम बुलाई जा रही है। वहीं पकरीबरावां एसडीपीओ राकेश कुमार भाष्कर भी घटना पर पैनी नजर रखते हुए अपने स्तर से कार्रवाई में लगे हुए हैं।

# गैरमजरूआ जमीन को अतिक्रमण से मुक्त कराने की विधायक से अपील

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** रविवार को सदर विधायक विभा देवी के आवास पर सैकड़ों युवा छात्रों ने खेल मैदान के रूप में इस्तेमाल किए जाने वाले लगभग 32 बीघा गैरमजरूआ जमीन को निजी कब्जे से मुक्त कराने की मांग की। विधायक विभा देवी से न्याय की गुहार लगाते हुए घंघौली, सोहजाना, चुटकियां बिगहा, जैसीन बिगहा, गोंदापुर, खरीदी बिगहा जैसे कई गांवों के युवाओं ने बताया कि सदर प्रखंड के भगवानपुर पंचायत अंतर्गत कथित कुंती नगर में लगभग 32 बीघा के सरकारी जमीन पर मॉडर्न स्कूल के निदेशक के द्वारा कब्जा कर लिया गया है और हमलोगों को उस जमीन पर खेलने कूदने से मना किया जा रहा है। इनलोगों ने बताया कि आसपास के दर्जनों गांव के छात्र यहां डिफेंस, बिहार पुलिस, आर्मी, रेलवे, सीआरपीएफ, बीएसएफ जैसी नौकरियों के लिए फिजिकल की तैयारी करते हैं और दौड़ लगाने अथवा खेल कूद करने आते हैं किंतु



मॉडर्न स्कूल के संचालक द्वारा पूरी जमीन पर अवैध कब्जा किया जा रहा है और हमलोगों को फिजिकल तैयारी से रोका जा रहा है। विधायक विभा देवी ने इन युवाओं की शिकायतों का संज्ञान लेते हुए तत्काल अंचलाधिकारी को कॉल किया और वस्तुस्थिति की जानकारी लेते हुए सरकारी जमीन को कब्जे से मुक्त कराने का निर्देश दिया। उन्होंने इस संबंध में जिलाधिकारी समेत अन्य वरीय अधिकारियों से बात करने का आश्वासन भी दिया और इस सरकारी जमीन का उपयोग बेरोजगार युवकों के लिए कराने की बात कही। विदित हो कि विधानसभा चुनाव के दौरान माननीय प्रधानमंत्री का आगमन इसी जमीन पर हुआ था जिसका खाता नंबर 194 और प्लॉट नंबर 2739 बताया जाता है। इस जमीन का कुल रकबा 25 एकड़ से अधिक है जिसका उपयोग खेल मैदान के रूप में होता रहा है। खास कर दलित और महादलित वर्ग के बच्चों के भविष्य के लिए, इस जमीन को किसी भी निजी कब्जे से मुक्त रखना आवश्यक है। इस संबंध में ग्रामीणों ने बताया कि लगभग 40 वर्षों से इस जमीन का उपयोग युवा लोग खेल कूद के मैदान के रूप में करते आ रहे हैं किंतु अब इस जमीन की कब्जा करने की नियत से बच्चे को रोका जा रहा है।

# युवक की चाकू गोदकर निर्मम हत्या

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** नवादा में युवक को चाकू से गोदकर निर्मम हत्या कर दी गयी है। शनिवार की रात्रि लगभग 8 बजे नवादा शहर ने गोनावां स्थित मजार के समीप यह घटना हुई है। मृतक की पहचान बबलू सिंह के 26 वर्षीय पुत्र प्रशांत राज उर्फ विपुल के रूप में हुई है। घटना के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गयी। घटना के बाद बड़ी संख्या में पुलिस घटना स्थल की ओर रवाना हुई।

सदर एसडीपीओ हुलास कुमार सदर अस्पताल पहुंचकर तहकीकात करते हुए जरूरी जानकारी इकट्ठा की। हत्या किसने की और इसके पीछे क्या कारण है, इसका अभी तक पता नही चल सका है। मृतक अपने तीन दोस्तों के साथ घर जा रहा था। सभी



अपने- अपने घर जा ही रहे थे, इतने में गोनावां मजार के समीप युवकों ने उसपर हमला बोल दिया।जानकारी के अनुसार, प्रशांत कुमार पटना में रहकर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहा था। वह शुक्रवार को अपने दोस्त की शादी समारोह में शामिल होने और अपना जन्मदिन मनाने नवादा आया था। उसके दोस्त रोशन कुमार ने बताया कि अपराधियों ने उसे मजार के पास घेर लिया और बेरहमी से मारपीट करने के बाद चाकू मारकर उसकी हत्या कर दी। मुहल्ले में लोगों ने हो हल्ला की आवाज भी सुनी मगर अंधेरे का फायदा उठाकर अपराधी मौके से फरार हो गए। पुलिस ने बताया कि फिलहाल पुलिस शव को पोस्टमार्टम कराने अस्पताल भेज दिया है। एफएसएल की टीम बुलाकर जांच की प्रक्रिया चल रही है। परिजन के शिकायत के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। इधर युवक की मौत के बाद परिजनों का रो- रोकर बुरा हाल है।

## पूर्व राज्यमंत्री आदित्य सिंह की 94 वर्षीय पत्नी शारदा देवी का निधन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** पूर्व पशुपालन राज्यमंत्री आदित्य सिंह की 94 वर्षीय पत्नी शारदा देवी का निधन शनिवार की रात्रि हो गया है। रविवार को उनके नरहट स्थित आवास से निकली अर्थी के पीछे लोगों का सैलाब उमड़ पड़ा। शारदा देवी के निधन की खबर सुनकर स्थानीय लोगों में शोक की लहर फैल गई है। वे अपने पीछे तीन पुत्र और दो पुत्री का भरापूरा परिवार छोड़ गयी। उनकी बड़ी बहू नीतू सिंह हिसुआ विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस का विधायिका रही हैं, वहीं दूसरी बहू आभा देवी भी जिला परिषद रह चूंकि है। इनके निधन के बाद हिसुआ विधानसभा क्षेत्र समेत नवादा में शोक है।

# राजगीर में सफाई कर्मियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल चौथे दिन भी जारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** राजगीर नगर परिषद क्षेत्र में सफाई कर्मियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल रविवार को चौथे दिन भी जारी रही। विभिन्न मांगों को लेकर सफाईकर्मी लगातार धरना-प्रदर्शन पर डटे हुए हैं, जिससे शहर की सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है और जगह-जगह कचरे के ढेर लग गए हैं। हड़ताल के चलते शहर के प्रमुख चौक-चौराहों और मोहल्लों में गंदगी का अंबार लग गया है। नालियों की सफाई नहीं होने से बदबू और बीमारियों का खतरा बढ़ गया है, जिससे आम नागरिकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। रविवार को आयोजित एक महत्वपूर्ण बैठक में सभी सफाई कर्मियों ने एकजुट होकर आंदोलन



को और तेज करने का फैसला लिया। इस दौरान नगर परिषद प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई और मांगों के शीघ्र समाधान की मांग उठाई गई। बैठक में यह तय किया गया कि आंदोलन अब केवल धरना-प्रदर्शन तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि आगे रणनीति के तहत सभी सफाईकर्मी सड़कों पर उतरकर विरोध प्रदर्शन करेंगे। बिहार राज्य स्थानीय निकाय कर्मचारी महासंघ के अध्यक्ष बादल कुमार ने कहा कि सफाई कर्मियों की सभी मांगें जायज हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि संबंधित विभागीय अधिकारी, कार्यपालक पदाधिकारी एवं सफाई एजेंसी के संवेदक को नहीं हटाया गया तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा। आंदोलन में शामिल कई महिला सफाई कर्मियों ने कमीशनखोरी का गंभीर आरोप भी लगाया। कर्मियों का कहना है कि उन्हें लंबे समय से वेतन वृद्धि, स्थायी नियुक्ति और बेहतर कार्य परिस्थितियों की मांग करते हुए अनस आंदोलन में शामिल प्रमुख कर्मियों में राजू कुमार, रविशंकर कुमार, मंतोष कुमार, पंकज कुमार, शिव शंकर कुमार, आनंद कुमार, रंजीत कुमार, मुन्ना राजवंशी, राजा कुमार, मंटू कुमार, अजय कुमार, अजीत कुमार, गौरव कुमार, ममता कुमारी, प्रीति कुमारी, अंजनी कुमारी सहित अन्य शामिल हैं।

सफाई कर्मियों का कहना है कि जब तक उनकी मांगों पर ठोस कार्रवाई नहीं होती, तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा।

# वरिष्ठ नागरिकों के अधिकार पर विधिक जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवादा।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार, नई दिल्ली एवं बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, पटना के निर्देश के आलोक में विद्वान प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा शिल्पी सोनीराज के मार्गदर्शन तथा सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा धीरेन्द्र कुमार पाण्डेय के निर्देशन में जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा द्वारा आज दिनांक 7 दिसंबर 2025 को प्रातः 11:00 बजे नरहट प्रखंड के जमुआरा ग्राम पंचायत के सामुदायिक भवन में नालसा के अंतर्गत वरिष्ठ नागरिकों के अधिकार पर विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा के डिप्टी चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल मो० साजिद अयुब खान तथा पी.एल.वी. निरंजन कुमार द्वारा नरहट प्रखंड के जमुआरा पंचायत के आमजन, वरीय नागरिकों एवं अन्य प्रतिष्ठित व्यक्तियों की उपस्थिति में किया गया।

अपने संबोधन में डिफेंस काउंसिल सदस्य मो० साजिद अयुब खान ने कहा कि वर्तमान समय में आमजन को विभिन्न कानूनी प्रावधानों की जानकारी उपलब्ध कराए जाने हेतु लगातार विधिक जागरूकता शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। कानून की जानकारी के अभाव में लोगों को कई प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ता है तथा उनका भयादोहन भी किया जाता है। उन्होंने उपस्थित लोगों से आग्रह किया कि वे अपने क्षेत्र के गरीब एवं जरूरतमंद व्यक्तियों को विधिक सहायता उपलब्ध कराने में सहयोग करें, ताकि उनका शोषण रोका जा सके।

मो० साजिद अयुब खान एवं पी.एल. वी. निरंजन कुमार ने अपने संबोधन में वरिष्ठ नागरिकों के अधिकारों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया कि भारत में वरिष्ठ नागरिकों के सम्मानजनक जीवन, सुरक्षा एवं भरण-पोषण हेतु सशक्त कानूनी ढांचा मौजूद है।

## नवादा मंडल कारा में निरक्षर बंदियों हेतु बुनियादी साक्षरता परीक्षा आयोजित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** जिला शिक्षा पदाधिकारी के मार्गदर्शन में मंडल कारा, नवादा में निरक्षर बंदियों को साक्षरता अभियान के अंतर्गत साक्षर बनाया जा रहा है। इसी क्रम में कारा में साक्षर बनाए गए कुल 143 पुरुष एवं 23 महिला बंदियों को साक्षरता प्रमाण–पत्र उपलब्ध कराने हेतु 07 दिसंबर 2025 को बुनियादी साक्षरता परीक्षा का आयोजन कारा परिसर के अंदर किया गया। इस परीक्षा के सफल संचालन हेतु जिला शिक्षा पदाधिकारी, नवादा द्वारा प्रतिनियुक्त दो शिक्षा सेवक को तैनात किया गया था। परीक्षा के दौरान प्रभारी उपाधीक्षक, सहायक अधीक्षक, प्रधान लिपिक,



निम्न वर्गीय लिपिक तथा कक्षपालगण उपस्थित रहे। आयोजित परीक्षा में बंदियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया एवं शांतिपूर्ण वातावरण में परीक्षा सम्पन्न हुई। यह पहल बंदियों को सशक्त, आत्मनिर्भर एवं समाज की मुख्यधारा से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## केंद्रों पर नवसाक्षर महिलाओं ने दी बुनियादी साक्षरता महापरीक्षा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** नालंदा जिले में आयोजित बुनियादी साक्षरता महापरीक्षा में बदलाव की तस्वीर साफ नजर आई। जिले के 106 परीक्षा केंद्रों पर महादलित, दलित, अल्पसंख्यक और अति पिछड़ा वर्ग की 15 से 45 वर्ष की नवसाक्षर महिलाओं ने बड़ी संख्या में भाग लेकर यह साबित कर दिया कि शिक्षा की कोई उम्र नहीं होती। कभी अंगूठा लगाने वाली महिलाएं आज खुद के नाम से दस्तखत कर परीक्षा देती नजर आईं, जिसने माहौल को भावुक और प्रेरणादायक बना दिया। इस परीक्षा की सबसे बड़ी खासियत यह रही कि किसी भी महिला को फेल नहीं किया जाएगा। प्रदर्शन के आधार पर सभी प्रतिभागियों को ग्रेडिंग सिस्टम



के तहत श्रेणी दी जाएगी। उत्तर पुस्तिकाओं की जांच 12 दिसंबर तक की जाएगी। 15 दिसंबर तक रिजल्ट का कंप्यूटरीकरण होगा। 26 दिसंबर को एक भव्य समारोह में महिलाओं को साक्षरता प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। मध्य विद्यालय राणा बिगहा केंद्र पर परीक्षा का जायजा लेते हुए शिक्षा सेवक मुन्ना मांझी ने बताया कि यह अभियान उन महिलाओं के लिए वरदान है, जो कभी अपना नाम भी नहीं लिख पाती थीं। उन्होंने कहा अब साक्षरता केंद्रों पर निरक्षर महिलाओं की संख्या लगभग समाप्त हो रही है। अब हमारा लक्ष्य इनके बच्चों की बेहतर शिक्षा है। परीक्षा देने आई किंतू देवी ने कहा अब हम अपने बच्चों की पढ़ाई समझ पाएंगे और घर का हिसाब-किताब भी खुद कर सकेंगे। नालंदा की ये महिलाएं अब समाज में बदलाव की नई कहानी लिख रही हैं।

## बुनियादी साक्षरता परीक्षा में 80 नवसाक्षर महिलाएं हुई सम्मिलित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली (नवादा)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित मध्य विद्यालय रजौली में बुनियादी साक्षरता परीक्षा का आयोजन रविवार को आयोजित किया गया। इस दौरान कुंडला मोहल्ला, महसई, नीचे बाजार समेत कई मोहल्लों की 80 महिलाएं परीक्षा में शामिल हुई। परीक्षा का आयोजन शिक्षा मित्र पिंकी कुमारी व तामिली मरकज के मो. हाशिम, निकहत परवीन व शहजादी खातून के नेतृत्व में हुआ। शिक्षा सेवक पिंकी कुमारी ने बताई कि अक्षर आंचल योजना के तहत क्षेत्र के महादलित,दलित एवं अल्पसंख्यक अतिपिछड़ा वर्ग की 15 वर्ष से लेकर 45 वर्ष तक के उम्र वाली महिलाओं को बुनियादी साक्षर बनाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि महिलाओं को पहले नवसाक्षर बनाया जाता है। वहीं तामिली मरकज की



निकहत परवीन ने बताई कि क्षेत्र की 80 नवसाक्षर महिलाओं ने रविवार को सुबह 10 बजे से लेकर शाम 4 बजे तक आयोजित बुनियादी साक्षरता परीक्षा में सम्मिलित हुई। मो. हाशिम ने बताया कि परीक्षा में कुल 150 अंकों के प्रश्न शामिल थे,जिनमें पढ़ने, लिखने एवं गणित से संबंधित प्रश्न थे। वहीं शहजादी खातून ने बताई कि परीक्षा की समाप्ति के बाद नवसाक्षर महिलाओं को साक्षर होने का प्रमाण पत्र दिया जाएगा।वहीं परीक्षा देकर केन्द्र से बाहर निकलने वाली महिलाएं उत्साहित दिखीं और बताई कि परीक्षा में आसान प्रश्न थे जिनका वे अपने विवेक के अनुसार जवाब दी हैं।

# संतोष ट्रॉफी ट्रायल के लिए 400 खिलाड़ियों में अबतक 40 चयनित

## विधायक ने बिहार खेल मंत्री को दिया धन्यवाद, कहा—सरकार युवाओं के लिए उठा रही बेहतर पहल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली (नवादा)।** प्रखंड क्षेत्र के अमावां स्थित +2 इंटर विद्यालय परिसर में संतोष ट्रॉफी के लिए आयोजित ट्रायल कैंप में रविवार की शाम रजौली विधायक विमल राजवंशी पहुंचे। बिहार फुटबॉल एसोसिएशन के प्रतिनिधि के.के. सिंह के नेतृत्व में चल रहे इस ट्रायल में सूबे के विभिन्न जिलों से आए चयनित खिलाड़ियों से विधायक ने मुलाकात कर उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर समीर सिंह, ललन मेहता, अमित कुमार उर्फ छोटू सिंह, सुजीत कुमार, राजेश कुमार, टिंकू राय, आशीष कुमार, अनिता मेहता, गोलू कुमार, विशाल कुमार, रवि सिंह,



राजेश राजपूत तथा शारीरिक शिक्षक प्रभात कुमार ललन मौजूद रहे। वहीं अतिथियों में रंजन कुमार बब्लू, मृत्युंजय सिंह और सुजीत सिंह शामिल थे।

**संतोष ट्रॉफी ट्रायल से युवाओं में जागा उत्साह**

फुटबॉल के राष्ट्रीय मंच पर प्रतिष्ठित संतोष ट्रॉफी के लिए खिलाड़ियों का चयन पहली बार रजौली के अमावां मैदान में हो रहा है। इस पहल ने आसपास के गांवों के युवाओं में खेल के प्रति उत्साह और रुचि को एक नई दिशा दी है। 40 खिलाड़ी चयनित, कैंप जारी आयोजकों के अनुसार ट्रायल 29 और 30 नवंबर को संपन्न हुआ, जिसमें राज्यभर से आए 400 से अधिक खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। इसके बाद 1 दिसंबर से जारी कैंप में अब तक 40 खिलाड़ियों का चयन किया जा चुका है। चयनित खिलाड़ियों में रजौली पुरानी बस स्टैंड निवासी अंकुश कुमार भी शामिल हैं। 20 खिलाड़ी होंगे रांची में शामिल कुल 20 खिलाड़ियों का अंतिम चयन किया जाएगा, जो रांची स्थित बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम में आयोजित 79वीं राष्ट्रीय संतोष ट्रॉफी में बिहार का प्रतिनिधित्व करेंगे। बिहार का पहला मुकाबला 19 तारीख को झारखंड से, दूसरा रेलवे से और तीसरा दिल्ली से निर्धारित है।

**रजौली में खेल गतिविधियों का पुनर्जागरण**

विधायक विमल राजवंशी ने चयनित खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उन्हें शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने कहा कि एनडीए सरकार, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में युवाओं और महिलाओं के लिए कई सराहनीय कदम उठा रही है। इस ट्रायल आयोजन ने रजौली के युवाओं के लिए खेल के जरिए भविष्य संवारने का मार्ग प्रशस्त किया है। विधायक ने इसके लिए बिहार की खेल मंत्री श्रेयशी सिंह और बिहार फुटबॉल एसोसिएशन के सचिव एस. इम्तियाज हुसैन को धन्यवाद देते हुए कहा कि यह आयोजन रजौली में खेल का नया अध्याय साबित होगा।

# विवाहिता की संदिग्ध मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** हरनौत थाना क्षेत्र अंतर्गत गोनावां रोड गांव में एक 27 वर्षीया विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत से इलाके में सनसनी फैल गई है। मृतका की पहचान खुशबू कुमारी, पति मनीष कुमार, निवासी गोनावां रोड, हरनौत के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, वीते रात्रि रेफरल अस्पताल, कल्याण बिगहा द्वारा हरनौत थाना को महिला की मौत की सूचना दी गई। सूचना मिलते ही वरीय अधिकारियों को अवगत कराते हुए पुलिस टीम अस्पताल पहुंची और मामले की पुष्टि की। पुलिस द्वारा शव को सदर अस्पताल, बिहारशरीफ भेजकर पोस्टमार्टम एवं अन्य चिकित्सकीय जांच कराई गई है। प्रारंभिक पूछताछ और जांच में सामने आया है कि महिला की मौत फांसी लगाकर होने की आशंका जताई जा रही है, हालांकि पुलिस पूरे मामले की गहनता से जांच कर रही है। घटनास्थल की वैज्ञानिक जांच के लिए फोरेंसिक टीम को बुलाया गया है। साथ ही पुलिस निरीक्षक नूरसराय अंचल एवं एसडीपीओ-2 द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण भी किया गया है।, पुलिस ने मृतका के परिजनों से आवेदन प्राप्त कर विधि-सम्मत कार्रवाई शुरू कर दी है। फिलहाल क्षेत्र में स्थिति सामान्य बनी हुई है।

# बाबा साहेब की पुण्यतिथि पर नवयुवकों से संविधान की रक्षा करने की अपील

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली (नवादा)।** मुख्यालय के डाक बंगला चौराहा पर स्थित आंबेडकर पार्क में स्थापित बाबा साहेब डॉ. भीम राव अम्बेडकर की मूर्ति पर समाजसेवियों ने शनिवार की देर शाम माल्यार्पण कर 70वीं पुण्य तिथि मनाई। इस अवसर पर पूर्व प्रधानाचार्य बालकृष्ण यादव, रजौली दक्षिणी जिला परिषद सदस्य मेवालाल राजवंशी, वार्ड पार्षद मुकेश यादव, समाजसेवी रविन्द्र यादव, एडवोकेट दीपक रजक, सनोज यादव, गोलू टीवीएस, कन्हैया कुमार, विकास राज, महफूज



अलम, दीपक कुमार समेत दर्जनों गणमान्य लोग मौजूद रहे।

बालकृष्ण यादव ने युवाओं ने अपील किया कि जिस प्रकार हर गांव में मंदिर है, उसी प्रकार बाबा साहेब की मूर्ति स्थापित किया जाना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि मंदिर और मस्जिद से कम खर्च मूर्ति स्थापित करने में होता है। साथ ही युवाओं से संविधान को बचाने की अपील की है।

**संविधान की रक्षा के लिए अपील**

जिला परिषद सदस्य मेवालाल राजवंशी ने कहा कि नए संसद भवन में बाबा साहेब की मूर्ति नहीं लगाई है, जिससे आम लोगों में रोष व्याप्त है। वहीं रविन्द्र यादव ने कहा कि पहले हमारा देश है, उसके बाद ही हम सुरक्षित हैं। नवयुवकों के कंधों पर ही संविधान बचाने की जिम्मेदारी है।

**बाबा साहेब के विचारों का प्रसार**

एडवोकेट दीपक रजक ने कहा कि पूरे दुनिया में बाबा साहेब को पूजा जाता है। बाबा साहेब ने लिंग और समाज के भेदभाव को मिटाया है। उन्होंने नौजवानों से संविधान में वर्णित लॉ एंड ऑर्डर के तहत काम करने की अपील की।

## रेड क्रॉस सोसाइटी ने 155 रोगियों का किया निःशुल्क इलाज

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन कर 155 रोगियों का निःशुल्क इलाज किया गया। इस स्वास्थ्य जांच शिविर में विशेष स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करा के चिकित्सकों द्वारा चिकित्सा परामर्श दिया गया। शिविर में जांच करवाने आए लाभार्थियों ने रेड क्रॉस सोसाइटी के इस प्रयास की सराहना की और कहा कि इस तरह के शिविर उनके लिए बहुत मददगार साबित हो रहे है। यह स्वास्थ्य जांच शिविर आगे भी जारी रहेगा और निशुल्क सेवा प्रदान की जाएगी।

इस शिविर में बिहार शरीफ प्रख्यात डॉक्टरों के द्वारा 155 लोगों का इलाज किया गया। जिसमें शिशु रोग विशेषज्ञ डॉक्टर श्याम बिहारी के द्वारा 40 रोगी, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉक्टर अभिनव कुमार सिंह द्वारा 45 रोगी, डॉ इंद्रजीत कुमार फिजिशियन, डॉ अखिलेश कुमार एवं डॉ उमेश कुमार सिंह फिजिशियन के द्वारा 55 रोगी, दंत रोग विशेषज्ञ डॉ उदय देव रंजन के द्वारा 20 रोगी, फिजियोथैरेपिस्ट चिकित्सक डॉ मोहम्मद शहजाद आलम के द्वारा 15 रोगी, होम्योपैथिक चिकित्सा डॉ गौतम कुमार के द्वारा 20 रोगियों का इलाज किया गया।

# डीडीयू-गया-धनबाद के बीच 160 की स्पीड में दौड़ेंगी ट्रेनें

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गयाजी।** डीडीयू-गया-धनबाद रेलखंड पर नये साल से 160 किमी प्रति घंटे की रफ्तार में ट्रेनों का परिचालन शुरू करने की तैयारी अंतिम चरण में है। इस रेलखंड पर तीन बार स्पीड ट्रायल किया जा चुका है और तीनों ट्रायल सफल रहे हैं। अब ट्रेन संचालन शुरू करने को लेकर सीनियर अधिकारियों से लेकर स्थानीय अधिकारियों तक विचार-विमर्श किया जा रहा है। सभी औपचारिकताएं पूरी होने के बाद 160 की स्पीड में ट्रेनें दौड़ने लगेंगी। तेज गति से ट्रेनें चलाने से पहले रेल पटरी को पूरी तरह दुरुस्त किया गया है। कई बार मेगा ब्लॉक लेकर गर्डर, स्लैब, रेल पटरी और लाइन को बदला गया है। ट्रैक की जांच आधुनिक मशीनों से की गयी है जहां भी कमी पायी गयी, उसे दूर करने के लिए डीडीयू, गया, मानपुर, कोडरमा और धनबाद के अधिकारियों को निर्देश जारी किये गये हैं। ताकि परिचालन के दौरान किसी तरह की समस्या उत्पन्न न हो। इस रेलखंड पर संरचनात्मक कार्य भी जारी हैं जिसके कारण कुछ पैसेंजर ट्रेनों का संचालन नियंत्रित तरीके से किया जा रहा है। रेलवे अधिकारियों के अनुसार यह पूरा काम एक समग्र परियोजना का हिस्सा है जिसके तहत रेलवे इन्फ्रास्ट्रक्चर को आधुनिक और सुरक्षित बनाया जा रहा है। तेज गति में ट्रेन चलने से यात्रियों का समय बचेगा और उन्हें अधिक सुविधाजनक तथा भरोसेमंद यात्रा अनुभव मिलेगा। गया-धनबाद रेलखंड पर पहला स्पीड ट्रायल चार अप्रैल 2025 को, दूसरा ट्रायल 24 मई को और तीसरा ट्रायल सितंबर 2025 में आयोजित किया गया था। अधिकारियों ने बताया कि इस रेलखंड से सभी कॉशन हटा लिये गये हैं। रेलवे ट्रैक नवीनीकरण का कार्य अंतिम चरण में है। पुराने पुलों के गर्डर बदलकर नये लगाये गये हैं। सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पूरे सिग्नल सिस्टम को आधुनिक बनाया गया है। स्वचालित सिग्नल प्रणाली को बढ़ावा दिया गया है और सभी पैनलों को रूट रिले इंटरलॉकिंग सिस्टम से लैस किया गया है। 160 किमी प्रति घंटे की गति से ट्रेनों के संचालन के लिए एलएचबी रैक का उपयोग होगा।

# लगातार दूसरे दिन ठंड ज्यादा, पारा 10 के नीचे

## नमी की मात्रा 60 से 75 फीसदी तक पहुंची

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** गया में पिछले दो दिनों से ठंड बढ़ी हुई है। अधिकतम तापमान 24.5 और न्यूनतम 9.2 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। नमी की मात्रा 60 से 75 फीसदी तक पहुंच गई है जिससे ठंड में वृद्धि हुई है। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि अगले दो-तीन दिनों में मौसम में कोई विशेष बदलाव नहीं होगा। लगातार दो दिनों से गया जी में ठंड बढ़ी हुई है। शाम होते ही ठंड सताने लग रही है। देर रात से लेकर सुबह तक कड़ाके की सर्दी सताने लगी है। लगातार दूसरे दिन पारा 10 डिग्री से नीचे रहा। न्यूनतम के साथ-साथ अधिकतम तापमान भी सामान्य से नीचे रह रहा है। रविवार को अधिकतम 24.5 और न्यूनतम 9.2 डिग्री रहा। शनिवार को अधिकतम 24.6 और न्यूनतम 9.2 डिग्री रहा। नमी की मात्रा सुबह में 60 और शाम में 75 फीसदी से अधिक रह रहा है। सूबे में 8.2 डिग्री पर शेखपुरा सबसे सर्द रहा। गया जी में पिछले साल 2024 में 7 दिसंबर को अधिकतम 26.8 व न्यूनतम 11.2 डिग्री रहा था। मौसम वैज्ञानिक एस के पटेल ने बताया कि पछुआ चलने के कारण ठंड बढ़ी हुई है। नमी की मात्रा 77 फीसदी रहने के कारण कनकनी है। बताया कि अगले दो-तीन दिनों में मौसम के मिजाज में विशेष बदलाव का अनुमान नहीं है। न्यूनतम तापमान में थोड़ी कमी आ सकती है। 8 से 10 डिग्री के बीच न्यनूतम रह सकता है। अधिकतम में बदलाव का अनुमान नहीं है। बताया कि जब तक हिमालय की ओर से बर्फीली तेज पछुआ नहीं चलेगी तब तक कड़ाके की ठंड की संभावना नहीं है। शाम से सताने लग रही ठंड दो दिनों से शाम 4 बजे से ठंड सताने लग रह रही है। रविवार की सुबह धूप निकली। धूप में रहने पर बेहद राहत रही। लेकिन छांव में ठंड सताती रही। शाम 4 बजे से ठंड बढ़ गयी। रात से लेकर सुबह तक अधिक सर्दी रही। सोमवार से फिर स्कूली बच्चों को सुबह ठंड के बीच स्कूल जाना होगा।

# नीतीश कुमार का नाम गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में शामिल होने पर दी बधाई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गया।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को 10वीं बार मुख्यमंत्री बनने तथा गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में शामिल होने पर लगातार बधाई मिल रही है। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के नेता डॉ. मनीष पंकज मिश्रा एवं अधिवक्ता राजेंद्र प्रसाद ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आपका नेतृत्व बिहार के विकास की कहानी का महत्वपूर्ण अध्याय है।

उन्होंने कहा कि जब आप पहली बार बिहार के मुख्यमंत्री बने थे, उस समय राज्य अनेक चुनौतियों से जूझ रहा था, लेकिन आपने अपने दूरदर्शी नेतृत्व, दृढ़ संकल्प और विकासशील नीतियों के बल पर बिहार को नई पहचान दी। आज बिहार में कानून का राज स्थापित हुआ है। गांव और शहर के बीच दूरी कम हुई है। सड़क, बिजली, स्वास्थ्य, शिक्षा सहित सभी क्षेत्रों में अद्भुत परिवर्तन देखा जा रहा है। आपके नेतृत्व में बिहार ने विकास के नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। यही कारण है कि वर्ष 2025 के चुनाव में जनता ने आपके अनुभव, ईमानदारी और विकास की सोच पर दोबारा भरोसा जताया और प्रचंड बहुमत देकर आपको 10वीं बार मुख्यमंत्री के रूप में चुनकर इतिहास रच दिया। यह जनादेश आपके प्रति जनता के विश्वास, सम्मान और आपके प्रशासनिक कौशल का प्रतीक है। गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स आपका नाम दर्ज होना आपकी मेहनत, जनसेवा और दीर्घकालिक समर्पण का वैश्विक सम्मान है। हम सब गर्व महसूस करते हैं कि बिहार जैसे गौरवशाली राज्य का नेतृत्व आपके हाथों में है। आप दीर्घायु हों, स्वस्थ रहें और इसी तरह बिहार को विकास के पथ पर आगे बढ़ाते रहें।

# विधानसभा के नवनिर्वाचित अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार आज पहुंचेंगे गया

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गयाजी।** भाजपा के वरिष्ठ नेता और बिहार विधानसभा के नवनिर्वाचित अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार सोमवार को गया पहुंचेंगे। यह उनका पहला गया दौरा होगा। स्वागत समारोह के लिए भाजपा कार्यकर्ताओं ने भव्य तैयारियां की हैं। बैठक में मंडल अध्यक्ष और प्रमुख कार्यकर्ता शामिल हुए जिन्होंने डॉ. प्रेम कुमार के स्वागत के लिए विभिन्न स्थलों पर आयोजन की योजना बनाई। भाजपा के वरिष्ठ नेता और गया नगर विधायक डॉ. प्रेम कुमार, जो बिहार विधानसभा के नवनिर्वाचित अध्यक्ष हैं, सोमवार को अपने प्रथम गया आगमन पर शहर पहुंचेंगे। विधानसभा अध्यक्ष बनने के बाद यह उनका पहला गया दौरा होगा। उनके स्वागत के लिए भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य तैयारी की जा रही है। स्वागत समारोह को ऐतिहासिक और विशेष बनाने के उद्देश्य से रविवार को सक्रिट हाउस में महत्वपूर्ण बैठक हुई। इसमें गया नगर विधानसभा के सभी मंडल अध्यक्ष, महामंत्री और प्रमुख कार्यकर्ता शामिल हुए। बैठक की अध्यक्षता श्री विकास कुमार ने की। उन्होंने बताया कि रामशिला मोड़, तुतबाड़ी मोड़, दुखहरणी मंदिर मोड़, टॉवर चौक, रमना रोड, पितामहेश्वर, कोइरीबारी, भगत सिंह चौक, चांद चौराहा मोड़, समीर तकिया, दुर्गा स्थान, गया कॉलेज, आशा सिंह मोड़ और अन्य प्रमुख स्थलों पर भाजपा कार्यकर्ता एवं विभिन्न सामाजिक और संगठनात्मक इकाइयां मिलकर डॉ. प्रेम कुमार का स्वागत करेंगे।

# मन, बुद्धि और आत्मा तीनों को पवित्र करता है भागवत का श्रवण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गयाजी।** शहर के धर्मसभा भवन में रविवार को श्रीमद भागवत कथा का शुभारंभ श्रद्धा और भक्ति के माहौल में हुआ। अंतरराष्ट्रीय कथा वाचक एवं भागवत मर्मज्ञ डॉ. संजय कृष्ण सलिल जी महाराज ने प्रथम दिवस की कथा का रसामृत पान कराते हुए भक्तजनों को भावविभोर कर दिया। कथावाचन के दौरान उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण और उनके परम भक्त उद्धव जी के संवाद का उल्लेख करते हुए कहा कि भगवान ने उद्धव से अपने धाम प्रस्थान की बात कही। भगवान श्रीकृष्ण ने कहा कि उनके जाने के बाद संसार में माया प्रबल हो जाएगी और प्रभाव बढ़ जाएगा जिससे बच पाना सामान्य लोगों के लिए कठिन होगा। इसपर उद्धव जी ने अत्यंत विनम्रता और दृढ़ विश्वास के साथ उत्तर दिया कि प्रभु की माया चाहे समस्त प्राणियों को प्रभावित कर ले, परंतु उन पर इसका कोई प्रभाव नहीं होगा। इसका कारण बताते हुए उन्होंने कहा कि वे स्वयं को सौभाग्यशाली मानते हैं क्योंकि उन्होंने भगवान का जूठन ग्रहण किया है और यह दिव्य प्रसाद उन्हें सदैव श्रीकृष्ण की अनन्य भक्ति में स्थिर रखेगा। इसके बाद भगवान का तेज पुंज निकला और श्रीमद भागवत में प्रवेश कर गया। उन्होंने श्रद्धालुओं से कहा कि श्रीमदभागवत भगवान की शब्दरूपी मूर्ति है। उन्होंने श्रीमद् भागवत महात्म्य पर चर्चा करते हुए कहा कि भागवत केवल ग्रंथ नहीं, बल्कि मानव जीवन को धर्म, ज्ञान और भक्ति के मार्ग पर ले जाने वाला दिव्य प्रकाश है। डॉ. संजय कृष्ण सलिल जी महाराज ने बताया कि भागवत का श्रवण मन, बुद्धि और आत्मा तीनों को पवित्र करता है। उन्होंने कहा कि कलियुग में भगवान के साक्षात दर्शन का माध्यम श्रीमद् भागवत ही है क्योंकि इसमें भक्त और भगवान का अद्वैत प्रेम प्रकट होता है। महाराज के विचारों से श्रद्धालु भाव-विह्वल हो उठे और कथा स्थल भक्तिरस से सराबोर हो गया है। उन्होंने श्रद्धालुओं से कहा कि श्रीमद भागवत के 6 अध्याय पद्म पुराण से लिए गए हैं। उन्होंने इसका श्रवण श्रद्धालुओं को कराया। इस कथा की मुख्य यजमान गयाजी की ही रहने वाली धर्मपरायण महिला मुन्नी देवी हैं।

# अर्थराइटिस में एक्युप्रेशर जन-मानस की पहली पसन्द

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**पटना।** अर्थराईटिस बीमारी नहीं है बल्कि जोड़ो को प्रभावित करने वाली कई स्थितियों का समूह है जहां दो हड्डियां मिलती हैं। जोड़ों के हड्डियों के सिरे कार्टिलेज नामक एक नरम टिशू से यह ढका होता है, दो कार्टिलेज हड्डियों को आसानी से घुमाने में मदद करता है। इनकी खराबी से जोड़ो में दर्द, सूजन एवं अकड़न होता है। यह कई प्रकार का होता है। प्रत्येक प्रकार के अपने लक्षण एवं उपचार होते हैं। हालांकि अब तक इसका कोई उपचार नहीं है, लक्षणों को कम करने एवं जोड़ों के कार्यों को बनाए रखने में मदद कर सकते हैं। किन्तु लम्बे समय तक ड्रग थेरेपी चिकित्सा से अक्सर साइड इफेक्ट्स भी होता है जो लम्बे समय तक खास दवाओं के उपयोग करने से प्रोग्नोसिस पर कोई अच्छा असर नहीं होता है। वहीं एक्युप्रेशर प्रैक्टिस में देखी जाने वाली सबसे आम बीमारियां हैं। इसमें मांसपेशियों और लिगामंट में मोच, खिंचाव, अलग-अलग तरह के अर्थराईटिस, स्पौंडिलोसिस, स्पौंडिलाइटिस, सौफ्ट टिशू के घाव, जैसे-बर्सोइटिस, टेनोसिनोवाइटिस, फाइब्रोसाइटिस एवं मायोसाइटिस शामिल हैं। हालांकि ये बीमारियां हल्की और अपने आप ठीक होने वाली हो सकती है और धीरे-धीरे डीजेनेरेटिव बदलाव ला सकती है। आमतौर पर इनकी पहचान मूवमेंट में कमी और दर्द की मौजूदगी से होती है जो एक्युट अथवा क्रोनिक हो सकता है। इन बीमारियों को प्रबन्ध करने में एक्युप्रेशर काफी हद तक प्रभावशाली है। उक्त बातें बिहार एक्युप्रेशर योग कॉलेज द्वारा बिस्कोमान कॉलोनी गोलंबर स्थित कालेज परिसर में गुरुमाता सुमित्रा देवी के दसवीं पुण्यतिथी के अवसर पर आयोजित अर्थराइटिस विषयक संगोष्ठी सह एक्युप्रेशर ट्रेनर ट्रेनिंग के अवसर पर कालेज अध्यक्ष एक्युप्रेशर महागुरु डॉ सर्वदेव प्रसाद गुप्त ने अध्यक्षीय भाषण में कहा। कार्यक्रम का संचालन करते हुए सचिव डॉ अजय प्रकाश ने बताया कि हमारा अपना अनुभव भी इसे कन्फर्म करता है, इन बीमारियों में एक्युप्रेशर चिकित्सा पद्धति दूसरे सभी तरीकों के मुकाबले सबसे अधिक पसन्द किया जाता है।

# पूर्व कांड के आरोपित के घर चिपकाया इश्तेहार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**डोभी/गयाजी।** डोभी थाना क्षेत्र के पुराना टोला डोभी बाईपास निवासी आरोपी श्यामदेव पासवान, पिता राजकुमार पासवान के खिलाफ पुलिस ने इश्तेहार चिपकाया है। पुलिस द्वारा जारी नोटिस में आरोपी को 15 दिनों के अंदर न्यायालय में आत्मसमर्पण करने का निर्देश दिया गया है। निर्धारित समय सीमा के भीतर आत्मसमर्पण नहीं करने पर न्यायालय के आदेशानुसार कुर्की-जब्ती कार्रवाई की जाएगी। सूत्रों के मुताबिक श्यामदेव पासवान चंदौती थाना कांड संख्या 156/13 का आरोपी है जो पिछले दिनों से फरार चल रहा था।

# डॉ. भीमराव के 70वें महापरिनिर्वाण दिवस पर गरीबों के बीच कंबल वितरित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**कोंच।** कोंच के अंबेडकर चौक के पास शनिवार की रात डॉ. भीमराव अंबेडकर की 70वीं महापरिनिर्वाण दिवस पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उनके योगदान को याद करते हुए उपस्थित लोगों ने पुष्पांजलि अर्पित की। वहीं कड़ाके की ठंड को देखते हुए अम्बेडकर मंच की ओर से सामाजिक कार्यकर्ता लाल मोहन ब्यास की पुत्रवधू पूजा भारती ने वंचित समाज के बीच 100 कंबल वितरित किए। कंबल पाकर जरूरतमंदों के चेहरों पर खुशी छलक उठी। मौके पर आशानंद भारती, रंजन रविदास, विपिन रविदास, हरिओम अकेला, राजेंद्र रविदास सहित कई लोग मौजूद थे।

# ट्रेन से गिरकर एक की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** धनबाद रेल मंडल के पहाड़पुर-गुरपा स्टेशन के बीच शनिवार को चरका पत्थर गांव के पास रेलवे ट्रैक किनारे एक व्यक्ति का शव पाया गया। ग्रामीणों ने बताया कि मृतक करीब 50 वर्षीय है और शव रेल पोल संख्या 431/8 के पास पड़ा हुआ था। मौके पर शव के सिर, पैर और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें देखी गयी हैं। आशंका जतायी जा रही है कि उसकी मौत ट्रेन की चपेट में आने या ट्रेन से गिरने के कारण हुई है। शव के पास अत्यधिक रक्तश्राव होने से मृत्युकाल का अनुमान दोपहर के समय लगाया जा रहा है। फतेहपुर थाना प्रभारी मनोज कुमार ने बताया कि शाम को मामले की सूचना मिली और पुलिस बल को घटनास्थल पर भेजा गया है। मृतक की पहचान अभी नहीं हो सकी है और घटना की जांच जारी है।

# आग की चपेट में आने से वृद्ध महिला झुलसी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** काबर गांव में रविवार को एक वृद्ध महिला दौलती देवी आग की चपेट में आ गई। गंभीर झुलसी स्थिति में परिजन उसे कोंच अस्पताल ले गए जहां चिकित्सक ने प्राथमिक इलाज किया और उसे एनएमसीएच रेफर कर दिया। महिला खाना पकाते समय आग में झुलस गई जबकि परिजनों को बचाने का प्रयास कर रही थी। प्रखंड के काबर गांव में रविवार को आग की चपेट में आने से एक वृद्ध महिला झुलस गई। परिजनों ने गंभीर स्थिति में उसे कोंच अस्पताल लेकर पहुंचे। स्वास्थ्य कर्मी रामानुज कुमार न बताया कि महिला दौलती देवी, पचास प्रतिशत से अधिक जली हुई थी। अस्पताल के चिकित्सक डॉ. अनिल कुमार ने प्राथमिक इलाज कर गंभीर स्थिति होने के कारण उसे एनएमसीएच गया जी रेफर

# ट्रक-टेंपो की टक्कर, चालक से मारपीट, मामला दर्ज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** थाना क्षेत्र के कोंच बाजार स्टैंड में टेंपू के आगे अचानक एक ट्रक चालक ने तेज गति से वाहन बैक कर दिया जिससे टेंपू को क्षति पहुंची। पीड़ित चालक बिट्टू कुमार, पिता-जयराम दास ग्राम कोंच के निवासी ने थाने में आवेदन देकर बताया कि वह अपने टेंपू के साथ स्टैंड पर खड़ा था। इसी दौरान करीब 20 फीट आगे खड़ी ट्रक अचानक तेजी से बैक हुई और टेंपो में जोरदार टक्कर मार दी। चालक ने बताया कि किसी तरह वह जान बचाकर ट्रक चालक को रोकने पहुंचा तो चालक ने अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए मारपीट शुरू कर दी और जान से मारने की धमकी दी। हंगामा बढ़ने पर स्थानीय लोगों ने हस्तक्षेप कर पीड़ित को बचाया तथा ट्रक चालक और ट्रक को मौके से थाना लाया गया।

# एक्सप्रेसवे निर्माण पीएनसी कंपनी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

## लगभग नौ घंटे बाधित रही बिजली, विभाग को ढाई लाख रुपये का हुआ नुकसान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भभुआ।** जिले में भारत माला परियोजना के तहत हो रहे वाराणसी- कोलकाता एक्सप्रेसवे के निर्माण कार्य में पीएनसी कंपनी की ओर से कराये जा रहे काम के दौरान बिजली विभाग की पूर्व से खींचे गये रामपुर प्रखंड के ठकुरहट गांव के निकट नहर की पूरब तरफ चौरसिया फीडर के 11 हजार केवी के तार और पोल कंपनी की डंपरों की टक्कर से गिर गया। यह घटना चार दिसंबर की शाम लगभग पांच बजे घटी जिसकी जानकारी विभाग को अगले दिन क्षेत्रीय कर्मियों ने पेट्रोलिंग के दौरान दी। इधर, 11 हजार केवी का तार पोल क्षतिग्रस्त होने से रामपुर प्रखंड के विभिन्न इलाकों में लगभग नौ घंटे बिजली आपूर्ति भी बाधित रही जिसके कारण आमजनों से लेकर दुकानदार, छात्र, कोचिंग संस्थान और अस्पताल जैसी आवश्यक सेवाएं भी बुरी तरह प्रभावित रही। विभाग को इसके मरम्मत कार्य में भी काफी समय देने के साथ-साथ परेशानी का भी सामना करना पड़ा। अब इस मामले को लेकर विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल, भभुआ (शहरी) के सहायक विद्युत अभियंता राकेश प्रभाकर ने थानाध्यक्ष करमचट सबार को आवेदन देकर उक्त मामले को गंभीर लापरवाही बताते हुए भारतीय विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 139 और 140 के तहत कार्रवाई की मांग की है। विभाग ने पुलिस से अनुरोध की है कि संबंधित कार्य एजेंसी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। आवेदन में कंपनी ने क्षतिग्रस्त किये गये तार पोल से साउथ बिहार पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी को हुए लगभग ढाई लाख रुपये के नुकसान का भी जिक्र किया है। सहायक विद्युत अभियंता ने बताया कि मामले में थाने में एफआइआर दर्ज कर ली गयी है।


## शपथ पत्र

मैं प्रमिला देवी पति हीरा सिंह निवासी ग्राम- चौराही, थाना- हसपुरा, जिला-औरंगाबाद, (बिहार) शपथपूर्वक सत्य एवं निष्ठा के साथ बयान करती हूं कि मेरा नाम आधार कार्ड संख्या- 4258 0249 8626 एवं पैन नं0-FVNPD7367G है जिसमें मेरा नाम PRAMILA DEVI अंकित है।

बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा संसा में मेरा खाता संख्या 51618100004463 है जिस पर मेरा नाम REENA DEVI अंकित है।

मैं इस घोषणा की तिथि से PRAMILA DEVI के नाम से जानी जाऊंगी तथा मेरे द्वारा व्यवहार में उक्त नाम ही हमेशा लाया जाएगा। मैं कहीं भी अपना नाम एवं सिगनेचर PRAMILA DEVI के नाम से ही करूंगी और घोषणा की तिथि से उक्त नाम एवं हस्ताक्षर ही मान्य होगा।

मैं घोषणा की तिथि से PRAMILA DEVI के नाम से जानी एवं पहचानी जाऊंगी।

मैं पुनः घोषणा करती हूं कि शपथ पत्र में वर्णित सारी बातें मेरी व्यक्तिगत जानकारी में सही व सत्य है। शपथ पत्र सं. 15048 दिनांक 27.11.25

**शपथकर्ता**
**प्रमिला देवी**


# पांच साल से 'हर घर नल जल' योजना बंद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**मोहनियां।** स्थानीय प्रखंड के करमहरी गांव में पांच वर्षो से हर घर नल जल योजना बंद है। ग्रामीण पेयजल की समस्या से जूझ रहे हैं। कटरा कला पंचायत का यह गांव दो वार्डों में बंटा है। उक्त गांव में पांच सौ घरों में ढाई हजार से अधिक आबादी निवास करती है। ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने को बिहार सरकार द्वारा हर घर तक जल योजना का ताना बाना बुना गया था, लेकिन मोहनियां प्रखंड के अधिकतर पंचायतों में यह योजना दम तोड़ चुकी है। जिस पर पीएचइडी के अधिकारियों का ध्यान नहीं हैं। त्रिस्तरीय पंचायती राज व्यवस्था के जनप्रतिनिधि भी समस्या के समाधान में रुचि नहीं ले रहे हैं। ग्रामीणों के लिए हर घर नल जल योजना छलावा साबित हो रही है। वार्ड एक में सामान्य जाति के लोग निवास करते हैं।

वार्ड दो में अनुसूचित जाति व पिछड़ी जाति के लोगों की बहुलता है। दोनों वार्डों में पांच साल से जलापूर्ति बंद है। वार्ड एक में बोरिंग फेल है जिससे जलापूर्ति बंद है।

ग्रामीणों ने बताया कि नल जल योजना ग्रामीणों के लिए छलावा बनी हुई है। साढ़े पांच साल पहले जलापूर्ति के लिए बोरिंग कराई गई। पानी टंकी लगाई गई। आधा अधूरा पाइप बिछाने का काम हुआ, लेकिन बोरिंग फेल होने से आज तक वार्ड वासियों को पेयजल नसीब नहीं हुआ। वार्ड दो में अजा व पिछड़ी जाति के लोगों की बहुलता है। ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने की सरकार की हर घर नल जल योजना छलावा साबित हो रही है। ग्रामीण शुद्ध पेयजल के लिए तरस रहे हैं। घरों तक जलापूर्ति को आधा अधूरा पाइप बिछाया गया है जिससे आज तक ग्रामीणों को पानी नहीं मिल सका। स्ट्रक्चर पर लगी पानी टंकी आंधी में उड़ गई। इसके बाद टंकी नहीं लगी। नल जल योजना से जलापूर्ति शुरू कराने के लिए ग्रामीण मुखिया व पदाधिकारियों से गुहार लगाकर थक गए, लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। जलापूर्ति चालू कराने में किसी की रूचि नहीं है। प्रखंड में बंद बंद पड़ी हर घर नल जल योजना की पंचायतवार सूची तैयार की जा रही है जिसे पीएचइडी को सौंपा जाएगा। कटरा कला पंचायत के करमहरी गांव में बंद जलापूर्ति योजना को चालू कराया जाएगा।

**मानेंद्र कुमार सिंह, बीडीओ**

# इंजीनियरिंग कॉलेज, गया में अभिभावक-शिक्षक बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खिजरसराय।** गया इंजीनियरिंग कॉलेज, गया में रविवार को अभिभावक-शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का उद्देश्य विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति, अनुशासन तथा भविष्य की योजनाओं पर अभिभावकों और शिक्षकों के बीच सार्थक संवाद स्थापित करना था। कार्यक्रम में कॉलेज के प्राचार्य डॉ. राजन सरकार ने अभिभावकों को कॉलेज द्वारा चलाए जा रहे शैक्षणिक एवं सह-पाठ्यक्रमीय गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि अभिभावकों का सहयोग विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में अत्यंत महत्वपूर्ण है। बैठक के दौरान विभिन्न विभागों के शिक्षकों ने अपने-अपने विषय के विद्यार्थियों के प्रदर्शन की समीक्षा प्रस्तुत की और अभिभावकों के सुझाव तथा प्रश्नों का उत्तर दिया। पीटीएम में छात्रों की उपस्थिति, परीक्षा प्रदर्शन, प्रैक्टिकल कार्य, प्रोजेक्ट्स और प्लेसमेंट को लेकर भी विस्तृत चर्चा की गई। अभिभावकों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम अभिभावकों को कॉलेज और विद्यार्थियों की गतिविधियों से जुड़ने का अवसर प्रदान करते हैं।

संपादकीय

# सवाल विश्वसनीयता का है..

रूसी राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन के दो दिवसीय भारत दौरे के संदर्भ में दोनों देशों के बीच अनेक समझौतों से इतर इस बात की भी चर्चा रही कि पुतिन का भारत में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी से मिलने का कोई कार्यक्रम नहीं था। कांग्रेस का आरोप है कि मोदी सरकार ने जान बूझ कर यह मुलाकात नहीं होने दी। कांग्रेस ने कहा कि यह मोदी सरकार का लोकतांत्रिक परंपरा से हटना और भाजपा की 'असुरक्षा' का संकेत है। कांग्रेस ने सोवियत नेताओं निकोलाई बुल्गानिन और निकिता ख्रुश्चेव की 1955 की भारत यात्रा का हवाला देते हुए कहा कि आज के भारत-रूस संबंध उस शुरुआती भारत-सोवियत साझेदारी से सीधे जुड़े हैं, जो उस वर्ष के अंतिम महीनों में बनी थी। खुद राहुल गांधी ने इस पर अपनी नाराजगी जताते हुए संसद परिसर में मीडिया से चर्चा में कहा कि आमतौर पर परंपरा रही है कि विदेशी मेहमान जब भारत आते हैं तो विपक्ष के नेता से भी उनकी मुलाक़ात होती है। वाजपेयीजी के समय में होता था, मनमोहनजी के समय में होता था। अब जो हो रहा है, विदेशी मेहमान जब आते हैं या मैं विदेश जाता हूँ तो सरकार उनसे कहती है कि नेता प्रतिपक्ष से मत मिलिए। हमें मैसेज मिलता है कि सरकार ने उनसे कह दिया है कि मुझसे नहीं मिलना है। कारण पूछने पर राहुल ने मुस्कुराते हुए कहा - 'असुरक्षा'। वैसे राहुल गांधी ने कहा वह तथ्यात्मक रूप से सही है। सत्तापक्ष और विपक्ष लोकतंत्र के दो पहिए होते हैं। लिहाजा ज्यादातर लोकतांत्रिक देशों में बड़े देशों के राष्ट्राध्यक्ष वहां राष्ट्राध्यक्षों के साथ प्रतिपक्ष के नेताओं से भी सौजन्य मुलाकात करते हैं। लेकिन मोदी राज में वह परंपरा बंद कर दी गई है। संवैधानिक विशेषज्ञों का कहना है कि विपक्ष के नेता को दरकिनार करना भारत को 'बहुसंख्यकवादी राज्य' की छवि दे सकता है। अलबत्ता राहुल गांधी जो कह रहे हैं, उसमें कितनी सच्चाई है? वैसे मोदी सरकार के इस रवैये के पीछे एक कारण 2024 के लोकसभा चुनाव के बाद से भाजपा और इंडिया गठबंधन के बीच बढ़ता तनाव है। और राहुल गांधी इसका प्रमुख घटक हैं। राहुल बतौर नेता प्रतिपक्ष लगातार ऐसे मुद्दे उठा रहे हैं, जिनसे मोदी सरकार असहज महसूस कर रही है। संसद के कई सत्र हंगामे की भेंट चढ़ गए। सरकार ने विपक्ष को तमाम मुद्दों को उठाने की अनुमति ही नहीं दी। इसमें दो राय नहीं कि भारत और रूस के बीच समय की कसौटी पर खरे उतरे सम्बन्धों की नींव पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने रखी थी और उसे परवान उनकी बेटी और प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने चढ़ाया। इन द्विपक्षीय रिश्तों की खूबी यह है कि दोनों देशों में सत्ता परिवर्तन के बाद भी वो अटूट और अडिग है। हर मुश्किल घड़ी में रूस ने भारत का साथ दिया है। बावजूद इसके अगर मोदी सरकार को राहुल गांधी पर भरोसा नहीं है तो इसका बड़ा कारण तो खुद राहुल ही है। राहुल जिस तरह विदेश में जाकर भी भारत सरकार की खुलेआम आलोचना करते हैं, वो मोदी तो क्या आम भारतीयों को भी नहीं सुहाता। इससे उनकी अगंभीर नेता की छवि बनी है, वो भले इसे अभिव्यक्ति का आजादी का प्रतीक मानें। हालांकि कांग्रेस राहुल के इन भारत विरोधी प्रायोजित दौरों को पीएम मोदी द्वारा विदेशों में कांग्रेस की आलोचना का उदाहरण देकर जायज ठहराने की कोशिश करती है। लेकिन अगर मोदी ने कोई 'गलती' की है तो राहुल उससे भी बड़ी गलती करें, यह तो कहीं से उचित नहीं है। राहुल विदेशी मेहमानों से क्या और कैसी बात करेंगे, जब तक इसका पूरा भरोसा न हो, मोदी सरकार उन्हें शायद ही किसी विदेशी मेहमान से मिलने दे।

# संपूर्ण देश के लिए स्थायी प्रेरणा का स्रोत

**प्रत्यक्ष और परोक्ष इसके मार्ग में जितनी अड़चनें डाली जा सकती थीं डालीं गईं। जिन लोगों ने शास्त्रों में वर्णित अयोध्या को ही काल्पनिक साबित करने के लिए इतिहास के नाम पर पुस्तकें लिखवाईं, अभियान चलाया न्यायालय में इसके विरुद्ध मुकदमे लड़े और इलाहाबाद उच्च न्यायालय से लेकर उच्चतम न्यायालय के निर्णय पर आज तक प्रश्न खड़ा करते रहे हैं उनसे हमें सकारात्मक प्रतिक्रिया या समर्थन करने की उम्मीद नहीं करनी चाहिए। ध्यान रखिए, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत के उद्बोधनों के भाव में बिल्कुल समानता थी। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का स्वर भी ऐसा ही था।**

**अवधेश कुमार**

अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के शिखर पर ध्वजारोहण के साथ शास्त्रीय परंपरा अनुसार निर्माण कार्य पूर्ण हो गया। विरोधियों की प्रतिक्रियाएं वैसी ही हैं जैसी 22 जनवरी 2024 के प्राण प्रतिष्ठा के समय थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंचालक डॉ. मोहन भागवत के बटन दबाने के साथ ध्वज का धीरे-धीरे ऊपर चढ़ना और अंततः मंदिर के शिखर पर विराजमान होकर लहराना भारत के बहुत बड़े वर्ग के लिए वेदनाओं से पूर्ण संघर्ष के युग के समापन और नये युग के सूत्रपात का साक्षात स्वरूप बन गया। सच है कि राजनीतिक और गैर राजनीतिक विपक्ष ने कभी भी श्रीराम मंदिर निर्माण कार्य तो छोड़िए इसके विचार का समर्थन नहीं किया। प्रत्यक्ष और परोक्ष इसके मार्ग में जितनी अड़चनें डाली जा सकतीं थीं डालीं गईं। जिन लोगों ने शास्त्रों में वर्णित अयोध्या को ही काल्पनिक साबित करने के लिए इतिहास के नाम पर पुस्तकें लिखवाईं, अभियान चलाया न्यायालय में इसके विरुद्ध मुकदमे लड़े और इलाहाबाद उच्च न्यायालय से लेकर उच्चतम न्यायालय के निर्णय पर आज तक प्रश्न खड़ा करते रहे हैं उनसे हमें सकारात्मक प्रतिक्रिया या समर्थन करने की उम्मीद नहीं करनी चाहिए। ध्यान रखिए, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉक्टर मोहन भागवत के उद्बोधनों के भाव में बिल्कुल समानता थी। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का स्वर भी ऐसा ही था। भारत की सही समझ और राष्ट्र के लक्ष्य की यथार्थ कल्पना के कारण स्वर में समानता बिलकुल स्वाभाविक है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अगर 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य की याद दिलाते हुए ध्वजारोहण के साथ संबद्ध किया तो भारत को समझने वालों के लिए यह बिल्कुल स्वाभाविक है। जिन्हें समझ नहीं या समझते हुए भी राजनीतिक रूप से विरोध करना है उनके लिए यह उपहास और विरोध का ही विषय होगा। बात अत्यंत सरल है। किसी भी समाज के अंदर यह भाव बिठा दिया जाए कि आपकी संपूर्ण सभ्यता, जो धर्म से निर्धारित है वह कपोल कल्पनाओं, मिथकों और बहुत हद तक अंधविश्वासों से भरी है तो उसके अंदर एक समाज और राष्ट्र के रूप में बड़े लक्ष्य पाने की प्रेरणा का स्रोत पैदा होना कठिन हो जाएगा। श्रीराम मंदिर आंदोलन केवल एक सामान्य



मंदिर के लिए नहीं था, बल्कि उसका लक्ष्य सांस्कृतिक- धार्मिक- राष्ट्रीय पुनर्जागरण तथा ज स्थायी प्रेरणा स्रोत खड़ा करना ताकि भारत जागृत रहे और हम सब देश को शीर्ष पर ले जाने के लिए प्राणपण से संकल्पित हो।

इसलिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा ध्वजारोहण उत्सव के क्षण को अद्वितीय व अलौकिक और इसे भारतीय सभ्यता की पुनर्जागरण की ध्वजा कहना स्वाभाविक था। मोहन भागवत के अनुसार यह एक ऐतिहासिक व पूर्णत्व का क्षण, कृतार्थता का तथा संकल्प की पुनरावृत्ति का दिवस था, जिसे हमारे पूर्वजों ने हमें दिया है। दृश्य को याद करिए। ध्वजारोहण के समय सामने की कतार में साधु-संत भावुकता में अपने आंसू पोंछते दिखेंगे। श्रीराम मंदिर के मुख्य शिखर पर केसरिया ध्वज लहराने के साथ अगर जयश्री राम का उद्घोष था तो दूसरी ओर भाव विह्वलता के दृश्य भी। महसूस कर सकते हों तो उसमें अद्भूत आध्यात्मिक ऊर्जा और उमंग साफ दिखाई दे जाएगा। 5 अगस्त,2020 को भूमि पूजन से लेकर अभी तक की प्रक्रिया के लिए अत्यंत सूक्ष्मता से अध्ययन व शोध हुए और फिर साधकों - विद्वानों ने मिलकर इसे संपूर्ण विश्व के लिए अद्भुत स्थान में विकसित किया है। कोरोना काल में हजारों श्रमिकों की अथक मेहनत के बाद श्रीराम मंदिर का पारंपरिक नागर शैली में निर्माण पूरा हुआ। इसके साथ सप्तऋषि मंदिर बने जिनमें निषाद राज और शबरी से लेकर भगवान वाल्मीकि आदि के मंदिरों का निर्माण और प्राण प्रतिष्ठा भी पूर्ण शास्त्रीय परंपरा से हुई। 22 जनवरी, 2024 को भगवान श्रीराम बालक राम के रूप में स्थापित किए गए थे और 5 जून, 2025 को दूसरी प्राण प्रतिष्ठा में भगवान राम राजा के रूप में स्थापित किए गए। इसके बाद अंतिम कार्य ध्वजा स्थापित करने का था। सनातन परंपरा में शिखर पर लहराते ध्वज को मंदिर का रक्षक, ऊर्जा का वाहक और पूर्णता तथा ईश्वर की उपस्थिति का प्रतीक माना जाता है। ध्वजा से ही मंदिर को पूर्णता प्राप्त होती है। कौन-सा निशान रामलला के धाम की पवित्रता और युगों तक कायम रहने वाली सनातन परंपरा का प्रतिनिधित्व करेगा इसके चयन के लिए अनेक ग्रंथों को खंगाला गया। रामचरितमानस, भारत की सभी भाषाओं के रामायण देखे गये। विश्वकर्मा वास्तु शास्त्र के अध्याय 42 में ध्वजाओं के लक्षणों का विस्तृत वर्णन है। महाभारत, ऋग्वेद, विष्णुधर्मोत्तर पुराण में ध्वज का वर्णन है। इसमें भगवान विष्णु के ध्वज का रंग पीला और सुनहला बताया गया है। जो इनके अवतार होंगे उनके ध्वज का रंग केसरिया और पीतांबरी होगा। सूर्यवंशी होने के कारण सूर्य का निशान अंकित है। सूर्य जीवंतता और ऊर्जा का भी प्रतीक होता है। ओम ब्रह्मांड का द्योतक है, इसलिए ओम का निशान अंकित है। रघुकुल का राजकीय निशान होने के कारण कोविदार वृक्ष को अंकित किया गया है। हरिवंश पुराण में उल्लेख है कि महर्षि कश्यप ने पारिजात के पौधे में मंदार के गुण मिलाकर इसे तैयार किया था। वाल्मीकि रामायण के अयोध्या कांड के अनुसार चित्रकूट में वनवास के दौरान भगवान राम ने लक्ष्मण को ध्वजों से विभूषित अश्व और रथों से आती हुई सेना की सूचना दी और इसके बारे में पता लगाने को कहा। इसे देखकर लक्ष्मण ने कहा कि 'यथा तु खलु दुर्बद्धिर्भरतः स्वयमागतः। स एष हि महा कायः कोविदार ध्वजो रथे।' अर्थात् 'निश्चय ही दुष्ट दुर्बुद्धि भरत स्वयं सेना लेकर आया है। यह कोविदार युक्त विशाल ध्वज उसी के रथ पर फहरा रहा है।' इसी प्रसंग से स्पष्ट हुआ कि कोविदार वृक्ष युक्त ध्वज अयोध्या की पहचान और प्राचीन धरोहर रही है। प्राण प्रतिष्ठा के समय ही राम मंदिर परिसर में कोविदार वृक्ष लगाए गए हैं, जो इस समय लगभग आठ से 10 फुट के हो चुके हैं।

इतनी सूक्ष्मता से एक-एक पहलू का ध्यान रखने की सोच और इसके पीछे के दर्शन को विरोधी समझ ही नहीं सकते। अगर प्रधानमंत्री कह रहे हैं कि अयोध्या की भूमि आदर्श आचरण का स्वरूप है और राम आदर्श एवं अनुशासन तथा जीवन के सर्वोच्च चरित्र के प्रतीक जो हमें तभी प्रेरित करेंगे जब हम अपने भीतर के राम को जगाएं। मेकाले शिक्षा प्रणाली की गुलाम मानसिकता से मुक्ति के लिए 10 वर्षों का लक्ष्य देने के लिए निश्चय ही यह उपयुक्त जगह और समय था। अयोध्या व राम - सीता को काल्पनिक बनाने की सोच इसी गुलाम मानसिकता से निकली थी। भारत को अपनी विपुल आध्यात्मिक ऊर्जा, सभ्यता और संस्कृति की शक्ति से विश्व के लिए नेतृत्वकारी आदर्श महाशक्ति के रूप में खड़ा करना है तो प्रेरणा यही से मिलेगी। प्रधानमंत्री ने इसके लिए रामायण में रावण से संग्राम के समय भगवान श्रीराम के कथन का उल्लेख करते हुए कहा कि विकसित भारत की यात्रा को गति देने के लिए हमें एक ऐसे रथ की आवश्यकता है जिसके पहिये वीरता और धैर्य हों, जिसका ध्वज सत्य और परम आचरण हो, जिसके घोड़े शक्ति, विवेक, संयम और परोपकार हों, और जिसकी लगाम क्षमा, करुणा और समता हों।

इसे निश्चय ही उस यज्ञ की आहुति कहनी होगी जिसकी अग्नि बाबर द्वारा मंदिर विध्वंस के साथ ही 500 वर्षों तक लोगों के हृदय में प्रचलित रही और यह संघर्ष अनवरत चलता रहा। डॉ भागवत ने कहा कि वृक्ष स्वयं धूप में खड़े रहकर सबको छाया देते हैं, फल स्वयं उगाते हैं और दूसरों को बांट देते हैं। 'वृक्षाः सत्पुरुषाः इव' अर्थात वृक्ष सत्पुरुषों के समान हैं। उन्होंने कहा कि यदि ऐसा जीवन जीना है तो चाहे कितनी प्रतिकूलता हो, साधनहीनता हो, दुनिया स्वार्थ में बहती हो फिर भी हमारा संकल्प है कि हमें धर्म के पथ पर चलना है। हमारे संकल्प का प्रतीक हम पूरा कर चुके हैं। धर्म, ज्ञान, छाया तथा सुफल संपूर्ण दुनिया में बांटने वाला भारतवर्ष खड़ा करने का काम शुरू हो गया है। इस प्रतीक को ध्यान में रखते हुए सभी विपरीत परिस्थितियों में हमें एकजुट होकर सतत कार्य करना होगा। उनकी कुछ पंक्तियां देखिए, 'एतद्देशप्रसूतस्य सकाशादग्रजन्मनः' अर्थात् इस देश में जन्मे अग्रजन्मा ऐसा जीवन जिएं कि दुनिया उनसे प्रेरणा लें,। 'स्वं स्वं चरित्रं शिक्षेरन् पृथिव्यां सर्वमानवाः' यानी पृथ्वी के समस्त मानव भारतवासियों के चरित्र से जीवन की विद्या सीखें। परम वैभव सम्पन्न, सबके लिए खुशी और शांति बांटने वाला तथा विकास का सुफल देने वाला भारतवर्ष हमें खड़ा करना है। यही विश्व की अपेक्षा और हमारा कर्तव्य भी है।

तो संघर्ष से लेकर मंदिर निर्माण, प्राण प्रतिष्ठा और ध्वजारोहण तक के पूरे पुरुषार्थ को देखें तो समझ में आता है कि हर भारतवासी के लिए यह मंदिर और उसके ऊपर लहराता हुआ धर्म ध्वज अपनी संस्कृति की व्यापकता एवं संघर्ष की प्रभाव प्रखरता की सतत प्रेरणा देता रहेगा। हम इससे प्रेरणा लेते हुए सामूहिक रूप से भारत के लक्ष्य का ध्यान रखते हुए काम करेंगे तो यह देश विश्व के लिए आदर्श और प्रेरणादाई देश बनेगा। यही भारत का मुख्य ध्येय है।

अध्यात्म

## दूसरों की गलतियों को माफ करके आगे बढ़ेंगे तो जीवन में सुख-शांति बनी रहेगी



एक दिन महावीर स्वामी किसी गांव के बाहर जंगल में ध्यान कर रहे थे। उस समय गांव के कुछ अशिक्षित लोग अपनी गायों को चराने के लिए जंगल में आए। उन्होंने एक व्यक्ति को ध्यान में बैठे हुए देखा। सभी अशिक्षित थे तो तप और ध्यान के बारे में जानते नहीं थे, वे महावीर स्वामी को भी नहीं पहचानते थे। चरवाहों ने महावीर जी को सामान्य इंसान समझा और उनके साथ मजाक-मस्ती करने लगे, उन्हें परेशान करने लगे। गांव के लोग स्वामी जी को परेशान कर रहे थे, लेकिन वे अपने ध्यान में मग्न थे। चरवाहों की वजह से भी उनका ध्यान नहीं टूटा। गांव के विद्वान लोगों ने चरवाहों की ये हरकत देखी तो वे तुरंत महावीर स्वामी के पास पहुंचे। गांव के विद्वान लोग स्वामी जी को पहचानते थे। विद्वानों ने महावीर स्वामी से अशिक्षित लोगों की गलतियों के लिए क्षमा मांगी। स्वामी जी ने आंखें खोलीं और सभी की बातें ध्यान से सुनीं। गांव के लोगों ने माफी मांगते हुए कहा कि हम आपके लिए यहां एक कमरा बनवा देंगे, जिससे आप शांति से तपस्या कर पाएंगे। कोई भी आपकी साधना में बाधा नहीं बनेगा।

भगवान महावीर ने सभी की बातें सुनकर कहा कि ये सभी चरवाहे भी मेरे अपने ही हैं। बच्चे नादानी में अपने माता-पिता का मुंह नोचते हैं, मारते हैं, फिर भी माता-पिता बच्चों से नाराज नहीं होते हैं। मैं इन चरवाहों से नाराज नहीं हूं। आपको मेरे लिए कमरा बनवाने की जरूरत नहीं है। आप जो धन मेरे लिए कमरा बनाने में खर्च करना चाहते हैं, वह गरीबों के कल्याण में खर्च करेंगे तो मुझे अच्छा लगेगा।

**सीख**

इस किस्से में महावीर स्वामी ने संदेश दिया है कि हमें दूसरों की गलतियों पर गुस्सा नहीं करना चाहिए। शांति से सभी की बातें सुननी चाहिए और गलतियों को माफ करके आगे बढ़ना चाहिए, तभी जीवन में सुख-शांति बनी रहती है।

# भू-सांस्कृतिक मानचित्र बन सकता है नया आधार

**भारत का भू-सांस्कृतिक मानचित्र (जियो कल्चर मैप) केवल एक नक्शा नहीं, बल्कि मिट्टी, जल, खेती, परंपराओं, समुदायों और सांस्कृतिक व्यवहारों की सामूहिक बुद्धिमत्ता का मानचित्र है। यह उस भारत का प्रतिरूप है, जिसकी बनावट केवल भौगोलिक सीमाओं से नहीं, बल्कि हजारों वर्षों से विकसित एक जीवंत सांस्कृतिक पारिस्थितिकी से होती है। जिस समय दुनिया जलवायु संकट, जैव-विविधता के क्षरण और असंतुलित शहरीकरण की मार झेल रही है, उस समय भारत का यह भू-सांस्कृतिक दृष्टिकोण विकास की नई दिशा का आधार बन सकता है।**

**कुमार सिद्धार्थ**

दरअसल, आधुनिक विकास मॉडल ने प्रकृति और संस्कृति के बीच जन्मे उस संतुलन को लगातार पीछे धकेला, जो भारतीय जीवन-पद्धति की आत्मा था। बीते दो शताब्दियों में आर्थिक वृद्धि के नाम पर वह दृष्टि हावी हुई जिसने जल, भूमि और समुदायों को संसाधन भर मान लिया। परिणाम यह हुआ कि भारत की अर्थव्यवस्था में कभी 32 प्रतिशत तक योगदान देने वाला प्रकृति-संस्कृति का साझा योग आज घटकर मात्र 4 प्रतिशत तक पहुँच गया है। इस पृष्ठभूमि में भू-सांस्कृतिक मानचित्रण का विचार न केवल वैज्ञानिक महत्व रखता है, बल्कि भारत के भविष्य की दिशा तय करने वाला सांस्कृतिक दस्तावेज भी बन सकता है। भू-सांस्कृतिक मानचित्र की अवधारणा यह स्वीकार करती है कि भारत को सिर्फ 15 एग्रो-क्लाइमेटिक ज़ोन में बाँटकर नहीं समझा जा सकता। देश की मिट्टी, नमी, स्थलरूप, ऋतु-चक्र, कृषि-पद्धति, बोली-भाषाएँ, लोक-ज्ञान और सामुदायिक ढाँचे इतनी विविधता लिए हुए हैं कि वास्तविकता में यहाँ 86 से अधिक भू-सांस्कृतिक क्षेत्र मौजूद हैं। इन क्षेत्रों की पहचान सात प्रमुख मानकों के आधार पर की जाती है मिट्टी का प्रकार, जल-उपलब्धता, खेती, प्राकृतिक वनस्पतियाँ, पारंपरिक पेशे, सांस्कृतिक व्यवहार और सामुदायिक जल-प्रबंधन। इन सभी तत्वों के संगम से बनने वाले प्रत्येक क्षेत्र का चरित्र विशिष्ट होता है और वही इसे भू-सांस्कृतिक इकाई बनाता है।

इस दृष्टिकोण के उभार के पीछे जल-संरक्षण और नदी-पुनर्जीवन का बड़ा अनुभव भी है। राजस्थान के अलवर में तीन दशक से अधिक समय से जल-कार्य कर रहे तरुण भारत संघ ने पिछले दस वर्षों में 23 नदियों को पुनर्जीवित किया है। इन प्रयासों से यह अनुभव उभरकर आया कि पानी, मिट्टी और संस्कृति एक-दूसरे के पूरक हैं। जहाँ समुदाय अपनी पारंपरिक जल-व्यवस्थाओं के साथ सक्रिय रहता है, वहाँ भूमि की नमी, खेती की उत्पादकता, जैव-विविधता और सामाजिक सद्भाव–सभी में सुधार होता है। यही अनुभव भू-सांस्कृतिक मानचित्रण की वैज्ञानिक आधार-भूमि बनकर उभरा है।

इस अवधारणा की चर्चा हाल ही में नई दिल्ली स्थित इंडियन नेशनल साइंस एकेडमी में आयोजित एक राष्ट्रीय कार्यशाला में हुई, जहाँ देशभर के वैज्ञानिकों, शिक्षाविदों, अर्थशास्त्रियों, डिज़ाइन विशेषज्ञों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने इसे भारत के भविष्य की दिशा के रूप में रेखांकित किया।

विकास बनाम पुनर्जनन के संदर्भ में नये नजरिये को विकसित करने के लिए जल चेतना वाहक एवं जानकार डॉ. राजेंद्र सिंह ने भू-सांस्कृतिक मानचित्र की संकल्पना का एक खाका सामने रखा, जो विकास की पुरानी दृष्टि से बाहर आकर प्रकृति और संस्कृति के पुनर्जनन को केंद्र में होने की पैरवी करता है। ये आत्मनिर्भर भारत का मूल मार्ग होगा। समाज-जीवन में आनंद की प्राप्ति के लिए एक बार फिर अपनी प्रकृति और संस्कृति के योग की ओर देखने की जरूरत है। इस समन्वय को देख, समझकर जब भारत के पुनर्जनन की रीति-नीति और भू-सांस्कृतिक मानचित्र पर काम किया जाएगा, तो देश फिर से अपनी समृद्धि की राह पकड़ेगा। ये समृद्धि की राह ही सनातन होगी।

भू-सांस्कृतिक मानचित्र केवल शोध का विषय नहीं, बल्कि समुदायों पर आधारित विकास का व्यवहारिक ढाँचा है। दिल्ली विश्वविद्यालय की प्रोफेसर मधुलिका बैनर्जी बताती है कि शिक्षा व्यवस्था ने लोक-ज्ञान को उपेक्षित किया है, जबकि भारतीय समाज प्रकृति और संस्कृति के सह-अस्तित्व पर टिका है। एनसीईआरटी के विशेषज्ञों ने भी इस बात को स्वीकार किया कि स्थानीय भू-सांस्कृतिक अध्ययन को पाठ्यक्रम में शामिल किए बिना शिक्षा को वास्तविक जीवन से नहीं जोड़ा जा सकता।

पर्यावरणीय अर्थशास्त्री विजय परांजपे का मानना है कि भारत के कई क्षेत्र ऐसे हैं जहाँ संस्कृति और पारिस्थितिकी के पारंपरिक तालमेल को फिर से समझने की आवश्यकता है। हमें भू-सांस्कृतिक दृष्टि के आर्थिक पक्ष को को भी देखने की जरूरत होगी। भारत के कई क्षेत्र ऐसे हैं जहाँ संस्कृति और पारिस्थितिकी के पारंपरिक तालमेल को फिर से समझने की आवश्यकता है। लद्दाख का उदाहरण है, जहाँ दो अलग-अलग सांस्कृतिक समुदाय होने के बावजूद पारिस्थितिकी-आधारित जीवन-शैली सामाजिक समरसता का आधारित है। महाराष्ट्र के कोकण और मराठवाड़ा में भी इसी तरह की पारंपरिक जल-संस्कृतियाँ मौजूद हैं, जिन्हें भू-सांस्कृतिक दृष्टि से देखने पर कई नए पाठ खुलते हैं। इस अवधारणा को दृष्टिगत रखते हुए अहमदाबाद के एक डिजाइन संस्थान के छात्रों ने देश के विभिन्न क्षेत्रों के भू-सांस्कृतिक मानचित्र पर प्रारंभिक स्तर पर कार्य किए है। इन मानचित्रों में स्थानीय मिट्टी के रंग से लेकर वर्षा-चक्र, लोक-गीतों, खाद्यान्न, नदी-प्रणालियों और पारंपरिक पेशों को दर्शाया गया। ये डिजाइनें बताती है कि भू-सांस्कृतिक मानचित्रण युवाओं के लिए एक प्रयोगशील और रचनात्मक अभ्यास के रूप में उभर सकता है, जो उन्हें अपने परिवेश और जड़ों से गहरे जोड़ता है।

दरअसल, भू-सांस्कृतिक मानचित्र भारत को विकास के उस मॉडल से बाहर निकालने का मार्ग सुझाता है जो केवल संरचनात्मक विस्तार और संसाधनों की खपत को विकास मानता रहा है। मानचित्र बताता है कि वास्तविक विकास तब होगा जब भूमि, जल, जंगल, कृषि और समुदाय–सभी आपसी तालमेल में पुनर्जीवित हों। यही दृष्टि पुनर्जनन आधारित विकास का आधार है, जो न केवल पर्यावरणीय संतुलन बल्कि सामाजिक और आर्थिक स्थिरता भी प्रदान कर सकती है।

नालंदा विश्वविद्यालय के कुलपति और ऋद्धस के महानिदेशक डॉ. सचिन चतुर्वेदी ने वैश्विक संदर्भों के नजरिये से बात रखी कि विश्व समुदाय अभी तक केवल 12 प्रतिशत सतत विकास लक्ष्यों को ही पूरा कर पाया है। ऐसे समय में स्थानीय सांस्कृतिक क्लस्टर और पारंपरिक इको-प्रक्रियाएं नए वैश्विक विकास-मॉडल बनेंगे। स्थानीय भू-सांस्कृतिक दृष्टि ही विश्व के सामने एक व्यावहारिक, समुदाय-आधारित और आत्मनिर्भर मॉडल प्रस्तुत कर सकती है।

वास्तव में भू-सांस्कृतिक मानचित्र भारत की उस सामूहिक स्मृति को जगाने का प्रयास है जिसे विकास की अंधी दौड़ में कहीं पीछे छोड़ दिया गया। ये मानचित्र हमें याद दिलाते है कि भारत की सभ्यता का मूल उसकी विविधता में नहीं, बल्कि विविधताओं के मधुर सह-अस्तित्व में है। जब भारत जल, भूमि, नदियों, खेती और संस्कृति के अपने प्राचीन योग को फिर से समझेगा, तभी पुनर्जनन आधारित विकास की राह स्थायी रूप से खुलेगी। भू-सांस्कृतिक मानचित्र इसी समझ का प्रस्ताव है, जो भविष्य के भारत को केवल विकसित नहीं, बल्कि पुनर्जीवित करने की क्षमता रखता है। ये भारत का भू-सांस्कृतिक मानचित्र नीति निर्माताओं, योजनाकारों, ब्यूरोक्रेट्स, आमजन को ऐसे मॉडल प्रदान कर सकता है, जिनमें स्थानीय जरूरतें, विविधता का सम्मान, जल-मिट्टी-संस्कृति-अर्थव्यवस्था का संतुलन स्पष्ट रूप से समझा जा सकेगा।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**

आपकी सफलताओं की लोग चर्चा करेंगे। लम्बे समय से चला आ रहा तनाव दूर होगा। अस्थमा के रोगियों को अपनी सेहत का ध्यान रखना चाहिये।

**वृषभ**

व्यवसाय में नया प्रयोग लाभकारी सिद्ध होगा। सरकारी कार्यों में सफलता मिलेगी। अच्छी संगत के कारण आपके कार्य सरलता से बन जायेंगे।

**मिथुन**

कार्यक्षेत्र का वातावरण बेहतरीन रहेगा। यात्राओं की योजना बना सकते हैं। नयी स्किल्स सीखने के लिये अच्छा समय है। आपकी प्रबन्धन क्षमता की प्रशंसा होगी।

**कर्क**

आपको कार्यक्षेत्र में उच्च अधिकार प्राप्त हो सकते हैं। अभिमान से आपको दूर रहना चाहिये। गलतफहमी के कारण सम्बन्धों में कटुता आ सकती है।

**सिंह**

घरेलू समस्याओं का समाधान होगा। मार्केटिंग सम्बन्धी व्यवसाय में उच्च लाभ होने की सम्भावना है। बौद्धिक क्षमता का कुशल प्रयोग करेंगे।

**कन्या**

मामा पक्ष के साथ अपने सम्बन्ध मधुर रखें। पेपर वर्क को लेकर सावधानी रखें। रिसर्च सम्बन्धी कार्यों में बाधा उत्पन्न हो सकती है।

**तुला**

नौकरी में उच्च पद मिल सकता है। धर्म-कर्म के प्रति आपका मन लगेगा। शत्रुओं के ऊपर आप भारी पड़ेंगे। आपके मन में नये-नये आइडियाज आ सकते हैं।

**वृश्चिक**

अविवाहितों का विवाह तय हो सकता है। योजनाओं को अच्छी तरह से कार्यान्वित कर पायेंगे। इससे आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

**धनु**

कार्यक्षेत्र का वातावरण थोड़ा अच्छा रहेगा। अधिकारी आपके विचारों से प्रभावित रहेंगे। पेट में वायु विकार उत्पन्न हो सकते हैं। व्यवसाय में बड़े सरकारी ऑर्डर मिलने की सम्भावना है।

**मकर**

कार्यक्षेत्र में अपनी योग्यता का परिचय देंगे। नया कार्य आरम्भ करने में कठिनाई होगी। मित्रों के साथ अच्छा समय बितायेंगे। बच्चों की पढ़ाई में परेशानियाँ होंगी।

**कुंभ**

नयी परियोजनाओं में धन निवेश कर सकते हैं। धैर्यपूर्वक आपको कार्य करना चाहिये। दैनिक दिनचर्या व्यवस्थित और अनुशासित रहेगी।

**मीन**

एलर्जी व बुखार की परेशानी होगी। खानपान के प्रति लापरवाही न करें। आपको अपनी फिटनेस पर ध्यान देना चाहिये। कार्यक्षेत्र में आपका अपमान हो सकता है।

## संक्षिप्त समाचार

### सहायक अधीक्षक भूतपूर्व सैनिक पद हेतु प्रारंभिक लिखित प्रतियोगिता परीक्षा संपन्न

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बिहार पुलिस अबर सेवा आयोग द्वारा सहायक अधीक्षक भूतपूर्व सैनिकों की कुल 25 रिक्तियों के लिए निर्गत विज्ञापन के आलोक में दिनांक 07.12.2025 (रविवार) को प्रारंभिक लिखित प्रतियोगिता परीक्षा आयोजित की गयी। इस परीक्षा में कुल 1915 अभ्यर्थियों के लिए पटना शहर में 03 परीक्षा केन्द्र बनाये गये थे। प्रारंभिक लिखित प्रतियोगिता परीक्षा एक पाली में आयोजित की गयी। परीक्षा पूर्वाह्न 11:00 बजे से प्रारंभ हुई. स्वच्छ एवं कदाचार मुक्त परीक्षा सम्पन्न कराने हेतु परीक्षा केन्द्रों पर जैमर का अधिष्ठापन कराया गया। सी०सी०टी०भी सर्विलांस, प्रत्येक सेन्टर पर हॉट लाईन, प्रवेश गेट पर अभ्यर्थियों की फोटोग्राफी एवं विडियोग्राफी, परीक्षा के समय अभ्यर्थियों का बायोमेट्रिक फिंगरप्रिंट, परीक्षा के समय अभ्यर्थियों की फोटोग्राफी तथा परीक्षा के समय अभ्यर्थियों की विडियोग्राफी करायी गयी।किसी भी परीक्षा केन्द्र से कोई अप्रिय समाचार प्राप्त नहीं हुआ। केन्द्राधीक्षकों, प्रशासन एवं पुलिस तथा अभ्यर्थियों का स्वच्छ एवं कदाचारमुक्त परीक्षा कराने में पूर्ण सहयोग रहा। फलतः परीक्षा पूर्णतः शांतिपूर्ण, कदाचाररहित एवं स्वच्छता के साथ सम्पन्न हुई।

### तेज रफ्तार वाहन ने पैदल जा रहे व्यक्ति को कुचला, मौके पर मौत, चालक फरार

**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पटना के गौरीचक थाना क्षेत्र के बेलदारी चक इलाके में रिंग रोड पर तेज रफ्तार वाहन हाइवा ने एक पैदल जा रहे व्यक्ति को कुचल दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई.दुर्घटना इतनी भयंकर थी कि व्यक्ति का शरीर बुरी तरह क्षत-विक्षत हो गया, जिससे उसकी पहचान करना भी मुश्किल हो रहा था. हालांकि बाद में मृतक की पहचान हो गई. मौके पर पहुंची पुलिस ने दुर्घटना



स्थल का निरीक्षण किया और छानबीन शुरू कर दी. वहीं मृतक की पहचान महद्दीपुर के उमेश पासवान के रूप में होते ही परिवार में कोहराम मत गया. मृतक के पत्नी बच्चे पूरे परिवार के लोगों का रो रो कर बुरा हाल हो रहा.गौरीचक थाना अध्यक्ष ने बताया कि मृतक का नाम उमेश पासवान (उम्र 52 वर्ष), पिता सखीचंद्र पासवान, ग्राम महद्दीपुर, थाना गौरीचक, जिला पटना है.पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विधिवत कार्रवाई करते हुए पोस्टमार्टम के लिए एनएमसीएच पटना भेज दिया.चालक फिलहाल फरार है और पुलिस उसकी तलाश कर रही है.

### उन्नत अस्थि-चिकित्सा शिक्षा की नई दिशा, एम्स पटना में हिप प्रत्यारोपण विषयक महत्वपूर्ण संगोष्ठी सम्पन्न

**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, पटना के अस्थि-चिकित्सा विभाग में आज हिप प्रत्यारोपण विषय पर उच्चस्तरीय चिकित्सकीय संगोष्ठी तथा प्रत्यक्ष अभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें प्रदेश के अनेक वरिष्ठ अस्थि-विशेषज्ञों तथा प्रशिक्षु चिकित्सकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया.. विभागाध्यक्ष डॉ. सुदीप कुमार ने बताया कि हिप प्रत्यारोपण को आधुनिक चिकित्सा का अत्यंत परिवर्तनकारी उपचार माना जाता है और संस्थान में वर्ष 2014 से इस प्रक्रिया का सफलतापूर्वक संचालन हो रहा है. उन्होंने कहा कि हिप जोड़ों की सूजन और दर्द से पीड़ित रोगियों को इस उपचार से चुनौतियों से मुक्ति एवं सामान्य जीवन प्राप्त करने में अत्यधिक सहूलियत मिलती है.. उन्होंने



कहा कि यह संगोष्ठी भावी चिकित्सकों को सुरक्षित, प्रमाणिक और उच्च स्तर की शल्य-प्रक्रियाओं से अवगत कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है.. कार्यक्रम में एम्स पटना के चिकित्सकीय अधीक्षक डॉ. अनुप कुमार ने कहा कि संस्थान हिप प्रत्यारोपण सहित सभी अस्थि-चिकित्सा उपचारों को और अधिक सक्षम एवं व्यापक बनाने के लिए सतत प्रयत्नशील है.. कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण प्रत्यक्ष अभ्यास सत्र रहा, जिसमें प्रशिक्षु चिकित्सकों को कृत्रिम हड्डी पर हिप प्रत्यारोपण की सूक्ष्म तकनीकों का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया.. इस संगोष्ठी में बाहरी आमंत्रित विशेषज्ञ डॉ. संजय यादव (वाराणसी) और डॉ. दीपक गौतम (मुंबई) ने भाग लेकर अपने अनुभव साझा किए.. साथ ही पटना के वरिष्ठ अस्थि-चिकित्सकों— डॉ. बलगोविंद राजा, डॉ. वसीम अहमद, डॉ. आशीष सिंह, डॉ. रामकांत कुमार, डॉ. निषीअंत कुमार, डॉ. रितेश पांडेय, डॉ. अविनाश कुमार और डॉ. प्रभात अग्रवाल ने भी विविध शैक्षणिक सत्रों में सहभागिता की.. यह आयोजन हिप रोगों से जूझ रहे मरीजों के लिए उच्चस्तरीय चिकित्सकीय सेवाओं को सुदृढ़ करने तथा अस्थि-चिकित्सा शिक्षा को और अधिक व्यवहारिक एवं उन्नत बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल सिद्ध हुआ है.

# बाइक सवार दंपति को ट्रक ने रौंदा, पत्नी की मौत

### पति व पुत्र जख्मी, ट्रक के चक्के में बाइक फंसने से दो किमी दूर तक घसीटा

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के एमईएस पुल के पास शनिवार की रात बेलगाम ट्रक ने बाइक सवार दंपति को रौंद दिया. जिसमें पत्नी की दर्दनाक मौत , पति व पुत्र जख्मी हो गये. मृतका की पहचान थाने के ताराचक निवासी अखिलेश कुमार के 23 वर्षीय पत्नी नीतू देवी के रूप में हुई है. पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर अनुमंडलीय अस्पताल में रविवार को पोस्टमार्टम करा कर परिजनों को सौंप दिया. मौत की खबर मिलते ही परिजनों चित्कार कर उठे. बताया जाता है कि अखिलंश कुमार अपनी पत्नी नीतू देवी और डेढ़ वर्षीय पुत्र के साथ शनिवार की रात अपने ससुराल खासपुर, मनेर से बाइक से घर लौट रहे थे. इसी दौरान एमईएस पुल के पास सामने से



आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दिया . जिससे बाइक सवार अखिलेश की पत्नी नीतू ट्रक के चक्कों के नीचे आ गईं और उनकी घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई. जबकि बाइक चल रहे अखिलेश और उनका छोटा बच्चा कुछ दूर जा गिरे. जिससे दोनों को मामूली चोटें आई हैं. टक्कर के बाद बाइक ट्रक के चक्के में फंस गई और ट्रक चालक उसे घसीटते हुए करीब दो किमी दूर नवलखा मंदिर तक ले गया और फरार हो गया. दो किमी तक सेना क्षेत्र होने के बाद भी ट्रक चालक बाइक को घसीटते हुए ले गये और आराम से फरार हो गया. जबकि सेना क्षेत्र में जवानों सुरक्षा में कई जगहों पर तैनात रहते हैं. इसके बाद भी ट्रक चालक फरार हो गया.घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और यातायात पुलिस मौके पर पहुंच. पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडलीय अस्पताल भेज दिया. यातायात पुलिस ने क्षतिग्रस्त बाइक को जब्त कर थाने ले गई. पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है, ताकि फरार ट्रक और उसके चालक की पहचान की जा सके. हादसे की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया. थानाध्यक्ष प्रशांत कुमार भारद्वाज ने बताया कि मामले की जांच जारी है और आरोपी चालक की तलाश तेज कर दी गई है.

## रामकृष्ण नगर थाना अध्यक्ष का हार्ट अटैक से निधन, पुलिस महकमे में शोक की लहर

**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रामकृष्ण नगर थाना में पदस्थापित 2009 बैच के पुलिस पदाधिकारी एवं वर्तमान थाना अध्यक्ष संजीव कुमार का शनिवार रात हार्ट अटैक से निधन हो गया. वह मूल रूप से मुजफ्फरपुर के रहने वाले थे. रात करीब 9 बजे अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई और सीने में तेज दर्द की शिकायत हुई. साथी पुलिसकर्मियों ने उन्हें तुरंत आनंद फनन स्थित पारस हॉस्पिटल ले जाया गया. पारस हॉस्पिटल में डॉक्टरों ने करीब तीन घंटे तक लगातार प्रयास किया, लेकिन उनकी हृदय गति रुक गई और उन्हें मृत घोषित कर दिया. अस्पताल प्रशासन के अनुसार उनकी मौत हार्ट अटैक से हुई है. संजीव कुमार की उम्र लगभग 50 से 55 वर्ष के बीच बताई जा रही है. शनिवार को क्राइम मीटिंग में भी वह शामिल थे, देर शाम तक लोगों के कॉल रिसीव कर रहे थे



और लोगों से बात कर रहे थे.उसे समय तक सब कुछ ठीक-ठाक था. देर रात उनकी तबीयत अचानक बिगड़ने लगी. सीडीपीओ पटना सदर-2 रंजन कुमार ने भी उनके निधन की पुष्टि की है. अचानक हुई इस घटना से पूरे पुलिस महकमे में शोक की लहर दौड़ गई है. रामकृष्ण नगर थाना के सभी पदाधिकारी मातम में डूबे हुए हैं. परिवार के लोगों का रो-रोकर बुरा हाल है. पारस हॉस्पिटल से पोस्टमार्टम के लिए शव को आईजीआईएमएस भेजा गया. इसके बाद पुलिस लाइन में एसएसपी, आईजी सहित सभी वरिष्ठ अधिकारी श्रद्धांजलि दी.

## एम्स में दो दिवसीय राइनोप्लास्टी वर्कशॉप सम्पन्न

### देशभर के प्लास्टिक सर्जनों ने वेबिनार में साझा किए अनुभव

**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** एम्स पटना के बर्न्स एवं प्लास्टिक सर्जरी विभाग तथा बिहारझझारखंड प्लास्टिक सर्जन्स एसोसिएशन द्वारा 6 और 7 दिसंबर को दो दिवसीय राइनोप्लास्टी (नाक की सर्जरी) वर्कशॉप का सफल आयोजन किया गया. कार्यक्रम का उद्घाटन प्रो. ब्रिगेडियर (डॉ.) राजू अग्रवाल, कार्यकारी निदेशक, एम्स पटना ने राष्ट्रीय अतिथियों-डॉ. पी. एस. भंडारी (नई दिल्ली), डॉ. राजीव अग्रवाल (लखनऊ), डॉ. वेंकट यामिनी (हैदराबाद) तथा डॉ. वीणा कुमारी सिंह, विभागाध्यक्ष की उपस्थिति में किया. वर्कशॉप के दौरान तीन महिला मरीजों की राइनोप्लास्टी की गई. दो मरीजों में बचपन की चोट के कारण नाक की हड्डी टेढ़ी थी, जबकि एक मरीज की नाक चौड़ी और मोटी थी. देश के विख्यात प्लास्टिक सर्जन डॉ. भंडारी और डॉ. राजीव ने अलग-अलग तकनीकों से इन सभी सर्जरियों का प्रदर्शन किया और राइनोप्लास्टी के विविध पहलुओं पर विस्तृत व्याख्यान दिए. इसी क्रम में एक राष्ट्रीय वेबिनार का भी आयोजन हुआ, जिसमें देशभर से प्लास्टिक सर्जनों ने ऑनलाइन जुड़कर अपने अनुभव साझा किए और सक्रिय रूप से सहभागिता की. कार्यक्रम का संचालन डॉ. वीणा कुमारी सिंह के नेतृत्व में किया गया.





उनकी टीम से डॉ. अंसारुल हक, डॉ. सर्सिज शर्मा, डॉ. विश्वदीप, डॉ. कुलदीप, नर्सिंग स्टाफ और ओ.टी. टीम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई. निश्चेतक टीम में डॉ. चांदनी, डॉ. निशांत और डॉ. अभ्युदय ने सहयोग दिया. वर्कशॉप में पटना के वरिष्ठ प्लास्टिक सर्जन-डॉ. बी. के. शर्मा, डॉ. संजय गुप्ता, डॉ. रामपुकार, डॉ. ओंकार, डॉ. अनुराग, डॉ. शाहनवाज-तथा रेजिडेंट डॉक्टरों ने भी भाग लिया, जिससे कार्यक्रम एक समृद्ध और प्रभावी शैक्षणिक पहल बन गया.

## धान खरीदारी में कमीशन को लेकर सुखलही पैक्स अध्यक्ष का ऑडियो वायरल

**मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** अधिकारियों को पीसी(कमीशन) देने के कारण खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा निर्धारित न्यूनतम समर्थन मूल्य पर धान की खरीदारी करना संभव नहीं है। उक्त बाते एक वायरल ऑडियो के माध्यम से सुखलही पंचायत के पैक्स अध्यक्ष सुजीत कुमार ने कही है।हालांकि वायरल ऑडियो का पुष्टि राष्ट्रीय सहारा अखबार नहीं करता है।वायरल ऑडियो में पैक्स अध्यक्ष ने कहा है कि प्रति क्विंटल धान की खरीदारी की एवज मे 80 रुपया साहेब लोगो (बीसीओ डीसीओ बैंक एसएफसी) को कमीशन देना पड़ता है। वही 110 रुपया कुटाई, 60 रूपया भाडा.सहीत 250 रूपया प्रति क्विंटल हमको दे देना पड़ता है।आगे वायरल ऑडियो में पैक्स अध्यक्ष ने कहा है की पेमेंट करने में भागम भाग करना पड़ता है।

## दानापुर छावनी परिषद प्रशासन दो जगह पर बनाएगा वेंडिंग जोन, 110 लाभुकों को मिलेंगी दुकानें

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शहर में फुटपाथ दुकानदारों को व्यवस्थित करने के लिए छावनी परिषद प्रशासन ने बस पडाव व डायना सिनेमा के सामने वेंडिंग जोन का निर्माण किया जाएगा। टेंडर की प्रक्रिया शुरू हो गई है. परिषद के मुख्य अधिशासी पदाधिकारी सपन कुमार ने बताया कि परिषद क्षेत्र में जाम से निजात दिलाने और सडक किनारे फुटपाथी दुकानों को वेडिंग जोन बनाकर लाभुकों के बीच दुकानों आवंटन किया जा रहा है. उन्होंने बताया कि परिषद प्रशासन द्वारा बस पडाव व डायना सिनेमा के सामने वेडिंग जोन में दुकानों का आवंटन किया जायेगा. जिससे दुकानदारों को उजडने का कोई डर नही रहेगा. उन्होंने बताया कि लाभुकों को दुकानों देने के लिए प्रक्रिया शुरू हो गया है. उन्होंने बताया कि वेडिंग जोन में एक साल का एग्रीमेंट पर दुकानों को आवंटन किया जायेगा. दुकानदारों का अच्छा चरित्र और व्यवहार रहेगा तो उनका एग्रीमेंट आगे भी बढाया जायेगा. वेडिंग जोन में सोलर लाइट लगाया जायेगा और साफ-सफाई का व्यवस्था परिषद प्रशासन द्वारा किया जायेगा. उन्होंने बताया कि फुटपाथ पर व्यवसाय करने वाले लोगों को यहां सस्ते दर में दुकान आवंटित किए जाएंगे. वेंडिंग जोन में सभी तरह की दुकानें उपलब्ध रहेंगी. फल से लेकर सभी तरह की दुकान संचालित होंगी.

**अतिक्रमण की समस्या होगी कम**

फुटपाथ दुकानदारों को स्थाई ठिकाना मिल जाएगा. शहर में अतिक्रमण की समस्या कम होगी. शहर में हजारों की संख्या में फुटपाथ पर दुकानें संचालित होती हैं, जिससे सड़कें संकीर्ण हो गई हैं. शहर में आवागमन प्रभावित है. समय-समय पर छावनी परिषद तथा जिला प्रशासन द्वारा अतिक्रमण हटाने के लिए अभियान भी चलाया जाता है. लेकिन फुटपाथ दुकानदारों की आजीविका इससे जुड़ी है, जिस कारण वे फिर अपनी दुकानें लगा देते हैं. फुटपाथ दुकानदारों की हमेशा से मांग रही है कि उन्हें हटाने से पहले किसी खास जगह पर व्यवस्थित किया जाए. परिषद प्रशासन इस दिशा में पहल की और वेंडिंग जोन में दुकानों को आवंटन की प्रक्रिया शुरू हो गया है. उन्होंने बताया कि सदर बाजार , पेठिया बाजार , तुरहा टोली समेत आदि जगहों पर वेडिंग जोन में दुकानों को आवंटित किया जायेगा.

## 10 माह बाद भी बंद पड़ा हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर कोली, स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही उजागर

**मुख्यमंत्री ने किया था उद्घाटन, लेकिन आज तक न डॉक्टर पहुँचे न कर्मी – स्थानीय लोग जल्द से जल्द से शुरू करने की कर रहे हैं मांग**

**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** राजधानी पटना से महज 15 किलोमीटर दूर संपतचक प्रखंड के कोली गांव में 21 फरवरी 2025 को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने ऑनलाइन उद्घाटन कर हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर की शुरूआत की थी. उस वक्त बिहार सरकार में मंगल पांडे स्वास्थ्य मंत्री थे और आज भी उसी विभाग की कमान उनके पास है. लेकिन उद्घाटन के 10 महीने बाद भी सेंटर का ताला नहीं खुला है. न एक दिन काम हुआ, न डॉक्टर-नर्स की पोस्टिंग हुई, न ही कोई अधिकारी हाल-चाल लेने पहुँचा.50 लाख रुपए से अधिक की लागत से यह सेंटर बना हुआ है. स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि उद्घाटन के बाद से यहां सिर्फ एक खामोश, बंद पड़ा भवन है जो दिखावे का टूटा हाथी-दांत बन कर रह गया है.

## माओवादियों के गढ़ में समाजसेवी सुखदेव बाबू ने दिखाई मानवता की राह

**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** छत्तीसगढ के माओवाद प्रभावित इलाकों में जहां वर्षों से भय, संसाधनों की कमी और स्वास्थ्य सुविधाओं का अभाव लोगों के लिए बड़ी चुनौती बना हुआ था वहीं अब सुरक्षित मातृत्व और स्वच्छ स्वास्थ्य सेवाएं नई उम्मीद लेकर उभर रही हैं. पटना ज़िले के संपतचक, एकतापुरम (भोगीपुर) निवासी, सर्वोच्च मानवाधिकार संरक्षण सम्मान से सम्मानित, मिशन नौनिहाल सम्मान के संस्थापक-संरक्षक तथा यूनिसेफ के स्थायी सहयोगी, वयोवृद्ध समाजसेवी सुखदेव बाबू इस परिवर्तन की धुरी बने हैं. यूनिसेफ के सहयोग से इन क्षेत्रों में पानी, स्वच्छता और हाइजीन (वाश) प्रणाली को मजबूत करने के कार्य में सुखदेव बाबू का महत्वपूर्ण योगदान रहा है. इनके दीर्घकालिक सहयोग से दूरस्थ स्वास्थ्य केंद्रों की हालत में उल्लेखनीय सुधार देखने को मिला है. अब छत्तीसगढ़ के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, मद्देद में स्वच्छता और सुरक्षित प्रसव की सुविधाएं उपलब्ध हैं. स्टेराइल उपकरण, साफ-सुथरा लेबर रूम और प्रशिक्षित नर्सों की सटीक देखरेख ने ग्रामीण माताओं के मन में अस्पतालों के प्रति विश्वास बढ़ाया है. कभी भय के प्रतीक रहे इन क्षेत्रों में अब स्वास्थ्य जागरूकता, स्वच्छता और सुरक्षित मातृत्व के संदेश पहुँच रहे हैं.स्थानीय स्वास्थ्य केंद्रों में बढ़ती सुविधाएँ इस बात का प्रमाण हैं कि जनसेवा की शक्ति माओवाद की चुनौतियों के बीच भी सकारात्मक बदलाव ला सकती है. इसी बदलाव का लाभ 19 वर्षीय वंदना को मिला. पहले घर पर प्रसव




कराने को बाध्य महसूस करने वाली वंदना ने जब स्वास्थ्य केंद्र पहुँची तो उसकी आशंकाएँ दूर हो गईं. प्रसव सुरक्षित हुआ और वंदना अब अपने गाँव की अन्य महिलाओं को भी अस्पताल में प्रसव कराने के लिए प्रेरित कर रही है. यूनिसेफ ने वयोवृद्ध समाजसेवी सुखदेव बाबू के इसी दीर्घकालिक योगदान की सराहना करते हुए उन्हें पुनः धन्यवाद दिया और कहा कि उनकी सेवा-भावना ने वंदना जैसी अनेक माताओं को सुरक्षित मातृत्व का भरोसा दिलाया है. यूनिसेफ ने आगे कहा कि मद्देड़ जैसे कठिन और संवेदनशील क्षेत्रों में वाश सेवाओं का सशक्त होना उन सहयोगियों की बदौलत संभव हुआ है जिन्होंने वर्षों से जनहित के कार्यों का संबल दिया है.

## ईपीएफ की अनिवार्यता हटाने की मांग को लेकर बिहार विधानसभा अध्यक्ष को सौंपा गया ज्ञापन

**पटना/ फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार श्रमजीवी पत्रकार यूनियन के सदस्यों ने पत्रकार पेंशन योजनाझ2019 में शिथिलता प्रदान करने की मांग को लेकर बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार को एक ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर यूनियन महा सचिव मुकुंद कुमार, उपाध्यक्ष आकाश कुमार, पटना जिला महासचिव प्रेम कुमार, श्रमजीवी पत्रकार यूनियन गया जिला कमिटी के अध्यक्ष रंजन सिन्हा,और शर्त के रूप में लागू किया जा रहा है। इसके कारण छोटे और क्षेत्रीय मीडिया संस्थानों में कार्यरत पत्रकार, जिन्हें न तो ईपीएफ की सुविधा मिलती है और न ही नियमित सैलरी स्लिप, पेंशन से वंचित रह जाते हैं। जबकि वास्तविकता यह है कि सबसे अधिक आवश्यकता इन्हीं पत्रकारों को है, जो सीमित संसाधनों और कम मानदेय में भी पत्रकारिता के दायित्वों का ईमानदारी से निर्वहन कर रहे हैं। अतः यूनियन ने मांग की कि ईपीएफ



सदाय आर्यन रंजन की ओर से उन्हें बिहार विधानसभा अध्यक्ष बनने पर हार्दिक बधाई भी दी गई और पत्रकारों की समस्याओं से अवगत कराया गया। ज्ञापन में बताया गया कि राज्य सरकार द्वारा पत्रकारों की मासिक पेंशन राशि छह हजार रुपये से बढ़ाकर पंद्रह हजार रुपये किया जाना एक सराहनीय कदम है, इसके लिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार एवं विधानसभा अध्यक्ष का आभार व्यक्त किया गया। लेकिन पेंशन योजना की नियमावली इतनी सख्त कर दी गई है कि राज्य के लगभग 95 प्रतिशत पत्रकार इसके दायरे से बाहर हो गए हैं।यूनियन ने अपने ज्ञापन में यह भी स्पष्ट किया कि पेंशन नियमावली-2019 में ईपीएफ (कर्मचारी भविष्य निधि) की अनिवार्यता का स्पष्ट उल्लेख नहीं है, फिर भी कई मामलों में इसे जरूरी की अनिवार्यता में शिथिलता प्रदान की जाए और सेवा अवधि के प्रमाण के रूप में मानदेय भुगतान पर्ची, एक्रिडेशन कार्ड अथवा बिहार डायरी में अंकित नाम को मान्यता दी जाए। ज्ञापन प्राप्त करने के बाद विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने आश्वासन दिया कि वह शीघ्र ही इस विषय पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से बातचीत कर पत्रकारों के हित में उचित निर्णय कराने का प्रयास करेंगे। इससे पत्रकार समुदाय में एक नई उम्मीद जगी है। वही बिहार विधानसभा के अध्यक्ष प्रेम कुमार ने श्रमजीव पत्रकार यूनियन के प्रतिनिधियों को आश्वासन किया कि मैं आप लोग के साथ हमेशा खड़ा रहूंगा. उन्होंने कहा कि आपकी मांगों पर गंभीरतापूर्वक विचार किया जाएगा और सभी मामलों का निष्पादन करने का अथक प्रयास होगा।

## इमेज आर्ट सोसाइटी के नाट्योत्सव 'रंग-उल्लास'2025' की शुरूआत, 'एक अजीब दास्तान' ने दर्शकों को किया मंत्रमुग्ध

**पटना/फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** इमेज आर्ट सोसाइटी द्वारा आयोजित दो दिवसीय नाट्योत्सव 'रंग-उल्लास-2025' का शुभारंभ शनिवार को प्रयास रंग अड्डा, पटना में हुआ। प्रथम दिन की मुख्य प्रस्तुति के रूप में नाटक 'एक अजीब दास्तान' का सफल मंचन किया गया, जिसके लेखक अख़्तर अली और निर्देशक शुभ्रो भट्टाचार्य हैं। नाटक की कहानी समाज में बढ़ रही अव्यवस्थाओं, व्यक्तिगत घुटन और मानसिक असंतुलन की स्थिति को आधार बनाती है। कथानक एक ऐसे आरोपी के इर्द-गिर्द घूमता है, जो यह मानता है कि समाज की समस्याओं के लिए ईश्वर जिम्मेदार हैं। इसी भ्रम में वह 'ईश्वर की हत्या' करने का दावा करते हुए स्वयं कानून के सामने आत्मसमर्पण कर देता है। अदालत में





वह खुद अपनी पैरवी करता है, जबकि सरकारी वकील परिस्थितियों का विश्लेषण करते हुए यह साबित करता है कि आरोपी मानसिक असंतुलन का शिकार है। अंततः अदालत उसे निर्दोष घोषित कर बाइज्जत बरी कर देती है।

**मंच पर जीवंत अभिनय**

नाटक में धीरज कुमार ने आरोपी की भूमिका निभाई, जबकि वकील की भूमिका में प्रिंस राज ने प्रभाव छोड़ा। न्यायाधीश की भूमिका में प्रियांसु कुमार और संतरी की भूमिका में राजन कुमार व राजीव रंजन केसरी मंच पर उपस्थित रहे। प्रकाश संचालन रवि बबलू, सेट डिजाइन मिथिलेश सिंह, वस्त्र विन्यास अजीत गुज्जर, मेकअप प्रिंस राज तथा पूर्वाभ्यास एवं मीडिया प्रबंधन मनीष महिवाल द्वारा किया गया।

**कल दो नाटकों का होगा मंचन**

नाट्योत्सव के दूसरे दिन, रविवार 7 दिसंबर को निर्देशक अंजारुल हक का नाटक 'वैष्णव' शाम 7 बजे और शुभ्रो भट्टाचार्य निर्देशित नाटक 'मरणोपरान्त' शाम 8:15 बजे मंचित किए जाएंगे।

## ट्रांसपोर्ट नगर की नारकीय स्थितिः करोड़ों टैक्स देने के बावजूद सड़क, नाला और स्ट्रीट लाइट जैसी मूलभूत सुविधाओं से वंचित

**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पटना के जीरो माइल बाईपास से लगे ट्रांसपोर्ट नगर की स्थिति वर्षों से बदहाल बनी हुई है. जहां हजारों मेडिसिन कंपनियों के कार्यालय, गोदाम और बड़े वेयरहाउस मौजूद हैं, वहीं इन संस्थानों से सरकार को हर साल करोड़ों रुपये का टैक्स मिलने के बावजूद इलाके में सड़क, नाला, जलनिकासी, स्ट्रीट लाइट और सफाई जैसी बुनियादी सुविधाएं आज तक उपलब्ध नहीं कराई गई हैं. ट्रांसपोर्ट नगर से पूरे बिहार और आसपास के कई राज्यों में दवाओं की सप्लाई होती है. प्रतिदिन सैकड़ों भारी वाहन, ट्रक और कंटेनर यहां पहुंचते हैं. इसके बावजूद सड़कें गड्ढों में तब्दील हैं. कई जगह इतना बड़ा गड्ढा है कि वाहन हिचकोले खाते हुए गुजरते हैं और आए दिन पलट भी जाते हैं, जिससे लाखों का





नुकसान होता है. नाला नहीं होने से पूरे इलाके में जलजमाव बना रहता है और धूल का गुबार लगातार उड़ता रहता है. इससे स्थानीय नागरिक, व्यापारी, कामगार और दुकानदार सांस संबंधी बीमारियों से परेशान हैं. व्यापारियों का कहना है कि सरकार के लिए ट्रांसपोर्ट नगर बड़ा राजस्व केंद्र है, परंतु सुविधाओं के नाम पर यहां कुछ भी नहीं है. स्थानीय लोगों ने बताया कि पूरे क्षेत्र में न सड़क है, न बिजली की स्ट्रीट लाइट, न सफाई की व्यवस्था. दिनभर भारी वाहनों की आवाजाही से धूल का ऐसा अंबार उठता है कि लोग रोगी बन चुके हैं. कई व्यवसायियों का कहना है कि क्षेत्र की बदहाली के कारण लगातार ट्रकों का फंसना, माल का नुकसान, वाहनों के क्षतिग्रस्त होने जैसी समस्याएं रोजमर्रा की बात हो गई हैं. स्थानीय व्यापारी, ट्रांसपोर्टर और नागरिकों ने बताया कि कई बार मंत्री, स्थानीय विधायक और प्रशासनिक अधिकारियों को इस स्थिति की जानकारी दी गई, लेकिन आज तक किसी ने इस महत्वपूर्ण व्यापारिक क्षेत्र की दयनीय हालत पर ध्यान नहीं दिया. लोगों का कहना है कि गर्मी और आम दिनों में ही यह हाल है, बारिश होने पर यहां स्थिति भयावह हो जाती है. कीचड़, गड्ढों और जलजमाव के कारण वाहनों का चलना मुश्किल हो जाता है और करोड़ों का माल समय पर सप्लाई नहीं हो पाता. गंदगी, कीचड़, टूटी सड़कें और धूल का गुबार ट्रांसपोर्ट नगर को "नारकीय क्षेत्र" में बदल चुके हैं. व्यापारियों और स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश है. उनका कहना है कि करोड़ों रुपये टैक्स देने के बावजूद ऐसा उपेक्षित व्यवहार समझ से परे है. उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि जल्द सुधार नहीं हुआ तो वे बड़े जन आंदोलन के लिए मजबूर होंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी सरकार और प्रशासन की होगी. स्थानीय लोगों और व्यापारियों की मांग है कि सड़क का पुनर्निर्माण कराया जाए, समुचित नाला व जलनिकासी बने, पूरे इलाके में स्ट्रीट लाइट लगाई जाए और नियमित सफाई की व्यवस्था हो. उनका कहना है कि ट्रांसपोर्ट नगर पटना की व्यापारिक धुरी है और इसकी उपेक्षा आर्थिक गतिविधियों पर गंभीर प्रभाव डाल रही है.

CMYK

## संक्षिप्त समाचार

### इंटर आर्ट्स की छात्रा तनु कुमारी को शिक्षा मंत्री ने किया सम्मानित, बिहार में पांचवां स्थान प्रात किया

**घोड़ासहन (पूर्वी चम्पारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड क्षेत्र के राजकीय गांधी उच्च विद्यालय भेलवा सर्किल इंटर आर्ट्स में राज्य में पांचवां स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा तनु कुमारी को बुधवार ज्ञान भवन पटना में शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने सम्मानित किया.देश के प्रथम राष्ट्रपति देशरत्न डॉ राजेंद्र प्रसाद के जन्म दिवस पर आयोजित मेघा दिवस समारोह 2025 में सम्मानित किया गया.इस दौरान तनु कुमारी को उत्कृष्टता प्रमाण पत्र के अलावे एक लैपटॉप, 30 हजार रुपए का चेक, पुस्तके प्रदान कर सम्मानित किया गया. यहां बताते चले कि बगही भेलवा पंचायत के बगही भेलवा गांव निवासी वार्ड सदस्य मणिभूषण सिंह माता सुनीता देवी की पुत्री तनु कुमारी ने इंटर की पढ़ाई राजकीय गांधी उच्च विद्यालय भेलवा सर्किल से की थी.सम्मान प्राप्त होने पर बीडीओ चंद्रभूषण कुमार,सीओ आनंद कुमार, संबंधित पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि प्रकाश सिंह (काका),पूर्व मुखिया प्रभात सिंह, चुन्नू सिंह,मुन्ना सिंह,मुखिया कैलाशी देवी,सरपंच रामवृक्ष राम, प्रधानाध्यापक मो.जफरूल हसन,लिपिक सुरेश कुमार सिंह बबलू सिंह,विजय किशोर सिंह,शिक्षक अरुण कुमार सिंह।



### रामकृष्ण विवेकानंद विद्या मंदिर का दसवां वार्षिकोत्सव धूमधाम से आयोजित

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रामकृष्ण विवेकानंद विद्या मंदिर, मंझरिया (बैरिया) में दसवां वार्षिकोत्सव बड़ी धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का मंच संचालन शिक्षिका नेहा, शिक्षक नीरेश तमांग, और विद्यार्थियों अंकित कुमार (वर्ग अष्टम) और नाजिया खातून (वर्ग नवम) ने किया।मुख्य अतिथि के रूप में ट्रैफिक डीएसपी अतुल दत्ता और गेस्ट ऑफ ऑनर सौरभ कुमार समारोह में शामिल हुए। श्री दत्ता ने दीप प्रज्वलन के बाद छात्रों को ट्रैफिक नियमों के पालन और अनुशासन के महत्व पर बल दिया, जबकि श्री कुमार ने आधुनिक शिक्षा, राष्ट्रीय सुरक्षा और युवाओं की भूमिका पर विचार साझा किए। कार्यक्रम का उद्घाटन शिक्षक नीरेश तमांग के स्वागत भाषण से हुआ, जिसके बाद दीप प्रज्वलन में मुख्य अतिथि, गेस्ट ऑफ ऑनर और विद्यालय प्रशासन ने भाग लिया। इसके बाद बच्चों ने शास्त्रीय नृत्य, योग प्रदर्शन, देशभक्ति गीत, सामूहिक गान और सामाजिक मुद्दों पर आधारित स्किट प्रस्तुत कर मंच को रंगीन बना दिया।विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री राजेश कुमार पांडेय ने विद्यालय की वार्षिक उपलब्धियों और शैक्षणिक प्रगति पर प्रकाश डाला। उन्होंने अभिभावकों का आभार व्यक्त किया और कहा कि उनका सहयोग बच्चों की सफलता के लिए अहम है।इस मौके पर विभिन्न श्रेणियों में पुरस्कार वितरण भी हुआ। कक्षा 10 के छात्र विवेक कुमार को बेस्ट स्टूडेंट ऑफ द ईयर का पुरस्कार मिला।कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन से हुआ, जिसे बेतिया ब्रांच के प्रधानाचार्य राधाकांत देवनाथ ने प्रस्तुत किया।



### मैनाटांड में मारपीट और छिनतई की घटना

**मैनाटांड़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पुरुषोत्तमपुर थाना क्षेत्र के परसा तिवारी चौक पर 45 हजार रुपये छीनने के मामले में केस दर्ज किया गया है। भलूवहिया निवासी अफरोज आलम ने आरोप लगाया है कि शोहेब, शेख इब्राहिम, मो. एखलाक, शेख अजमल और शेख जमाल ने उनके बेटे के साथ मारपीट कर रुपये छीन लिए। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### गौनाहा में चम्पारण विद्यापीठ महाविद्यालय का उद्घाटन

**गौनाहा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड के बेलसण्डी पंचायत स्थित आइडियल पब्लिक स्कूल में चम्पारण विद्यापीठ महाविद्यालय का उद्घाटन हुआ। एसडीओ सूर्य प्रकाश गुप्ता, एमएलसी आफाक अहमद और प्रमुख जय प्रकाश पासवान ने महाविद्यालय का शुभारंभ किया। इस महाविद्यालय में वोकेशनल कोर्स जैसे बीसीए, बीबीए, और बीएलएसआई सहित स्नातक पाठ्यक्रम भी होंगे। उद्घाटन कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय लोग और अतिथि उपस्थित थे।



### बुनियादी साक्षरता महापरीक्षा आयोजित

**साठी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** लौरिया प्रखंड के सीआरसी खजुरिया बहुअरवा में अक्षर आंचल योजना के तहत बुनियादी साक्षरता महापरीक्षा का आयोजन किया गया। सैकड़ों नव-साक्षर महिलाओं ने इस परीक्षा में भाग लिया। इस योजना का उद्देश्य महिलाओं को शिक्षा से जोड़ना है, खासकर उन महिलाओं को जो किसी कारणवश स्कूल नहीं जा सकीं। सफल परीक्षार्थियों को प्रमाणपत्र प्रदान किया जाएगा।

### मिथिलेश कुमार बने बानुछापर थानाध्यक्ष

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पुलिस अधीक्षक डा. शौर्य सुमन ने पुलिस अवर निरीक्षक मिथिलेश कुमार को बानुछापर थानाध्यक्ष बनाया है। श्री कुमार इसके पहले यातायात थानाध्यक्ष के पद पर तैनात थे। अपराध नियंत्रण एवं विधि व्यवस्था के मद्देनजर मिथिलेश कुमार की तैनाती बानुछापर थाना में की गई है। एसपी ने 24 घंटे के भीतर मिथिलेश कुमार को नए जगह पर योगदान देने को कहा है।

### अवैध निर्माण कार्य को सीओ ने रोका

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** अंचल के बुढ़वा गांव में खाता 60 खेसरा 222 गैरमजरूआ आम जमीन पर अतिक्रमण करने की शिकायत पर सीओ सुधांशु शेखर पहुचे और अतिक्रमणकारियों को कड़ी चेतावनी देते हुए निर्माण कार्य को रुकवा दिया। सीओ सुधांशु शेखर ने बताया कि रखइ चम्पापुर पंचायत के बुढ़वा गांव में एक गैरमजरूआ आम किस्म रास्ते की भूमि से अतिक्रमण हटाया गया था। हालांकि अतिक्रमण के आवेदक जलाम देवान के द्वारा ही उक्त भूमि को अतिक्रमण किये जाने की सूचना पर स्थलीय जांच की गई। और निर्माण कार्य को रोकते हुए उसे आवश्यक कागजातों की मांग की गई है। बता दे कि बुढ़वा गाव में जलाम देवान द्वारा गाव के ही मिसरून नेशा के विरुद्ध अतिक्रमण को लेकर वाद दायर किया गया था। जिसके आलोक में अतिक्रमण हटाया गया था। हालांकि अब आवेदक के द्वारा अपनी जमीन बताकर निर्माण कार्य किया जा रहा था। वही मिशरून नेशा भी उक्त भूमि को अपनी भूमि बताते हुए जिलाधिकारी, एसडीएम समेत डीसीएलआर व सीओ को आवेदन देकर जांच की मांग की है।

# रक्सौल-काठमांडू रेल कॉरिडोर की रफ्तार तेज, जनवरी में डीपीआर सौंपे जाने की तैयारी

**रक्सौल (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भारत-नेपाल के बीच रेल कनेक्टिविटी को नई दिशा देने वाली रक्सौल-काठमांडू लिंक रेल परियोजना अब निर्णायक मोड़ पर पहुंच गई है। फाइनल लोकेशन सर्वे लगभग पूरा हो चुका है और इसके आधार पर विस्तृत परियोजना रिपोर्ट जनवरी 2025 में तैयार हो जाएगी। रेल मंत्रालय से मिली जानकारी के अनुसार प्रस्तावित रूट पर भूमि सर्वेक्षण 80% से अधिक पूरा हो गया है। अब सर्वे रिपोर्ट को कॉर्पोरेट स्तर पर अंतिम रूप दिया जा रहा है। डीपीआर तैयार होते ही परियोजना की लागत और चरणबद्ध निर्माण की रूपरेखा भी सामने आ जाएगी। 2021 में मिली थी परियोजना को मंजूरी केंद्र सरकार ने वर्ष 2021 में इस ambitious रेल लाइन को अपनी स्वीकृति दी थी। इसके बाद ट्रैक इलेक्ट्रिफिकेशन, तकनीकी आकलन और भू-अध्ययन से जुड़ी प्रक्रियाएँ लगातार आगे बढ़ती रहीं। अब इन सभी के समापन के बाद परियोजना अगले चरण में प्रवेश कर रही है। रक्सौल से काठमांडू तक 136 किलोमीटर लंबी इस रेल लाइन पर 13 स्टेशन प्रस्तावित किए गए हैं। पूरा मार्ग दो हिस्सों में विभाजित रहेगा- (1) रक्सौल से कैचवन (भारत) (2) कैचवन से काठमांडू (नेपाल)। यह कॉरिडोर यातायात और व्यापार दोनों को नई गति देगा। परियोजना पूर्ण होने पर न सिर्फ रक्सौल-काठमांडू बल्कि जयनगर-जनकपुर और जोगबनी-विराटनगर जैसे सीमावर्ती शहरों को भी मजबूत रेल नेटवर्क का लाभ मिलेगा। इससे दोनों देशों के बीच लोगों की आवाजाही और कारोबारी गतिविधियों में वृद्धि होगी। अधिकारियों का कहना है कि डीपीआर में परियोजना की कुल लागत को अंतिम रूप दिया जाएगा, जो शुरूआती आकलनों के अनुसार हजारों करोड़ रुपये तक हो सकती है। भारतझ्ननेपाल की संयुक्त टीम डीपीआर के बाद निर्माण कार्य को गति देगी। परियोजना पूरी होने पर रक्सौल से काठमांडू के बीच यात्रा समय तीन से चार घंटे रह जाएगा। 2022 में शुरू हुई प्रारंभिक प्रक्रिया के बाद यह पहला मौका है जब परियोजना स्पष्ट रूप से आगे बढ़ती दिख रही है।




## हिन्दी बाजार व्यवसाई संघ का चुनाव हुआ सम्पन्न

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** हिंदी बाजार स्थित श्याम बाबा मंदिर के प्रांगण में 'हिंदी बाजार व्यवसाई संघ' का चुनाव संपन्न हुआ। उल्लेखनीय है कि 'हिंदी बाजार व्यवसाई संघ' मोतिहारी चैंबर ऑफ कॉमर्स से सम्बद्ध एक क्षेत्रीय इकाई है जिसकी स्थापना मोतिहारी चैंबर ऑफ कॉमर्स ने सन 2004 में किया था। बिगत दस वर्षों से हिंदी बाजार व्यवसाई संघ का चुनाव लंबित था जिसको आज 'हिन्दी बाजार व्यवसायई संघ' कि आम सभा बुलाकर सर्वसम्मति से 5 मुख्य पदों पर चुनाव कराया गया। इस चुनाव के लिए मुख्य निवार्ची पदाधिकारी चैंबर अध्यक्ष श्री अंगद सिंह एवं सहायक निवार्ची पदाधिकारी श्री सुधीर अग्रवाल को बनाया गया था। सभा में सर्वसम्मति से सत्र 2026 के लिए अध्यक्ष रामनाथ प्रसाद, उपाध्यक्ष अनिल कुमार, महासचिव मोनू कुमार उर्फ गोलू, सहसचिव नितेश बाजोरिया तथा कोषाध्यक्ष तारकेश्वर जी को चुना गया। उक्त सभा में हिंदी बाजार व्यवसाई संघ के सदस्य सरदार संदीप सिंह, सरदार मनदीप सिंह, राजेश कुमार, धीरज कुमार, चिंपू कुमार जायसवाल, पुच्ची जी, आनंद अग्रवाल, अजय अग्रवाल, हरि जी, विजय प्रसाद, विकास गुप्ता, राजन जी, दीपक जी, भूषण जी, प्रभात जी, अरुण कुमार और निर्वतमान अध्यक्ष मनमोहन शर्मा जी तथा मोतिहारी चैंबर के संस्थापक अध्यक्ष वीरेंद्र जालान, संजय जायसवाल, वरिष्ठ सदस्य सुधांशु रंजन सहित करीब 150 से अधिक संख्या में व्यावसाई मौजूद रहे।




## खुले में मांस बिक्री करने वालों के खिलाफ शुरू हुयी कार्रवाई

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर निगम ने रविवार को खुले में मांस बिक्री करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हुए मोहर्रम चौक पर स्थित मांस विक्रेताओं के सामान और उनके चबूतरे को ध्वस्त कर दिया। निगम के कर्मचारियों ने जेसीबी मशीन का इस्तेमाल कर मांस बिक्री के लिए बनाए गए चबूतरे को तोड़ दिया और विक्रेताओं का सामान जब्त कर लिया।इसके अलावा, कचहरी गेट के सामने सड़क पर अतिक्रमण कर बनाए गए शेड्स, जिनमें रजाई, तोशक, तकिया आदि बनाने और बेचने के लिए अस्थाई दुकानें बनाई गई थीं, उन्हें भी तोड़ दिया गया। इस दौरान मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई थी, जो निगम की कार्रवाई को देख रही थी।आपको बता दें कि दो दिन पहले ही नगर निगम प्रशासन ने खुले में मांस और मछली बेचने वालों को सख्त चेतावनी दी थी। उन्हें ट्रेड लाइसेंस प्राप्त करने और मांस-मछली की बिक्री मानक के तहत साफ-सफाई और उचित स्थान पर करने के निर्देश दिए गए थे। बावजूद इसके, कई स्थानों पर नियमों का उल्लंघन जारी रहा, जिसके बाद निगम प्रशासन ने यह कड़ी कार्रवाई की।इस कदम के पीछे नगर के कई संगठनों और गणमान्य व्यक्तियों की ओर से नगर निगम से खुले में मांस और मछली की बिक्री पर रोक लगाने की मांग की गई थी। अब निगम की इस कार्रवाई के बाद आम जनता ने राहत की सांस ली है और वे इसे स्वागत योग्य कदम मानते हुए नगर के अन्य इलाकों में भी इसी तरह की ठोस कार्रवाई की उम्मीद जताई है।निगम प्रशासन की इस कार्रवाई से साफ है कि अब खुले में मांस-मछली की बिक्री पर सख्ती से रोक लगाई जाएगी, और भविष्य में नियमों के उल्लंघन करने वालों पर और भी सख्त कदम उठाए जाएंगे।

## 'नो योर पुलिस' कार्यक्रम में रसूलपुर थानाध्यक्ष ने बुनियादी विद्यालय के बच्चों को दी जागरूकता की सीख, कलम-कॉपी देकर किया प्रोत्साहित



**एकमा/रसूलपुर (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** समाज में बढ़ती कुरीतियों, साईबर अपराध, नशे के दुष्प्रभाव तथा पुलिस की नकारात्मक छवि को दूर करने के उद्देश्य से एसएसपी डॉ कुमार आशीष के निर्देश पर रसूलपुर थाना पुलिस द्वारा शैक्षणिक संस्थानों में जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में शनिवार को रसूलपुर चट्टी स्थित राजकीय बुनियादी विद्यालय में ह्लनो योर पुलिसह्व कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें थानाध्यक्ष राहुल कुमार श्रीवास्तव ने छात्र-छात्राओं को जागरूक किया। थानाध्यक्ष ने साईबर सुरक्षा, यातायात नियमों का पालन, नशापान के दुष्परिणाम, महिला सुरक्षा और समाज में फैल रही कुरीतियों पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बच्चों को बताया कि किस प्रकार सतर्क रहकर वे स्वयं तथा अपने परिवार को सुरक्षित रख सकते हैं। साथ ही पुलिस के कार्य, जिम्मेदारियों और जनता के प्रति उनकी भूमिका पर भी प्रकाश डाला। कार्यक्रम के दौरान थानाध्यक्ष ने विद्यालय में उपस्थित छात्र-छात्राओं को कलम और कॉपी देकर प्रोत्साहित किया, जिससे बच्चों में उत्साह देखा गया। वे लगातार समाज में पुलिस और जनता के बीच विश्वास बढ़ाने पर जोर दे रहे हैं। मौके पर एकमा सर्किल इंस्पेक्टर बी.के. सिंह, सब-इंस्पेक्टर स्मृति प्रिया, विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएँ तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ उपस्थित थे। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को जागरूक बनाकर सुरक्षित समाज निर्माण की दिशा में सार्थक पहल करना है।

## महिला स्वास्थ्य, सुरक्षा और स्वावलंबन को लेकर कार्यशाला का आयोजन

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शहर से सटे एडीपीएस स्कूल में रविवार को एंटी करप्शन इंटरनेशनल काउंसिल द्वारा महिला स्वास्थ्य, सुरक्षा एवं स्वालंबन के महत्व पर आधारित एक महत्वपूर्ण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य समाज में महिलाओं के प्रति जागरूकता और संवेदनशीलता बढ़ाना था, ताकि वे खुद को समाज में सुरक्षित और सशक्त महसूस कर सकें। कार्यक्रम में छात्रों, शिक्षकों, अभिभावकों और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यशाला का मुख्य विषय स्वस्थ नारी - सुरक्षित नारी - सशक्त नारी था, और विभिन्न विशेषज्ञों ने इस विषय पर महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। कार्यशाला का उद्घाटन बेतिया नगर निगम की मेयर, गरिमा देवी सिकारिया और एंटी करप्शन नेशनल काउंसिल के प्रदेश अध्यक्ष, मृत्यंजय कुमार तिवारी द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर श्री तिवारी ने अपने उद्बोधन में कहा कि महिला सशक्तिकरण सिर्फ एक नारा नहीं, बल्कि यह राष्ट्र के विकास और सामाजिक सुधार की अनिवार्य शर्त है। उन्होंने बताया कि महिलाओं का सशक्त होना समाज के हर क्षेत्र में परिवर्तन का कारण बनेगा।मेयर गरिमा देवी सिकारिया ने भी इस विषय पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जब महिलाएं स्वास्थ्य, शिक्षा, और सुरक्षा के क्षेत्रों में मजबूत होंगी, तभी वे आत्मनिर्भर बन सकेंगी और देश को आगे बढ़ाने में अपनी भूमिका निभा सकेंगी।कार्यशाला में जीएमसीएच के उपाधीक्षक डॉ. संजय कुमार, डॉ. सीमा गिरि, पायल गुप्ता, नेहा कुमारी, और अधिवक्ता अजय कुमार दूबे समेत अन्य सम्मानित व्यक्तित्व मौजूद रहे। इस कार्यशाला ने यह संदेश दिया कि महिलाओं की ताकत, उनकी सुरक्षा और उनका स्वालंबन ही समाज और राष्ट्र के प्रगति का मूल आधार है।



## मुंशी सिंह कॉलेज में जैव प्रौद्योगिकी पर विशेष व्याख्यान आयोजित

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मुंशी सिंह कॉलेज के बॉटनी विभाग और आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (क्द्अउ) के संयुक्त तत्वावधान में हरित ईंधन, स्वच्छ भविष्यः जलवायु परिवर्तन के लिए जैव प्रौद्योगिकी के उत्तर विषय पर एक वैज्ञानिक व्याख्यान आयोजित किया गया। कार्यक्रम का संयोजन डॉ. मयंक कपिला, समन्वयक-IQAC तथा डॉ. सफिकुर रहमान, विभागाध्यक्षझ्नवनस्पति विज्ञान विभाग ने किया। स्वागत भाषण प्रो. एम. एन. हक, प्राचार्य, ने प्रस्तुत किया। मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. सैयद शम्स यजदानी, अंतरराष्ट्रीय आनुवंशिक अभियंत्रण एवं जैव प्रौद्योगिकी केंद्र, नई दिल्ली से उपस्थित रहे। उन्होंने अपने व्याख्यान में बताया कि विश्व प्रतिवर्ष लगभग 35 अरब मैट्रिक टन कार्बन का उत्सर्जन कर रहा है, और यह प्रवृत्ति निरंतर बढ़ रही है। उन्होंने COP-2015 में लिए गए उस संकल्प की चर्चा की जिसमें कहा गया था कि औद्योगिकीकरण-पूर्व स्तर से तापमान में वृद्धि 2% से अधिक नहीं होनी चाहिए, परंतु वर्तमान में यह सीमा पार हो चुकी है। डॉ. यजदानी ने चेताया कि बढ़ते तापमान के कारण वेक्टर पारिस्थितिकी में बदलाव आ रहा है, और लगभग दस हजार वायरस ऐसे हैं जो जंगलों से समाज में फैलने के लिए तैयार हैं। यदि केवल एक कोरोना वायरस ने पूरी दुनिया को ठहरा दिया, तो कल्पना कीजिए यदि मात्र दस प्रतिशत वायरस समाज में प्रवेश कर जाएँ तो क्या स्थिति बनेगी। उन्होंने कहा कि जैव ईंधन में जलवायु परिवर्तन समस्या का समाधान है क्योंकि पारंपरिक कार्बन ईंधन की तुलना में जैव ईंधन पर्यावरण में अतिरिक्त कार्बन नहीं जोड़ता। उन्होंने बायोफ्यूल्स की चार पीढ़ियों का उल्लेख करते हुए बताया — पहली पीढ़ी खाद्यान्न स्रोतों से, दूसरी गैर-खाद्य स्रोतों से, तीसरी एल्गी/लिपिड आधारित और चौथी पीढ़ी दक्ष एल्गी की उत्पादकता बढ़ाने पर केंद्रित है। वर्तमान में हम दूसरी पीढ़ी के जैव ईंधनों का प्रयोग कर रहे हैं। आने वाले समय में यह और परिष्कृत होगी और जलवायु परिवर्तन को रोकने में अहम योगदान देगी। कार्यक्रम में डॉ. नरेंद्र सिंह, डॉ. अमित कुमार, डॉ. चित्रलेखा, डॉ. अभय, डॉ. सतीश तथा अरविंद कुमार (एल.एन.डी. कॉलेज) सहित अनेक गणमान्य शिक्षक उपस्थित थे। वनस्पति विज्ञान और प्राणीशास्त्र विभाग के सौ से अधिक छात्र-छात्राओं ने भी इस व्याख्यान में भाग लिया। धन्यवाद ज्ञापन डॉक्टर मयंक कपिला ने किया।



## 769 लाख रुपए की लागत से मिनी सदर हॉस्पिटल का निर्माण, लोगों को मिलेंगी मूलभूत सुविधाएं

**बनकटवा (पूर्वी चम्पारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड मुख्यालय स्थित बनकटवा मे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण 769 लाख रुपए की लागत से त्रिशूल इंजिकान प्राइवेट लिमिटेड के तहत गुणवत्ता पूर्ण तीन मंजिल भवन का निर्माण कराया जा रहा हैं इस समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के निर्माण से ग्रामीण और सुधरीढ़ क्षेत्रो के लोगो को सभी तरह के सुविधाएं मिलेगी यह मिनी सदर हॉस्पिटल लगभग 150 बेड का होगा जिसमे चौबीस घंटे अनुभवी डॉ ए एन एम और स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहेंगे और सभी तरह के मुलभुत सुविधाएं उपलब्ध रहेगी मरीजों को एक छत के अंदर एक्सरे, ऑक्सीजन, अल्ट्रासाउंड, निमुलाइजर, खून जांच, पेशाब जांच,बीपी, शुगर इत्यादि सारे सुबिधाये मरीजों को उपलब्ध कराई जाएगी.इस तरह के हॉस्पिटल का निर्माण से इस क्षेत्र मे पथर का मिल साबित करता हैं. क्योंकि इस तरह का हॉस्पिटल पुरे अनुमंडल मे एक ही हैं. इस सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के निर्माण से पुरे क्षेत्र के ग्रामीणों मे हर्ष व्याप्त हैं. हर्ष व्यक्त करने वालों मे लालबाबू राय, मौफिज, लखराज राय, शंभू पासवान सहित दर्जनों ग्रामीण शामिल हैं।



# चिरैया के 19 केंद्रों पर बुनियादी साक्षरता परीक्षा में 1337 नवसाक्षर महिलाएं हुई शामिल

**चिरैया(पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड के 19 परीक्षा केंद्रों पर रविवार को नवसाक्षर महिलाओं के लिए बुनियादी साक्षरता परीक्षा का आयोजन किया गया। इसके लिए महादेव साह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चिरैया कोठी, जगन्नाथ उच्च माध्यमिक विद्यालय चिरैया, उच्च माध्यमिक विद्यालय सरौगढ, उच्च माध्यमिक विद्यालय खड़तरी पश्चिमी सहित 19 संकुल संसाधन केंद्र को परीक्षा केंद्र बनाया गया था। इस संबंध में प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी सरोज कुमार सिंह ने बताया कि 1430 लक्ष्य के विरुद्ध 1337 नवसाक्षर महिलाएं परीक्षा में शामिल हुई। जिसमें महादलित, दलित व अल्पसंख्यक अतिपिछड़ा वर्ग की अक्षर आंचल योजना अंतर्गत 15 से 45 वर्ष की नवसाक्षर महिलाएं परीक्षा में सम्मिलित हुईं। परीक्षा के सफल संचालन के उद्देश्य से शिक्षा विभाग के पदाधिकारियों ने परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। इस कड़ी में जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (माध्यमिक शिक्षा एवं साक्षरता) नित्यम कुमार गौरव ने प्रखंड के उच्च माध्यमिक विद्यालय राघोपुर स्थित परीक्षा केंद्र का जायजा लिया। सभी केंद्रों पर केआरपी अनिल कुमार एवं लेखापाल अखिलेश्वर प्रसाद ने परीक्षा की मोनिटरिंग की। केआरपी अनिल कुमार ने बताया कि परीक्षा सुबह 10:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक हुई। इस अवधि में नवसाक्षर कभी भी तीन घंटे की परीक्षा में शामिल हो सकती थी। इधर महादेव साह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चिरैया कोठी परीक्षा केंद्र पर 10 में से 8 नवसाक्षर महिलाएं शामिल हुई। प्रधानाध्यापक सह संकुल समन्वयक प्यारे सतीश कुमार सिंह एवं शिक्षा सेवक गोल्डी कुमारी ने बताया कि परीक्षा में शामिल हुई महिलाओं को पढ़ाई जारी रखने के लिए उन्हें पढ़ाई का महत्व बताते हुए आगे की पढ़ाई जारी रखने के लिए प्रोत्साहित किया गया। उन्होंने कहा कि परीक्षा के माध्यम से नवसाक्षर महिलाओं के पढ़ने-लिखने व गणित के कार्यात्मक ज्ञान का आकलन किया जा रहा है। जिसमें कुल 150 अंकों के प्रश्नों थे। भाग ' क' में पढ़ना, भाग 'ख ' में लिखना तथा भाग 'ग' में गणित विषय से प्रश्न थे। प्रत्येक खंडों में 50 - 50 अंक के प्रश्न दिए गए थे। वहीं परीक्षा के दौरान सभी 19 केंद्र के एचएम के देख-रेख में निर्धारित समयानुसार परीक्षा शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न हुई।



## बारातियों से गाली गलौज का विरोध करने पर घर में घुसकर मारपीट

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** कंगली थाना क्षेत्र के गाद गम्हरिया वार्ड 12 में बारातियों से गाली गलौज और मारपीट का विरोध करने पर घर में घुसकर मारपीट की गई है। मामले में मोतीलाल महतो की पत्नी संगीता देवी ने गाद गम्हरिया निवासी इश्तेयाक आलम व मुन्ना आलम के खिलाफ कंगली थाना में प्राथमिकी दर्ज कराया है। दर्ज प्राथमिकी में संगीता देवी ने पुलिस से बताया है कि तीन दिसंबर को उनके घर बारात आई थी। द्वार पूजा के समय आरोपित बारातियों के साथ गाली-गलौज और मारपीट करने लगे। इसका विरोध करने पर दोनों आरोपित घर में घुस गए और जान मारने की नीयत से गला दबाने लगे। कपड़ा फाड़ बेपर्दा कर दिया। शादी में आए अतिथियों ने किसी तरह उसकी सुरक्षा की।

# खेत में काम कर रहे किसान की पोते ने धारदार हथियार से की हत्या

## रिश्ते को शर्मशार करने वाली इस घटना के बाद गांव में फैला भय और दहशत का माहौल



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** जहानाबाद जिले के रतनी प्रखंड अंतर्गत कसवां पंचायत के शिवगंज गांव में रविवार को दिनदहाड़े एक वृद्ध किसान की धारदार हथियार से निर्मम तरीके से हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान 55 वर्षीय करीमन पासवान के रूप में हुई है। बताया जाता है कि वारदात के समय वह अपने खेत में कटनी का काम कर रहे थे। दिल दहला देने वाली इस वारदात से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है। घटना के बाद पूरे गांव में दहशत का माहौल बना हुआ है।

घटना की जानकारी देते हुए मृतक की पुत्री ने बताया कि, उसके पिता हर दिन की तरह खेत में काम में जुटे हुए थे। इसी दौरान उनका पोता पवन वहां पहुंचा और कुछ देर तक उनसे बातचीत करता रहा। अचानक वह उनके पीछे आ गया और तेज धार वाले हथियार से हमला कर दिया। बताया जाता है कि पहले उनके हाथ पर वार किया गया, जिससे वह खुद का बचाव भी नहीं कर सके। इसके बाद गर्दन और शरीर के अन्य हिस्सों पर लगातार 5 से 6 बार वार कर उन्हें लहूलुहान कर दिया गया। इस घटना में गंभीर चोट और रक्त स्राव होने के कारण करीमन पासवान की मौके पर ही मौत हो गई।

बताया जाता है कि घटना के बाद जब मृतक की बेटी ने शोर मचाकर आसपास के लोगों को मदद के लिए बुलाया, तब तक आरोपी मौके से फरार हो चुका था। कुछ ही देर में बड़ी संख्या में ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंच गए। खेत में खून से सना शव देखकर लोग स्तब्ध रह गए और पूरे गांव में मातम और भय का माहौल फैल गया। घटना की सूचना मिलते ही परसबिगहा थाना की पुलिस दल-बल के साथ मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। पुलिस के अनुसार, प्रारंभिक जांच में मामला पारिवारिक विवाद से जुड़ा प्रतीत हो रहा है, हालांकि वास्तविक कारणों की पुष्टि जांच पूरी होने के बाद ही हो सकेगी। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है और जल्द ही उसे पकड़ने का दावा किया जा रहा है। दिनदहाड़े वृद्ध किसान की इस तरह से निर्मम हत्या की घटना से ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। लोगों का कहना है कि पवन अक्सर अपने दादा से मिलने आता-जाता था, ऐसे में इस तरह की वारदात ने सभी को हैरान और डरा दिया है।

## नवविवाहित की संदिग्ध मौत सास-ननद पर हत्या का आरोप

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** ढोसिला पंचायत के धरहरा गांव में नवविवाहित महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत ने पूरे इलाके को स्तब्ध कर दिया है। मृतका प्रतिमा कुमारी (20) की मां मंजू देवी, निवासी कोंच थाना क्षेत्र (गया), ने रफीगंज थाना में सास मालती देवी और ननद के खिलाफ हत्या का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई है। दर्ज प्राथमिकी के अनुसार, प्रतिमा की शादी 7 अक्टूबर को रफीगंज मंदिर में संजय पासवान के पुत्र राहुल कुमार से हिंदू रीति-रिवाज के साथ हुई थी। विवाह के बाद से ही राहुल की सौतेली मां मालती देवी द्वारा प्रतिमा के साथ मारपीट और ताना-बाजी की जाती थी। परिजनों ने आरोप लगाया कि बीते तीन दिनों से सास लगातार विवाद कर रही थी और यह भी कह रही थी कि वह अपने बेटे का दूसरा विवाह कराएगी। मंजू देवी का आरोप है कि 4 दिसंबर को सास मालती देवी और ननद ने षड्यंत्र के तहत भोजन में जहर मिलाकर प्रतिमा को खिला दिया। हालत बिगड़ने पर उसे देर तक घर में ही रखा गया, जिससे उसकी स्थिति और गंभीर हो गई। बाद में उसे इलाज के लिए ले जाया गया, परंतु चिकित्सकों ने बताया कि उसकी पहले ही मौत हो चुकी थी। इस संबंध में प्रशिक्षु डीएसपी-सह-थानाध्यक्ष अभिषेक कुमार ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और मामले की गहन जांच की जा रही है। पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर सभी बिंदुओं पर जांच में जुटी है।

## शैक्षणिक परिभ्रमण हेतु छात्रा पटना रवाना




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** शनिवार को कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय टाइप 1 रफीगंज के छात्राओं का क्षेत्र शैक्षणिक परिभ्रमण हेतु बस पटना के लिए वार्डन कविता कुमारी एवं संचालक मोहम्मद मसकुर आलम के द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस मौक पर वार्डन ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी छात्राओं को परिभ्रमण हेतु पटना ले जाया जा रहा है जहां चिड़ियाघर, विज्ञान केंद्र दार्शनिक स्थल पर ले जाया जाएगा उन्होंने बताया कि बच्चों को अपने ऐतिहासिक एवं भौगोलिक के साथ सांस्कृतिक धरोहर नजदीक से देखने का मौका मिलता है जिससे बच्चों में बौद्धिक विकास होती है।बच्चे बड़े ही उल्लास एवं उत्साह के साथ शैक्षिक परिभ्रमण के लिए रवाना हुई। संचालक सह प्रधानाध्यापक मोहम्मद मसकुर आलम ने बताया कि शैक्षिक परिभ्रमण से बच्चों में वास्तविक अनुभव के सीखने, एवं सीखने में रुचि बढ़ती है, सामाजिक एवं व्यवहारिक अनुशासन, आत्मविश्वास में वृद्धि, पर्यावरण एवं समाज की समझ, रचनात्मक कार्यों का विकास होता है। यदि संक्षिप्त में कहा जाए तो शैक्षिक परिभ्रमण बच्चों को जीवन कौशल, सामाजिक कौशल, विषय ज्ञान और आत्मविश्वास चारों का संतुलित विकास करता है या केवल मनोरंजन नहीं है बल्कि एक पूर्ण सीखने की प्रक्रिया है।

## आपसी समन्वय के आधार पर तलाक व पारिवारिक मामलों में समझौता

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद के परिवार न्यायालय में आपसी सहमति से तलाक और पारिवारिक मामलों में समझोता में वृद्धि हो रही है। अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि परिवार न्यायालय में हर माह 100 से अधिक वाद दायर किया जा रहा है, पिछले पांच सालों से पारिवारिक मामलों की संख्या में वृद्धि होती जा रही है। समझ की कमी, आधुनिक संस्कृति, मोबाइल युक्त दिनचर्या, विश्वास, संयम और धैर्य की कमी, क्रुरता, असहनशील, अध्यात्म क्षान अभाव, नशापान, व्यभिचार, परित्याग, एकल परिवार भी इसका वजह बन रहें हैं। अधिवक्ता ने बताया कि नवदंपति शादी के एक साल बाद बिना कुछ आरोप लगाये सहमति से तलाक वाद प्रस्तुत कर रहे हैं। 2025 के संशोधन से तलाक के लिए इंतजार अवधि कुछ मामलों में छह महीने से घटाकर तीन माह कर दी गई है। व्याभिचार को तलाक का आधार बनाये रखा है। ओनलाइन आवेदन स्वीकार किया जाएगा। शराब पीने के बाद भी दुर्व्यवहार को क्रुरता मानी जाएगी। भरण-पोषण मामले में हर दो साल पर गुजारा भत्ता में 5 प्रतिशत वृद्धि हो सकती है और डिजिटल सुरक्षा पर जोर दिया गया है। परिवार न्यायालय औरंगाबाद में कुछ पक्षकारों का परिवार न्यायालय के अलावे अन्य न्यायालय में भी केस होता है, अन्य न्यायालय में वाद समाप्ति के साथ परिवार न्यायालय के वाद निष्पादन हितकर होता है। आपसी सहमति से तलाक के लिए एक साल से अलग-अलग रहना आवश्यक होता है। दोनों पक्षकार को शादी खत्म करने की सहमति, शादी प्रमाण पत्र, दोनों का पहचान पत्र, निवास प्रमाण पत्र, अलगाव अवधि, शादी के सामुहिक फोटो और तलाक समझौता ड्राफ्ट आवश्यक होता है जिसमें बच्चे, संपत्ति और भरण पोषण के मुद्दों पर सहमति होती है। न्यायधीश के समक्ष दोनों पक्षकार उपस्थित होते हैं। भरण-पोषण के मामले में निर्णय से पुर्व पति के तीन साल का आयकर रिटर्न, वेतन स्लिप, बैंक स्टेटमेंट, बच्चों का संख्या, स्वामित्व दस्तावेज, रोजगार के साधन देखा जाता है ऐसा इसलिए होता है कि पति अपने कर्तव्य से यह कह कर विमुख नहीं हो सकता है कि हमने नौकरी छोड़ दी। हमरा कोई सम्पत्ति नहीं है या हम खुद बेरोजगार हैं तो भरण-पोषण कहां से देंगे। लड़की पक्षकार को यह सिद्ध करना पड़ता है कि सभी आय के स्त्रोत से पति का आय कितना है इसी कारण कोर्ट एक मामले में पत्नी का भरण-पोषण 45 हजार प्रति माह का आदेश हुआ वहीं दुसरी मामले में 09 हज़ार भरण पोषण प्रति माह का आदेश दिया गया है।

कई बार ऐसा होता है कि व्यवहार न्यायालय परिसर और परिवार न्यायालय कोर्ट के बाहर पति-पत्नी और उनके परिजन आपस में बहस कर उलझ जाते हैं जिन्हें न्यायालय सुरक्षा कर्मी हटाते हैं। बीएनएस की धारा -82 द्वितीय विवाह समाज में रोकता है। किसी स्त्री से पहले विवाह शुन्य हुए बिना, जानकारी देकर विवाह करने पर सात साल की सजा और जुर्माना लगाता है और पहली विवाह कानूनन रहते उसे छिपाकर दुसरी विवाह करने पर दस साल सज़ा का प्रवधान रखा है। अधिवक्ता ने कहा कि समाज को किसकी ग्रहण लग गया है। समाज के शत् प्रतिशत लोग पच्चीस वां, पच्चास वां शादी के सालगिरह मना पाएंगे या नहीं, हमारे समाज में संबध विच्छेद पहले बहुत ही कम था।

## धरनाथियों ने बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर की पुण्यतिथि मनाई

**रफीगंज (औरंगाबाद)/नबिटा संवाददाता।** प्रखंड कार्यालय स्थित किसान मजदूर मोर्चा के सदस्यों ने बाबा साहब के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। शनिवार को बाबा साहब के प्रतिमा के पास किसान मजदूर मोर्चा के सदस्य लड्डू खान के अध्यक्षता में बाबा साहब को पुष्प अर्पित किए गए। लड्डू खान ने बताया कि किसान मजदूर मोर्चा किस सदस्य ने 324 दिन से लगातार अनिश्चितकालीन धरना पर बैठे हुए हैं जो अभी तक हमारे मांग पूरी नहीं हुई है जब तक मांग पूरी नहीं होती है तब तक हम लोग अनिश्चितकालीन धरना पर बैठे रहेंगे।

उन्होंने बताया कि डॉ. आंबेडकर का निधन 6 दिसंबर, 1956 को दिल्ली स्थित उनके आवास पर हुआ था, और उनकी पुण्यतिथि को महापरिनिर्वाण दिवस के रूप में मनाया जाता है। रामाशीष दास ने कहा कि बाबा साहब ने जीवन भर ऐसे समाज की वकालत की जहां सभी के साथ समानता का व्यवहार हो। यह दिन सामाजिक न्याय, समानता और पिछड़े समुदायों के उत्थान के लिए उनके संघर्ष को याद दिलाता है।

पूर्व उप मुख्य पार्षद हरेन्द्र कुमार ने अपने संबोधन में गरीब और दलित वर्ग की स्थिति सुधारने में डॉ. आंबेडकर के योगदान को रेखांकित किया। उन्होंने समाज से छुआछूत जैसी प्रथाओं को समाप्त करने में उनके महत्वपूर्ण योगदान का जिक्र किया। तजमुल खान ने कहा कि बौद्ध अनुयायियों का मानना है कि डॉ. आंबेडकर ने अपने कार्यों से निर्वाण प्राप्त किया, इसलिए उनकी पुण्यतिथि को महापरिनिर्वाण दिवस के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने यह भी बताया कि बाबा साहब का अंतिम संस्कार मुंबई के दादर चौपाटी में हुआ था। कार्यक्रम के डॉ तुलसी यादव, सिद्धि यादव, रामाशीष दास, लालदेव पासवान, अरमान खान, संजय अंबेडकर, तज्जमुल खान, हरेंद्र कुमार, वीरेंद्र यादव, विकास कुमार, भोलानाथ वर्मा, जयप्रकाश प्रजापति, सत्येंद्र यादव सहित अन्य लोग शामिल हुए।



## जल जीवन हरियाली महोत्सव के दूसरे दिन वृक्ष मित्रों को किया गया सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** सदर प्रखंड स्थित ग्राम जम्होर में समाजसेवी स्वर्गीय बिंदेश्वरी साहू के हाता में दो दिवसीय जल जीवन हरियाली महोत्सव के दूसरे दिन का उद्घाटन पूर्व मुखिया सुरेंद्र प्रसाद गुप्ता, शिक्षक एवं समाजसेवी नवीन कुमार भोला, जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन के उपाध्यक्ष सुरेश विद्यार्थी द्वारा किया गया। वृक्ष मित्र राजेश कुमार शौंडिक के नेतृत्व में आयोजित महोत्सव में सर्वप्रथम भारत माता के तैलचित्र पर उपस्थित लोगों ने पुष्पांजलि अर्पित की। तत्पश्चात,कार्यक्रम की शुरुआत गायत्री मंत्र के साथ की गई। अतिथियों को तिलक लगाकर, पुष्प हार पहना कर स्वागत किया गया। अगल-बगल के ग्राम में वृक्ष लगाकर पर्यावरण को मजबूती प्रदान करने में अहम भूमिका निभाने वाले लोगों को सम्मानित किया गया। इस क्रम में टीमल बिगहा निवासी उपेंद्र राम ने दो दर्जन से अधिक पेड़ लगाकर उन्हें हमेशा देखभाल किया करते हैं उन्हें सम्मानित किया गया। चंदन पासवान ने भी एक दर्जन से अधिक पेड़ लगाकर पर्यावरण की सुरक्षा में विशेष मदद की है। तो जम्होर निवासी बुचुन कुम्हार द्वारा भी दर्जनों पेड़ लगाई गई है। इन सभी लोगों को पुस्तक, पुष्प हार एवं अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। संबोधन के क्रम में सुरेंद्र प्रसाद गुप्ता ने कहा कि राजेश कुमार शौंडिक द्वारा जो पर्यावरण के सुरक्षा के निमित्त वृक्ष लगाने के लिए जो जागृति अभियान चलाई गई है वह आने वाली पीढ़ी के लिए एक आदर्श है। उनके इस कार्य में मदद करने की भी बात कही। सुरेश विद्यार्थी ने बताया कि पुराणों में वर्णित है एक वृक्ष 10 पुत्र के समान होते हैं इसलिए पर्यावरण की रक्षा में जल जीवन हरियाली की जो संकल्पना है उसे मूर्त रूप देने के लिए वृक्षों को लगाया जाना अत्यंत आवश्यक पहलू है। संध्या में सांस्कृतिक कार्यक्रम में विशेष प्रस्तुति की गई जिसमें मोहित म्यूजिकल ग्रुप के निर्देशन में अनुज कुमार की बेहतरीन प्रस्तुति की गई। उन्होंने एक से एक भक्ति गीत एवं गजल गाकर दर्शक दीर्घा में बैठे लोगों को भाव बिह्वल कर दिया।

## रानीडीह गांव में ग्रामीणों को नहीं मिल रहा नल योजना का लाभ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** मदनपुर प्रखंड के चेई नवादा पंचायत के रानीडीह गांव के ग्रामीण मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं। हर घर नल-जल, स्वच्छता अभियान, सार्वजनिक शौचालय, गली और नाली निर्माण जैसी योजनाएं अधूरी या पूरी तरह से विफल हो चुकी है। गांव में पानी टंकी तो है लेकिन पाइप टूटी हुई है जिससे अधिकांश घरों में नल का जल नहीं पहुंचता है। जलजमाव की समस्या से हालात और भी बदतर कर दिया है। ग्रामीणों का कहना है कि पानी टंकी बनने के कुछ दिन तक पानी मिला लेकिन फिर जहां-तहां पाइप फट जाने के कारण हर घर तक पानी नहीं पहुंच पा रहा है। संबंधित विभाग को कई बार शिकायत की गई लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। संवेदक ने जल्दबाजी में काम कर अधूरा छोड़ दिया। पंचायत सरकार भवन का निर्माण पंचायत में अबतक पूर्ण नहीं हुआ है। ग्रामीणों ने बताया कि हमलोगों को जाति, आय, निवास पेंशन और अन्य प्रमाण पत्रों के लिए प्रखंड कार्यालय के चक्कर लगाने पड़ते हैं। बता दे कि इस गांव में सौ से अधिक घर हैं। आबादी लगभग 1500 की है जबकि 700 मतदाता हैं। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में नाली और गली की स्थिति ठीक नहीं है। गली से ऊपर नाली का निर्माण हो जाने के कारण पानी की निकासी नहीं हो पाती है जिसके कारण गली में जलजमाव और कीचड़ फैलने के कारण दुर्गंध से जीना मुश्किल हो गया है। गांव में पक्की नाली और गली का निर्माण स्थानीय जनप्रतिनिधि जल्द से जल्द कराएं। हमलोगों को इस बरसात के मौसम में आवागमन करने में कोई परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। ग्रामीणों ने कहा कि कुछ जगह पर नालियों का निर्माण कराया गया है जो सड़क के बीचों-बीच कराने के कारण घरों तक पहुंचने में काफी परेशानी होती है।

## महेशपुर मार्ग में पुनपुन नदी पर नहीं है पुल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** ओबरा प्रखंड के महुआंव टोला महेशपुर गांव जाने वाली नदी पर पुल नहीं है। स्थानीय ग्रामीणों द्वारा चंदा कर पुल पर चचरी पुल का निर्माण कराया गया है। ग्रामीण मजबूरन चचरी पुल पार कर नदी के इस पार से उस पार जाते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि महुआंव गांव से महेशपुर टोला तक पुनपुन नदी पर पुल नहीं होने के कारण उन्हें परेशानियों का सामना करना पड़ता है। नारायणपुर-महेशपुर और कनीखर महेशपुर तक सड़क भी नहीं है। ग्रामीणों का कहना है कि इस समस्या के संबंध में जनप्रतिनिधियों के समक्ष आवाज उठाया था। उन्होंने सहमति जताते हुए आश्वासन दिया था कि पुल और सड़क का निर्माण कराया जाएगा परंतु उनकी सिर्फ आश्वासन तक ही सीमित कर रह गई है। ग्रामीणों ने कहा कि किसी भी जनप्रतिनिधि व स्थानीय पदाधिकारी द्वारा इस मामले में कोई पहल नहीं की जा रही है। गांव में सड़क के अलावा अन्य मूलभूत सुविधाओं का भी अभाव है। गांव में नाली-गली भी नहीं है। आंगनबाड़ी और स्कूल भी गांव में नहीं है। बरसात के दिनों में नदी में बाढ़ आने पर चचरी पुल ध्वस्त हो गया है। ऐसे में गांव टापू बनकर रह जाता है। प्रखंड और जिला मुख्यालय से भी गांव का कनेक्शन कट जाता है। सबसे ज्यादा परेशानी स्कूली बच्चों को होती है। नदी में अधिक पानी आ जाने के कारण स्कूली बच्चे छह महीने तक स्कूल नहीं जा पाते हैं। जब नदी में जलस्तर कम होता है। जिससे होकर लोग आवाजाही करते हैं। ग्रामीणों ने अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों से समस्या का समाधान करने की मांग किया है।

## शहर में सफाई के नाम पर लाखों रुपये हो रहे खर्च

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** शहर में सफाई को लेकर हमेशा हंगामा होता रहता है। सफाई का मुद्दा लगातार चर्चा में बना रहता है। नगर परिषद की कार्यप्रणाली इस मामले में अबतक असफल रही है। कचरा फेंकने को लेकर विवाद आम है और कई बार नागरिक इस पर हंगामा भी किया है। हाल के दिनों में नगर परिषद द्वारा कचरे का उठाव सही तरीके से नहीं किया जा रहा है जिससे नागरिकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बता दें कि प्रतिदिन शहर में 30 से 40 टन कचरे का उठाव होता है। इसके बावजूद सफाई पर हर माह लगभग लाखों रुपये खर्च होते हैं। यह स्थिति समझ से परे हैं कि इतनी बड़ी राशि खर्च होने के बावजूद शहर स्वच्छ नहीं हो पा रहा है। शहर के हर गली और मोहल्लों में कचरे का आंर दिखाई देता है। नगर परिषद को कचरे के निस्तारण के लिए स्थान नहीं मिल रहा है जिससे सफाई कर्मी कचरा लेकर भटकते रहते हैं। नागरिक विकास सिंह, प्रदीप कुमार ने बताया कि शहर में कचरे की समस्या गंभीर होती जा रही है। रमेश चौक, महाराजगंज रोड, मुख्य बाजार पर कचरे का ढ़ेर लगा रहता है। नगर परिषद का रवैया इस मामले में उदासीन हैं जिससे जानवर कचरे को तितर-बितर कर रहे हैं और दुर्गंध फैल रही है। इस दुर्गंध के कारण लोगों को सड़कों पर चलना मुश्किल हो रहा है। सब्जी बाजार में दुर्गंध के कारण रुकना भी मुश्किल हो गया। जब यह मामला अधिकारियों के संज्ञान में आता है तब ही नगर परिषद के प्रतिनिधि सक्रिय होते हैं। बता दें कि शहर में विकास कार्य तेजी से हो रहे हैं परंतु सफाई की कोई व्यवस्था न होने के कारण यह विकास बेमानी लगता है। सम्राट अशोक भवन परिसर में हमेशा 10 से 12 ट्रैक्टर कचरा लादे नजर आते हैं। बता दें कि औरंगाबाद को नगर परिषद बने 24 वर्ष हो चुके हैं परंतु अबतक कचरा प्रोसेसिंग प्लांट नहीं लगाना जा सकता है। जमीन की कमी के कारण्सा यह प्लांट नहीं लग पाया है। वर्षो से जमीन की खोज जारी है लेकिन स्थानीय ग्रामीणों के विरोध के कारण कई स्थानों पर प्लांट नहीं लग सके हैं।




## अंग्रेजों के जमाने का बना धनौती पुल जर्जर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** बारुण प्रखंड के गठौली पंचायत के धनौती गांव के निकट स्थित अंग्रेजों के जमाने का पुल अब जर्जर हो चुका है। यह पुल किसी भी समय ध्वस्त हो सकता है जिससे दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ गया है। प्रतिदिन सैंकड़ों वाहन इस पुल से गुजरते हैं। कई स्थानों पर दरारें उभर आई है जिससे इसकी मजबूती पर सवाल उठने लगे हैं। इस पुल महत्व केवल धनौती गांव तक सीमित नहीं है बल्कि यह धर्मपुरा, धनगाई, सतुआही, कर्मा, चिरैला, पशुरामपुर, पठखौल, बरौली सहित तीन दर्जन से अधिक गांवों के ग्रामीणों के लिए यात्रा का एक प्रमुख मार्ग है। वहीं ओबरा से बारुण प्रखंड को जोड़ने वाला यह पुल ग्रामीणों के लिए जीवन रेखा के समान है। प्रतिदिन हजारों छात्र-छात्राएं भी इसी पुल के माध्यम से विद्यालय जाते हैं। पुल की स्थिति इतनी खराब है कि एक समय से केवल एक चार पहिया वाहन ही पार कर सकता है। यदि बड़े वाहन इस पुल पर चलते हैं तो पुल के गिरने का खतरा हमेशा बना रहता है। स्थानीय ग्रामीणों ने इस समस्या के बारे में कई बार अधिकारियों का ध्यान आकर्षित करने का प्रयास किया है परंतु अबतक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। ग्रामीण मिंटू शर्मा, दिला राम ने बताया कि कई बार इस पुल की जर्जर स्थिति के बारे में अधिकारियों को सूचित किया है परंतु कोई लाभ नहीं मिला।

## एक नजर

### ट्रेन से गिरकर युवक गंभीर रूप से घायल

**मखदुमपुर (जहानाबाद)।** पटना - गया रेलखण्ड के मखदुमपुर रेलवे स्टेशन के पास सामोचक गांव के समीप ट्रेन से गिरकर एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक को गंभीर अवस्था में रेफरल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मिली जानकारी के अनुसार जमनगंज पंचायत गांव निवासी शंकर कुमार नामक युवक गया से पैसेंजर ट्रेन पर सवार होकर मखदुमपुर आ रहा था। तभी समोचक रेलवे पुल के समीप ट्रेन से नीचे गिर पड़ा जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना डायल- 112 की मदद से मखदुमपुर रेफरल अस्पताल पहुंचाया गया जहां वह इलाजरत है।

### दो आरोपित गिरफ्तार

**मखदुमपुर (जहानाबाद)।** जहानाबाद जिले की टेहटा थाना की पुलिस ने पूर्व के केस में फरार चल रहे दो आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मामले की जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष पंकज कुमार ने बताया कि पूर्व में टेहटा थाना में हत्या के प्रयास की प्राथमिकी दर्ज की गई थी, जिसमें ये लोग फरार चल रहे थे। जिसकी गिरफ्तारी गुप्त सूचना के आधार पर की गई है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार लोगों में उज्जवल कुमार एवं गौतम कुमार शामिल है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार दोनों आरोपियों को चिकित्सीय जांच के पश्चात जेल भेज दिया गया है।

### शराब के साथ एक गिरफ्तार

**मखदुमपुर (जहानाबाद)।** जहानाबाद जिले के मखदुमपुर थाना की पुलिस ने गुप्त सूचना के अनुसार 412 बोतल अंग्रेजी शराब बरामद किया है। साथ ही एक कारोबारी को भी गिरफ्तार किया है। मामले की जानकारी देते हुए थाना अध्यक्ष दिवाकर विश्वकर्मा ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि मखदुमपुर स्टेशन रोड में एक व्यक्ति अंग्रेजी शराब का कारोबार करता है। सूचना के आधार पर एक घर में छापेमारी की गई जहां से 412 बोतल अंग्रेजी शराब बरामद किया गया। साथ ही कारोबारी विवेक कुमार को पुलिस ने गिरफ्तार किया, उन्होंने बताया कि गिरफ्तार व्यक्ति से पूछताछ की जा रही है।

### पिस्तौल के साथ दो गिरफ्तार

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कोटवारा गांव में छापेमारी कर अवैध हथियार के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान उदय सिंह के पुत्र पवन सिंह और पप्पू सिंह के रूप में हुई है। पुलिस ने इनके पास से एक देसी पिस्तौल बरामद की है, जिसे आरोपी किसी अवैध गतिविधि में इस्तेमाल की योजना बना रहे थे। इस मामले में रफीगंज थाना में पदस्थापित एसआई निरंजन सिंह के बयान पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। दर्ज एफआइआर में स्पष्ट किया गया है कि दोनों आरोपितों को हथियार के साथ रंगे हाथों पकड़ा गया। पुलिस टीम ने पूरी कार्रवाई को बेहद सतर्कता के साथ अंजाम दिया, जिससे कोई भी आरोपी भागने में सफल नहीं हो सका। थानाध्यक्ष शंभू कुमार ने बताया कि गिरफ्तार दोनों आरोपितों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है तथा आगे की कार्रवाई की प्रक्रिया तेज कर दी गई है। पुलिस यह भी पता लगाने में जुटी है कि अवैध पिस्तौल इनके पास कैसे पहुंची और इसके पीछे कौन-कौन शामिल हो सकता है। रफीगंज पुलिस की इस कार्रवाई की स्थानीय लोगों में चर्चा है और इसे क्षेत्र में अपराध नियंत्रण की दिशा में बड़ी सफलता माना जा रहा है।

### सिलाई प्रशिक्षण केंद्र में लगा निःशुल्क आंख जांच शिविर

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** हसपुरा-मेहेंदिया रोड स्थित शिलाई प्रशिक्षण केंद्र परिसर में निःशुल्क आंख जांच शिविर दृष्टि आई केयर हॉस्पिटल के तत्वाधान में आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न विद्यालय के लगभग 100 छात्राओं का आंख जांच किया गया। जांच के दौरान उन्हें नेत्र चिकित्सक डा प्रेम कुमार के द्वारा उचित सलाह दी। कहा मनुष्य के शरीर का पूरा जीवन आंख पर ही टीका है। आप पूरी तरह स्वस्थ है और आंख में रौशनी नहीं हज़ तो पूरी दुनियां अंधकार दिखेगा। इसकी सुरक्षा जरुर करें और समय - समय पर उसकी सुरक्षा के लिए जांच अवश्य कराएं। इस आंख जांच शिविर में सभी छात्राओं को सम्मानित भी किया गया। इस शिविर में चांदनी, ईराम, अंजलि, पायल, सिफत, फिजा, पूजा, रूपम सहित शाहबाज मिन्हाज, अंकित कुमार का सहयोग में अहम योगदान रहा ।

### अक्षर आंचल योजना के तहत नवसाक्षरों की हुई परीक्षा

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** प्रखंड मे संकुल स्तरीय महादलित, दलित, अल्पसंख्यक अति पिछड़ा वर्ग अक्षर आचल योजना के अंतर्गत बुनियादी साक्षरता परीक्षा का अयोजन किया गया। जिसमे सभी संकुल स्तरीय शिक्षा सेवको/तालिमी मरकजो ने अपने -अपने नवसाक्षर महिलाओ की परीक्षा मे शामिल कराये। परीक्षा की देखरेख प्रखंड अस्तरीय प्रखंड सचिव ललन चौधरी ने किया। उन्होंने कहा 2600 नवसाक्षर परीक्षा में शामिल हुए थे। इस परीक्षा में शामिल नवसाक्षर महिलाओं में विमला देवी, कइली देवी, कलावती, सुशीला देवी, कुसुम देवी कमला देवी, प्रभावती देवी सुशीला,देवी सुमित्रा देवी पुनम देवी ने साक्षरता दर हसपुरा में पहले से और बढ़ जाएगा। तिलकपुरा संकुल मे उपस्थित शिक्षा सेवक रामकेवल रजक, केशव राजवंशी, अनुज कुमार, संजू कुमारी,रामकुमार, हरि राम, लक्षु राजवंशी,शिवपूजन कुमार, भीम कुमार राजवंशी,बाढु चौधरी, दिनेश चौधरी ने अपने अपने नवसाक्षर महिलाओ को परीक्षा मे शामिल कराये।

### विद्युत चोरी के विरुद्ध चला छापामारी अभियान

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज के रामपुर गांव में विद्युत चोरी के विरुद्ध विद्युत विभाग द्वारा छापामारी अभियान चलाया गया। गांव के मो शहजाद कुरैशी के घर विद्युत विभाग द्वारा विद्युत चोरी के विरुद्ध छापामारी किया गया। बिजली उपभोक्त द्वारा कनेक्श के विपत्र का भुगतान नहीं किये जाने के कारण विद्युत कनेक्शन काट दिया गया था। बावजूद टोका फंसाकर इस लोगों के द्वारा विद्युत का उपयोग किया जा रहा था। मो शहजाद कुरैशी को 15348 रू. जुर्माना लगाया गया। प्रशिक्षु डीएसपी सह थानाध्यक्ष अभिषेक कुमार ने बताया कि विद्युत चोरी के मामले में प्राथमिकी दर्ज कर अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है। इस अभियान में विद्युत विभाग के सहायक विद्युत अभियंता अशोक राज, विद्युत अवर प्रमंडल अजीत कुमार, मानव बल अजीत कुमार अन्य कर्मी शामिल रहे।

### नई दिल्ली में 14 दिसंबर को राहुल गांधी की रैली को ले जिला कांग्रेस कमिटी की बैठक

**औरंगाबाद।** समाहरणालय स्थित डा. अनुग्रह नारायण सिंह स्मारक भवन में रविवार को जिला कांग्रेस कमिटी ने बैठक आयोजित किया। बैठक का नेतृत्व जिला प्रभारी सत्येंद्र नारायण सिंह ने किया। वहीं बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष महेंद्र यादव ने की। बैठक में जिला प्रभारी ने बताया कि आगामी 14 दिसंबर 2025 को नई दिल्ली के रामलीला मैदान में हमारे नेता राहुल गांधी की रैली प्रस्ताविक है। कहा कि रैली में जिले से बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं को दिल्ली चलने की अपील किया। बताया कि रैली में शामिल होने के लिए कार्यकता ट्रेन, बस के माध्यम से बैनर एवं झंडे के साथ प्रस्ताव कर रैली को सफल बनाएं। इस मौके पर देव कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष रविंद्र कुमार सिंह, मदनपुर प्रखंड अध्यक्ष लालदेव यादव, अनुग्रह स्मारक के सचिव चुलबुल सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष राकेश कुमार सिंह, शौलेंद्र मिश्र, उपेंद्र सिंह, बारुण प्रखंड अध्यक्ष देवंती देवी, युवा जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र पासवान, पूर्व जिलाध्यक्ष मृत्युंजय सिंह, अरविंद सिंह, प्रो. अंबिका प्रसाद, विजय शंकर पांडेय, रामाधार शर्मा, नागेंद्र कुमार सिंह, मुन्ना खान, नीलम सिंह सहित मौजूद रहे।

### इलाज के दौरान वृद्ध की मौत

**जहानाबाद।** जहानाबाद जिले के परस बिगहा थाना क्षेत्र के गोडीहा गांव में करीब दो माह पूर्व आगजनी की घटना में गंभीर रूप से झुलसे एक वृद्ध की इलाज के दौरान रविवार को मौत हो गई। मृतक की पहचान 85 वर्षीय रामबाबू यादव के रूप में हुई है। मौत की खबर मिलते ही आक्रोशित परिजनों ने शव को अरवल–जहानाबाद मुख्य मार्ग पर रखकर सड़क जाम कर दिया।घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने परिजनों को समझा-बुझाकर जाम समाप्त कराया। इसके बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया। स्वजनों के अनुसार, 28 सितंबर की रात रामबाबू यादव अपने दालान में सो रहे थे, तभी गांव के दो लोगों ने आग लगा दी थी, जिससे वे गंभीर रूप से झुलस गए थे। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें तत्काल सदर अस्पताल पहुंचाया गया, जहां से गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें पटना पीएमसीएच रेफर कर दिया गया था। लगभग दो महीने तक चले इलाज के दौरान रविवार को उनकी मौत हो गई।

# जीडी कॉलेज में साइबर क्राइम पर जागरुकता कार्यक्रम

## अज्ञात लिंक, ईमेल या मैसेज को न करें क्लिक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बेगूसराय।** संविधान निर्माता डा. भीमराव अम्बेदकर की पुण्यतिथि के अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वाधान में जयमंगला वाहिनी परिवार के द्वारा जीडी कॉलेज परिसर में साइबर क्राइम और सूखे नशे के बढ़ते खतरे को लेकर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों और युवाओं को डिजिटल सुरक्षा के प्रति जागरूक करना तथा समाज में तेजी से फैल रहे सूखे नशे के दुष्प्रभावों से बचाव के लिए सही जानकारी प्रदान करना था। कार्यक्रम के दौरान मंच संचालन पियर एडुकेटर सुमित कुमार ने किया वहीं धन्यवाद ज्ञापन जयमंगला वाहिनी परिवार के जिलाध्यक्ष महेश वत्स ने किया। सत्र के दौरान सेहत केंद्र की नोडल अधिकारी सह राष्ट्रीय सेवा योजना यूनिट एक की कार्यक्रम पदाधिकारी डा. सहर अफरोज ने बताया कि आज के डिजिटल युग में साइबर अपराध तेजी से बढ़ रहा है। उन्होंने छात्रों को सचेत करते हुए कहा की किसी भी अज्ञात लिंक, ईमेल या मैसेज पर क्लिक न करें। ओटीपी, एटीएम पिन, बैंक डिटेल या आधार संबंधी जानकारी किसी भी स्थिति में साझा नहीं करें और सोशल मीडिया पर फ्रड प्रोफाइल और फर्जी अफर्स से दूर रहें।सेहत केंद्र के पियर एडुकेटर सुमित कुमार और अजित कुमार ने सूखे नशे जैसे पाउडर, चरस, गांजा, नशीला इंजेक्शन, ड्रग्स और सिंथेटिक पदार्थ के खतरों पर विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि युवा वर्ग सबसे अधिक प्रभावित हो रहा है। जिससे परिवार और समाज दोनों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है।नशा शरीर को अंदर से खत्म कर देता है।नशे की लत से मानसिक तनाव, आक्रामक व्यवहार और गंभीर स्वास्थ्य समस्याएँ विकसित होती हैं।राष्ट्रीय सेवा योजना यूनिट दो के कार्यक्रम पदाधिकारी दिनेश कुमार ने स्वयंसेवक को संबोधित करते हुए कहा कि साइबर ठगी के बढ़ते मामले युवाओं के लिए सबसे बड़ा खतरा बन रहे हैं। यदि किसी छात्र के साथ अनलाइन धोखाधड़ी होती है तो तुरंत साइबर क्राइम पोर्टल पर शिकायत दर्ज करें। जयमंगला वाहिनी परिवार के प्रतिनिधि कुणाल भारद्वाज ने कहा कि समाज में फैलती बुराइयों को रोकने के लिए युवाओं की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि युवा जागरूक होंगे तभी समाज सुरक्षित होगा। साइबर अपराध और नशे का फैलाव रोकने के लिए सामूहिक प्रयास अनिवार्य है। जयमंगला वाहिनी परिवार के जिलाध्यक्ष महेश वत्स ने अपील किया कि वे समाज में जागरूकता फैलाने में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएँ। साथ ही प्रश्न-उत्तर सत्र में साइबर सुरक्षा व नशे के दुष्प्रभाव से जुड़े कई सवाल पूछे। जिसका व्यावहारिक समाधान बताया। इस मौके पर उर्दू विभाग के सहायक प्रोफेसर ड मसूर हैदरी, जयमंगला वाहिनी परिवार के संस्थापक सदस्यों में एक अवनीश सिंह,जिलाध्यक्ष महेश वत्स, कुणाल भारद्वाज, स्वयंसेवक अजित कुमार, सुमित कुमार, फलक, प्रिंस केसरी, बिक्रम राठौर, अभिनव, शाहनाज, यासमीन, उज्ज्वल, लक्की, शिवानी, प्रियांशु, अभिषेक कुमार, आशीष सत्यम, निखिल, ऋतिक, नीतीश कुमार, फरहत सुल्ताना, राबिया खानम, प्रेम सहित अन्य स्वयंसेवक मौजूद थे।

## आंचल योजना के तहत महापरीक्षा का आयोजन

**नावकोठी (नबिटा संवाददाता)।** दलित, महादलित, अल्पसंख्यक पिछड़ा वर्ग आंचल योजना के तहत बुनियादी साक्षरता महापरीक्षा का आयोजन 8 परीक्षा केन्द्रों पर रविवार को आयोजित की गई। इस महापरीक्षा में कुल 1150 नवसाक्षर महिलाओं ने परीक्षा दी एवं 250 नवसाक्षर महिला अनुपस्थित रही। परीक्षा केंद्र भ्रमण के बाद केआरपी दयामणी ने बताया कि इस महापरीक्षा के लिए दलित कोटि से 353, महादलित कोटि से 607, अल्पसंख्यक अति पिछड़ा वर्ग से 440 कुल 1400 नवसाक्षर महिलाओं का रजिस्ट्रेशन किया गया था। इसमें दलित कोटि से 268 नवसाक्षर महिला, महादलित कोटि से 522 नवसाक्षर महिला, अल्पसंख्यक कोटि से 360 नवसाक्षर महिला शामिल हुई। परीक्षा के संचालन में प्रधानाध्यापक संजीत कुमार महतो, कृष्ण कुमार, प्रमोद कुमार, नीतू कुमारी, रीता कुमारी केन्द्राधीक्षक, जमील अहमद, मुसर्रत खातुन, अबुल कलाम, मजीद हुसैन, मो खालिद, मो सुभान, सुजीत कुमार रजक, शंकर रजक, बाबु साहेब रजक, रेणु देवी, अशोक सदा, गणेश सदा, मंगल सदा, दुखमोचन सदा, नाथोराम चौधरी आदि शिक्षा स्वयं सेवकों ने परीक्षा का संचालन किया।

## पुलिस ने छह घंटे में किया चोरी का खुलासा

### चोरी का समान भी बरामद, चार बदमाश गिरफ्तार



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**शिवाजीनगर।** शिवाजीनगर थाने की पुलिस ने क्षेत्र में हुई चोरी की घटना के बाद कारवाई करते हुए 6 घंटे के भीतर ही चोरी कांड का खुलासा किया है। रोसड़ा डीएसपी संजय कुमार सिन्हा ने जानकारी देते हुए बताया कि शिवाजीनगर क्षेत्र के परसा गांव में एक चोरी की घटना घटी थी। जिसके बाद एक विशेष टीम गठित कर जांच पड़ताल शुरु की गई। शिवाजीनगर थानाध्यक्ष रवीन्द्र कुमार ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मात्र 6 घंटे के भीतर कांड का उद्भेदन कर घटना में शामिल चार बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। साथ ही चोरी किए गए सभी आभूषण, मोबाइल, बाइक तथा घटना में प्रयुक्त हथौड़ी-छेनी भी बरामद कर ली गई है। रोसड़ा डीएसपी ने बताया कि शिवाजीनगर थाना क्षेत्र के परसा गांव में रामबाबू मंडल के घर में अज्ञात चोरों ने ताला तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया था जिस दौरान घर में रखे आभूषण चोरी कर लिया था। पीड़ित के लिखित आवेदन के आधार पर शिवाजीनगर थाना में कांड दर्ज कर तकनीकी अनुसंधान कर चोरी मामले का खुलासा किया गया है। डीएसपी ने बताया कि बरामद सामान में सोने जैसा एक जोड़ा कान का झुमका, सोने जैसा एक जोड़ा कान की बाली, मोतियों की माला में सोने जैसा चकती, सोने जैसा हनुमानी लॉकेट, घटना में प्रयुक्त दो मोबाइल फ़ोन और घटना में प्रयुक्त किए गए एक हीरो मोटरसाइकिल, हथौड़ी और छेनी बरामद किया गया है। घटना में शामिल बदमाश शिवाजीनगर थाना के परसा गांव निवासी विकास कुमार, राजबल्ली कुमार यादव, और खानपुर बेलहर गांव के राजन कुमार, सोनू कुमार, को गिरफ्तार किया गया हैं। सभी के अपराधिक इतिहास के बारे में पता लगाया जा रहा है। छापेमारी टीम सदस्य में शिवाजीनगर थानाध्यक्ष रविन्द्र कुमार, पुअनि प्रवीण कुमार, पी.टी.सी. शैलेश कुमार,सिपाही अमित कुमार, सोहन पासवान, रामकुमार सिंह शामिल थे।

## परिनिर्वाण दिवस पर याद किए गए बाबा साहब

**बलिया।** प्रखंड परिसर स्थित अंबेडकर पार्क में परिनिर्वाण दिवस पर डा भीमराव अंबेडकर की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। सभी लोग पहुंचकर डा भीमराव अंबेडकर अमर रहे के नारे लगाते हुए पहुंचे एवम उनके आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण किया एवम उनके किए कार्यो पर प्रकाश डाला। कहा आज उनके बनाए संविधान देश का मजबूत स्तम्भ है। जिसमे सभी के अधिकार, कर्तव्य को बताया गया। समारोह में रूपनारायण पासवान, कांग्रेस अध्यक्ष राकेश सिंह, शिक्षक फुलेना यादव, अधिवक्ता एहतेशाम अहमद, शैलेन्द्र कुमार आदि थे।

## तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार महिला को कुचला, मौत



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**अररिया।** जिले के जोकीहाट प्रखंड स्थित महलगांव थाना क्षेत्र अंतर्गत करियात कैंप के समीप रविवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार महिला की मौत हो गई। हादसा इतना भयावह था कि महिला की मौके पर ही मौत हो गई और घटना के बाद सड़क के दोनों लेन पर लंबा जाम लग गया।

मृतका की पहचान सरोज कुमारी पति- संजय ठाकुर के रूप में हुई है, जो पलासी थाना क्षेत्र के बलवा ड्यूरी वार्ड संख्या- 11 की रहने वाली बताई जा रही हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार सरोज कुमारी पूर्णिया से एक शादी समारोह में शामिल होकर बाइक से अपने घर लौट रही थीं। जैसे ही उनकी बाइक करियात कैंप पेट्रोल पंप के सामने पहुंची, वह असंतुलित होकर सड़क पर गिर पड़ीं। इसी दौरान पीछे से तेज गति से आ रहा ट्रक उन्हें कुचलते हुए आगे निकल गया, जिससे घटनास्थल पर ही उनकी दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों व राहगीरों ने सड़क पर जाम लगा दिया। देखते ही देखते अररिया-पूर्णिया राष्ट्रीय उच्च पथ पर दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। दो घंटे तक शव पड़ा रहा, पुलिस काफ़ी विलंब से मौक़े पर पहुंची। जिससे परिजनों में पुलिस के प्रति आक्रोश देखा गया। महलगांव थाना व नगर थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों को समझा-बुझाकर सड़क से जाम हटवाया। पुलिस ने मृतका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल, अररिया भेज दिया। हादसा भारत पेट्रोल पंप से दक्षिण, एनएचएआई करियात, मटियारी मार्ग के पास हुआ है। घटना की खबर मिलते ही बलवा ड्यूरी गांव में मातम पसर गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। अचानक हुई इस दर्दनाक घटना से पूरा गांव सदमे में है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा देने की मांग की है।

## भिखारी ठाकुर रंग जलसा 2025 बिदेसिया नाटक पर होगा केंद्रित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**आरा।** पटेल बस पड़ाव आरा परिसर स्थित भिखारी ठाकुर सांस्कृतिक मंच पर भिखारी ठाकुर रंग जलसा 2025 की तैयारी को लेकर रविवार को बैठक हुई। अध्यक्षता वरीष्ठ रंगकर्मी साधना श्रीवास्तव, संचालन संस्थापक अध्यक्ष पत्रकार नरेंद्र सिंह ने की। भिखारी ठाकुर सामाजिक शोध संस्थान के बैनर तले आयोजित बैठक के दौरान पूर्व से हो रही कार्यों के समीक्षा के पश्चात निर्णय लिया गया की पूरे कार्यक्रम की भाषा भोजपुरी में ही रहे। साथ इस बार के आयोजन का प्रमुख ध्यान भिखारी ठाकुर कृत नाटक 'बिदेसिया' पर रहे। कवि सम्मेलन के साथ साथ अश्लील गायिकी को दरकिनार कर पारम्परिक गीतों की प्रस्तुति मंच से कराने पर चर्चा हुआ। डोमकच, राह बाबा की पूजा का कथा सार मंच से कराने का निर्णय लिया गया। विद्यालयों के बच्चों द्वारा आगत अतिथियों का स्वागत कराया जाए। बस पड़ाव के मुख्य द्वार पर डॉ जया जैन के सौजन्य से लगने वाला लोक कलाकार भिखारी ठाकुर स्मृति द्वार का उद्घाटन महापौर तथा अन्य आगत अतिथियों के द्वारा सामूहिक रूप से कराया जाए। साथ ही एमएलसी राधा चरण साह उर्फ सेठ जी के कोष से निर्माणाधीन सांस्कृतिक मंच के ऊपर हुए ढलाई कार्य को और सुंदर ढंग से सजाया जाने का निर्णय लिया गया। अंत में भिखारी ठाकुर की परम्परा को आगे बढ़ाने वाले राम दास राही के निधन पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। बैठक में डॉ अनिल सिंह, वरिष्ठ रंगकर्मी अंबुज कुमार, कृष्ण प्रताप सिंह, पत्रकार कमलेश पांडेय, यूके सुमन, स्वामी विक्रमादित्य, नारद मुनि तिवारी (शिक्षक), प्रीतपाल सिंह, रंजन यादव, स्व रामाज्ञा की राम मंडली के अशोक पासवान, डॉ आरसी भूषण व अन्य थे।

## नासरीन खातून बनी मुखिया संघ की अध्यक्ष

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मंसूरचक।** प्रखंड के गोविंदपुर दो पंचायत भवन कक्ष में प्रखंड मुखिया संघ की बैठक हुई। जिसमें संगठन एवं विकास कार्यों पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में सर्वसम्मति से प्रखंड मुखिया संघ के अध्यक्ष पद पर साठा पंचायत की मुखिया नासरीन खातून को बनाया गया। नये प्रखंड मुखिया संघ के अध्यक्ष पद का विधिवत पदभार ग्रह्ला करती हुई नासरीन खातून ने कहा कि सभी पुरूष, महिला जनप्रतिनिधियों को एक समान सम्मान देना, मुखिया के किसी भी समस्या को तुरंत ही गंभीरता से लेते हुए आगे की कार्रवाई के लिए तत्पर रहना मेरा प्रथम कर्तव्य होगा। बैठक को गोविंदपुर दो पंचायत के मुखिया राममूर्ति चौधरी, समसा एक पंचायत के मुखिया डाक्टर दिनेश कुमार राय, गणपतौल की मुखिया हीरा कुमारी, मंसूरचक पंचायत की मुखिया यासमीन खातून, बहरामपुर पंचायत के मुखिया धर्मवीर सिंह कुंदन सहित अन्य ने संबोधित करते हुयें नये मुखिया संघ की अध्यक्ष नासरीन खातून से संगठनहित में सदैव काम करने की उम्मीद जताई है।

## नावकोठी में पोलियो उन्मूलन कार्यक्रम को लेकर बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नावकोठी।** प्रखंड क्षेत्र में 14 दिसंबर से होने वाले पोलियो उन्मूलन कार्यक्रम के मद्देनजर प्रखंड टास्क फोर्स की बैठक बीडीओ कक्ष में हुई। इसकी अध्यक्षता बीडीओ सह प्रभारी बीईओ राहुल रंजन ने की। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा राजीव रंजन चौधरी ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग, आईसीडीएस,शिक्षा विभाग, जीविका कर्मियों के आपसी समन्वय से इस कार्यक्रम को सफल बनाया जा सकता है। एक वर्ष से अधिक अंतराल के बाद पोलियो उन्मूलन कार्यक्रम संचालित होगा। इसके लिए जनजागरण आवश्यक है। कार्यक्रम प्रारंभ होने के पूर्व स्कूली छात्र, छात्राओं, जीविका दीदियों तथा आंगनबाड़ी सेविकाओं के द्वारा अपने-अपने पोषक क्षेत्र में जागरूकता रैली निकालने का निर्णय लिया गया। शतप्रतिशत लाभुकों को मिजिल्स रूबेला टीकाकरण से आच्छादित करना हमारा लक्ष्य है। इसके लिए भी सभी का सहयोग अपेक्षित है। स्वास्थ्य विभाग की तैयारी के संबंध में जानकारी दी गई। मौके पर बीएचएम आनंद ईश्वर, बीएमसी गोपाल शर्मा, डब्लू एच ओ प्रतिनिधि अमरेश कुमार, एल एस

## बेटियों का हुनरमंद होना जरूरी : जमशेद

### 30 बेटियों के बीच सिलाई मशीनों का वितरण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**बलिया।** प्रखंड अंतर्गत लखमिनियां गांव में स्थापित ताहिरा अशरफ कौशल विकास सेंटर में छह माह का सिलाई कढ़ाई का प्रशिक्षण प्राप्त कुल 30 प्रशिक्षुओं के बीच प्रमाण पत्र एवं सिलाई मशीन का वितरण किया गया। इस अवसर पर पूर्व मंत्री जमशेद अशरफ ने कहा कि बेटियां हुनरमंद होगी तो खुद के साथ-साथ पूरे परिवार में खुशिहाली लाएगी। साथ ही कहा कि देश के विकास के लिए बेटियों का हुनरमंद होना भी जरूरी है। इसी मकसद से हमने अपनी स्वर्गीय पत्नी ताहिरा अशरफ की याद में लखमिनियां और फुलवड़िया में गरीब व जरूरतमंद बेटियों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए मुफ्त सिंचाई कढ़ाई सेंटर स्थापित किया हूं। जहां हर वर्ग की लड़कियां प्रशिक्षित होकर आत्मनिर्भर हो रही हैं। वहीं प्रशिक्षण प्राप्त करने वाली बेटियों को प्रमाण पत्र एवं सिलाई मशीन भी दी जा रही है। इस मौके पर प्रशिक्षिका संगीता कुमारी, पूर्व मुखिया मो अब्दुलाह, जावेद अख्तर, दिपक शर्मा, शमशाद आलम गुड्डू, शबाब फहीम, अधिवक्ता आमिर हमजा,मो अशरफ उल हक, फैजुर रहमान सहित अन्य उपस्थित थे। इस अवसर पर सिलाई मशीन हासिल कर सभी लड़कियों के चेहरे खुशी से खिल उठे। वहीं सभी ने पूर्व मंत्री जमशेद अशरफ का आभार व्यक्त किया।

## अक्षर आंचल योजना के तहत बुनियादी साक्षरता परीक्षा संपन्न

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**शिवाजीनगर।** प्रखंड क्षेत्र के गांधी स्मारक दामोदर उच्च विद्यालय बालीपुर में अक्षर आंचल योजना के तहत वर्ष 2025 की बुनियादी साक्षरता परीक्षा संपन्न हुई। इस परीक्षा में विशेष रूप से महादलित, दलित, अल्पसंख्यक एवं अतिपिछड़ा वर्ग के शिक्षार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया अक्षर आंचल योजना का उद्देश्य समाज के वंचित एवं पिछड़े वर्ग के लोगों को शिक्षा से जोड़ना और साक्षर बनाना है, ताकि वे सरकारी योजनाओं, दैनिक जीवन एवं सामाजिक दायित्वों में सक्रिय रूप से भाग ले सके परीक्षा के दौरान विद्यालय परिसर में विशेष व्यवस्था की गई थी। इस मौके पर उपस्थित परीक्षार्थियों में सज्जन कुमार बैठा, राजेश जमादार, मनटुन बैठा, सविता कुमारी, मो. नजीर हुसैन, एकलाखून निशा, इरफाना प्रवीण सहित कई अभ्यर्थी शामिल थे विद्यालय के शिक्षकों एवं प्रबंधन ने बताया कि योजना के तहत लोगों को नियमित रूप से पढ़ना, लिखना, हस्ताक्षर करना तथा बुनियादी गणित सिखाया जा रहा है। परीक्षा के पूरा होने के बाद सफल अभ्यर्थियों को प्रमाणपत्र भी उपलब्ध कराया जाएगा परीक्षा के सफल आयोजन के लिए शिक्षकों, स्वयंसेवकों एवं पंचायत प्रतिनिधियों ने भी सहयोग दिया। कार्यक्रम के दौरान परीक्षा की तिथि को लेकर शिक्षकों ने बताया कि इस परीक्षा का आयोजन निर्धारित तिथि के अनुसार ही किया गया, और भविष्य में भी ऐसे जागरूकता कार्यक्रम नियमित रूप से चलाए जाएंगे, ताकि हर व्यक्ति तक शिक्षा पहुंच सके अक्षर आंचल का लक्ष्य हर हाथ में कलम, हर घर में रोशनी इस अभियान से ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा का स्तर मजबूत होने की उम्मीद व्यक्त की जा रही है।

## लंबित मामले और फरार आरोपितों की एसपी ने गिरफ्तारी का दिया निर्देश



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अररिया।** एसपी अंजनी कुमार ने जोकीहाट थाना का निरीक्षण किया। जोकीहाट थाने में लंबित मामलों और फाइलों की जांच की। थाना में दर्ज कांडों की समीक्षा की। उन्होंने कांडों का निष्पादन, आरोपियों की गिरफ्तारी सहित अन्य जरूरी दिशा निर्देश दिए। एसपी ने बताया कि निरीक्षण में मुख्य रूप से कांडों का निष्पादन और गिरफ्तारी के लिए किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बेहतर करने वालों पुलिस पदाधिकारी को रिवार्ड दिया जाएगा और कमियां पाये जाने पर दंडित भी किया जाएगा। उन्होंने थानाध्यक्ष को लंबित मामले और फरार आरोपियों को जल्द गिरफ्तार करने के आदेश दिए हैं। निरीक्षण के मौके पर एसपी अंजनी कुमार ने गुंडा पंजी सहित कई दस्तावेजों सहित माल खाने का निरीक्षण किया। थानाध्यक्ष राजीव कुमार झा को कई आवश्यक निर्देश दिए मौके पर जोकीहाट पुलिस परिवार उपस्थित थे।

## प्रखंड स्तरीय दो दिवसीय खेल कार्यक्रम में खिलाड़ियों ने दिखाया दम



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**आरा।** भोजपुर जिले के मसाढ़ खेल मैदान में प्रखंड स्तरीय विभिन्न खेलों का दो दिवसीय आयोजन में कबड्डी और फुटबॉल समेत अन्य का फाइनल हुआ। खेल का जबरदस्त प्रदर्शन करते हुए स्थानीय बालक व बालिकाओं ने सबका दिल जीत लिया। जिसमें महिला वर्ग कबड्डी के फाइनल में शाहपुर ने मसाढ़ को हराकर खिताब अपने नाम किया। वहीं फुटबॉल बालक वर्ग के फाइनल में मसाढ़ की टीम ने गोरिया को दो गोल से पराजित कर जीत दर्ज की। फुटबॉल टीम के कप्तान विनीत कुमार सिंह ने कहा कि इस तरह के आयोजन से खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ता है और गांव में खेल संस्कृति मजबूत होती है। वही दौड़ प्रतियोगिता 1600 मीटर बालक वर्ग में प्रथम समर सिंह, द्वितीय नीतीश कुमार व तृतीय सत्यम सिंह हुए। लॉन्ग जंप बालक वर्ग में प्रथम अनिकेत, द्वितीय अंकित यादव व तृतीय बिट्टू कुमार चुने गये। 400 मीटर बालिका वर्ग में प्रथम अंजली यादव, द्वितीय खुशी कुमारी व तृतीय तारा मुनी रही। जंप बालिका वर्ग मे प्रथम रूबी कुमारी, द्वितीय आकाशी कुमारी व तृतीय सोनाली कुमारी हुई। मसाढ़ खेल मैदान में मेरा युवा भारत भोजपुर द्वारा फुटबॉल, कबड्डी, लॉन्ग जंप, हाई जंप और दौड़ प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मेयर इंदु देवी, छोटू सिंह, पूर्व मुखिया श्री सिंह, मियां सिंह, कारीसाथ मुखिया एवं सरपंच वीरेंद्र सिंह, शेखर सिंह मौजूद थे। इस आयोजन को सफल बनाने में रेफरी अशोक सिंह, मेरा युवा भारत स्वयंसेवक टीम के राजा कुमार, भागवत कुमार, करण, कुणाल, मंटू कुमार ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## श्रीमदभागवत कथा 23 से शुरू

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**आरा।** बड़ी मठीया आरा में ट्रस्ट के सदस्यों की महत्वपूर्ण बैठक रविवार को महंत श्री अयोध्या नाथ स्वामी जी महाराज की अध्यक्षता में हुई। भारी संख्या में लोगों ने इस बैठक में हिस्सा लिया। मीडिया प्रभारी अखिलेश बाबा ने बताया कि बड़ी मठिया आरा के प्रांगण में 15 से 23 दिसंबर 2025 तक श्रीमद् भागवत कथा का भव्य आयोजन किया गया है। जिसकी तैयारी को लेकर ट्रस्ट के सदस्यों की महत्वपूर्ण बैठक की गई। सभी आगंतुक अतिथियों व ट्रस्ट के सदस्यों ने अपना-अपना सुझाव दिया। श्री अयोध्या नाथ स्वामी जी महाराज ने कहा कि भागवत कथा मानव जीवन का अंग है। हर व्यक्ति को इसे सुनना चाहिए हम सब का सौभाग्य है कि शहर के हृदय में बड़ी मठिया आरा के प्रांगण में इस तरह का आयोजन किया गया है जिसमें श्री लक्ष्मी प्रपन्न जियर स्वामी जी महाराज का आगमन 25 दिसंबर को होने जा रहा है। जिसको लेकर कार्यकर्ताओं में काफी उत्साह है। 26 दिसंबर को पूर्णाहुति तथा भंडारा है। जिसमें व्यापक स्तर पर प्रसाद की व्यवस्था की गई है।

## कला एवं संस्कृति मनुष्य के सर्वांगीण विकास का महत्वपूर्ण आधार

### युवाओं और कलाकारों ने किया अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय।** शहर के प्रेक्षागृह सह आर्ट गैलरी कन्कौल में तीन दिवसीय जिला स्तरीय युवा उत्सव का दूसरा दिन कार्यक्रम में जिले के विभिन्न विद्यालय, महाविद्यालय एवं संस्थाओं के 15 से 29 वर्ष आयु वर्ग के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। कला, संस्कृति एवं युवा विभाग तथा जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित इस तीन दिवसीय उत्सव का समापन सोमवार को होगा। रविवार को कार्यक्रम की शुरूआत दामिनी मिश्रा की प्रस्तुति से हुई। दामिनी ने अपनी शास्त्रीय संगीत से सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। युवाओं को संबोधित करते हुए जिला शिक्षा पदाधिकारी मनोज कुमार ने युवाओं को ऐसे सांस्कृतिक व रचनात्मक आयोजनों में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि कला एवं संसति मनुष्य के सर्वांगीण विकास का महत्वपूर्ण आधार है। जो समाज और व्यक्ति दोनों को सुसंस्त बनाने में अपनी बड़ी भूमिका निभाती है। उन्होंने कहा कि बेगूसराय की धरती कला और संस्कृति में काफी उर्वर है। जिला कला संस्कृति पदाधिकारी श्याम सहनी ने प्रतिभागियों के लिए राज्य स्तरीय युवा उत्सव में शानदार प्रदर्शन की शुभकामनाएं भी प्रेषित किया। उन्होंने बताया कि इसमें सफल प्रतिभागियों को राज्य स्तरीय युवा उत्सव में भाग लेने का मौका मिलेगा। तीन दिवसीय युवा उत्सव में समूह लोक गीत, समूह लोक नृत्य, कविता लेखन, कहानी लेखन, चित्रकारी, वक्तृता एवं नवाचार विज्ञान आदि विधाओं में छात्र-छात्राएं भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। शिक्षक गौरव कुमार पाठक ने अपनी सुंदर कविता और गीत के माध्यम से शानदार मंच संचालन कर कार्यक्रम को आकर्षक बनाए रखा। कार्यक्रम के आयोजन में रूपेश कुमार, राजमणि कुमारी, अंजली कुमारी, मनोज कुमार और सौरभ कुमार ने सहयोग किया।

# मसौढ़ी के बारा पंचायत के किसानों की नहीं हो रही धान की खरीद

## खलिहानों में धान रखकर रतजगा कर रहे किसान

**शशि तुलस्यान/नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**मसौढ़ी।** बीते 21 नवंबर से धान की खरीदगी शुरू हो गई है। लगातार सरकार के द्वारा इसकी मॉनीटरिंग भी की जा रही है एवं लापरवाही बरतने वाले पदाधिकारियों पर कार्रवाई की भी चेतावनी दी गई है। लेकिन मसौढ़ी प्रखंड के बारा पंचायत में अभी तक धान की खरीदगी शुरू नहीं हुई है। ऐसे में किसानों के बीच परेशानी बढ़ गई है, और बिचौलियों के बीच औने पौने दाम में बेचने को विवश है। बारा पंचायत के रौनीया गांव के किसान धनंजय कुमार, हेमंत कुमार, राजपति सिंह, जितेंद्र सिंह, विकास कुमार, नितेश कुमार, रंजीत एवं मुन्ना कुमार आदि ने बताया कि हम लोग पिछले एक महीने से खलिहान में धान रखकर बेचने के लिए परेशान हैं और इस इंतजार में हैं कि कब हमारे पैक्स कहीं दूसरे पैक्स के साथ टैग हो और हम धान बेचे। लेकिन मसौढी के स्थानीय प्रशासन इस दिशा में कोई भी रुचि नहीं लेते दिख रहा है। प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी लाल राजीव रंजन ने बताया कि बारा पंचायत कपास डिफाल्टर हो चुका है इसलिए उसे पैक्स में धान की खरीदगी नहीं होगी। उसका दूसरे पैक्स के साथ टैगिंग होना है। जिसका प्रस्ताव हमने जिला मुख्यालय को भेज दिया है। वही इस पूरे मामले में जिला सहकारिता पदाधिकारी ने आश्वस्त किया है कि जल्द ही सभी डिफॉल्टर पैक्स को दूसरे पैक्स में टैग किया जाएगा और मिल टैगिंग का कार्य युद्धस्तर पर किया जा रहा है। किसी भी किसानों को कोई परेशानी नहीं होगी। जिलाधिकारी के टास्क फोर्स की मीटिंग में सारी बातों को तैयार की जा रही है। बहरहाल आगामी 28 फरवरी तक धान की खरीदगी होनी है। लेकिन लक्ष्य के अनुरूप मसौदा प्रखंड में धान की खरीदगी काफी धीमी चल रही है वहीं बिचौलिया भी किसानो की धान खरीदारी में लगे हुए हैं।

# मध्याह्न भोजन संचालन को लेकर सभी प्रधानाध्यापक के साथ बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** मसौढ़ी में बीआरसी कार्यालय में मध्याह्न भोजन प्रभारी संजीव कुमार ने प्रखंड के सभी प्राथमिक एवं मिडिल स्कूलों के प्रधानाध्यापकों के साथ बैठक की। बैठक में आईफए गोली एंट्री विषय में जानकारी दी गई एवं पीएफएमएस पोषण वाटिका के कार्य के विषय में भी जानकारी दि गई विद्यालय का पीएफएमएस ई शिक्षकोष का यूजर आईडी पासवर्ड के जरिए पीएमएस कार्य को बताया गया। इसके अलावा सभी प्रधानाध्यापकों को निर्देश दिया गया कि आईएफए की पिंक दवा वर्ग 1 से 5 एवं ब्ल्यू गोली 6 से 8 को यदि दिया गया है, उसे माह नवंबर का ई शिक्षा कोष ऐप पर एंट्री करना सुनिश्चित किया जाए। साथ ही बताया गया की सभी विद्यालयों में एमडीएम संचालन निर्बाध रूप से एवं गैस चूल्हा पर बनाया जाए, विद्यालय में सभी संबंधित पंजी भी रखा जाए। हर माह के पहले सप्ताह में फोलिक एसिड गोली एल्बेंडाजोल बच्चों को शत प्रतिशत खिलाने को निर्देश दिया गया। बैठक में एमडीएम प्रभारी संजीव कुमार ने बताया कि सभी स्कूलों में एमडीएम से संबंधित दैनिक रिपोर्ट अनिवार्य रूप से तैयार करना और जमा करना, जिस पर सभी शिक्षकों के हस्ताक्षर हों एवं बच्चों की शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए प्रधानाध्यापकों से उपाय जानना और अभिभावकों के साथ बैठकें कर उन्हें जागरूक करना। इसके अलावा साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाए। ऑडिट से जुड़े सवालों को समय पर पूरा करना और सभी संबंधित दस्तावेज़ों को व्यवस्थित रूप से बनाए रखना है। इसके अलावा सभी प्रधानाध्यापक को निर्देशित किया गया है की उच्च गुणवत्ता वाले वेंडर से ही खाद आपूर्ति की खरीद सुनिश्चित करें और पीएफएमएस पोर्टल पर सभी अपलोड करना सुनिश्चित करेंगे।

# क्लासरूम में घुसकर महिला शिक्षिका ने दूसरे की कर दी पिटाई

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** क्लासरूम में घुसकर एक महिला शिक्षिका ने दूसरी महिलस शिक्षिका की पिटाई कर दी। मामला मसौढी प्रखंड के प्राथमिक विद्यालय दरियापुर का है। जहां पर एक विशिष्ट शिक्षिका के रूप में कार्यरत निर्मला कुमारी पति विनोद कुमार उत्तरी लक्खीबाग ने मसौढी थाने में अपनी स्कूल के बगल की एक शिक्षिका सुमंति देवी पिता विजय प्रसाद पर प्राथमिकी दर्ज करने के लिए आवेदन देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है। दिए गए आवेदन के आलोक में पीड़ित निर्मला कुमारी ने लिखा है कि हमारे विद्यालय के बगल की एक शिक्षिका सुमंती देवी हमारे स्कूल के सहायक शिक्षक विषुण देव पंडित से बंद कमरे में घंटो जाकर मिलती हैं जिससे स्कूल का वातावरण खराब हो रहा है। जिसका हम विरोध जाता रहे हैं। ऐसे में जब हम इसका विरोध किया और मोबाइल पर प्रधानाध्यापक सुनील कुमार को इस बात की जानकारी दिए तो प्रधानाध्यापक ने सहायक शिक्षक बिषुण देव पंडित को काफी उसे डांट फटकार किया। इसी बात को लेकर सुमंती देवी जब हम कक्षा में पढ़ा रहे थे तो घुसकर मेरे बाल पकड़कर खींचते हुए मेरे साथ गाली गलौज कर मारपीट की उसके बाद जान से मारने की धमकी दी है। पुलिस मामले की जांच की जुटी है।

# अनुमंडलीय पत्रकार संघ की बैठक में कई सदस्यों को मिली अहम जिम्मेवारी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**मसौढ़ी।** बिहार श्रमजीवी पत्रकार यूनियन से संबधता प्राप्त मसौढ़ी अनुमंडलीय पत्रकार यूनियन संघ कि एक अहम बैठक मसौढ़ी में रविवार को आहूत की गई, जिसकी अध्यक्षता प्रभंजन कुमार ने की संचालन संघ के अध्यक्ष पंकज कुमार सिंह ने की। संगठन को मजबूती प्रदान करने और इसे आगे बढ़ाने को लेकर संगठन को विस्तार करते हुए कई सदस्यों को नए पद देकर उन्हें जिम्मेवारी सौंपी गई है। जिसमें उपाध्यक्ष पद पर राजेश कुमार सोनू एवं प्रभंजन कुमार को जिम्मेवारी दी गई है। इसके अलावा सचिव पद पर शशि तुलस्यान को अहम जिम्मेवारी दी गई है। एवं संगठन सचिव ललित नारायण सिंह और सह कोषाध्यक्ष के पद पर मोहम्मद शाहनवाज को अहम जिम्मेवारी देते हुए सर्वसम्मति से संगठन के सभी सदस्यों ने अपनी सहमति जताई है। संगठन के अध्यक्ष पंकज कुमार सिंह ने बताया कि वर्ष 2025 का अंतिम बैठक दिसंबर माह में ही होगी। इसके अलावा उन्होंने ठंड को देखते हुए गरीब असहाय लोगों को अपने संघ के बैनर तले मदद करने पर भी चर्चा की गई है है। बहरहाल लगातार पांच बैठक में अनुपस्थित रहने वाले एक सदस्य को संघ से निष्कासित कर दिया गया है। इस अवसर पर संगठन की एकता, संगठन विस्तार, पत्रकारों के अधिकारों की रक्षा तथा पत्रकारिता की गरिमा बनाए रखने जैसे कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गई। विशेष उल्लेखनीय यह रहा कि कई सदस्य अस्वस्थ होने के बावजूद भी वीडियो कॉलिंग के माध्यम से बैठक में जुड़कर संगठन की मजबूती पर बल दिया। जिसमें अजय कुमार बबलू, अजय कुमार, बलवीर कुमार, अरविंद कुमार है। उपस्थित सभी पदाधिकारियों को संगठन की नीतियों पर चलने, आपसी समन्वय बनाए रखने एवं पत्रकारों के हित में सक्रिय भूमिका निभाने के निर्देश दिए। संघ की बैठक में संघ के अध्यक्ष पंकज कुमार सिंह महासचिव अरुण कुमार, उपाध्यक्ष प्रभंजन कुमार सिंह एवं राजेश कुमार सोनू, सचिव शशि तुलस्यान, संगठन सचिव ललित नारायण सिंह, सहायक कोषाध्यक्ष मोहम्मद शाहनवाज आलम आदि शामिल रहे।

## एक नजर

### ट्रेन से कटकर युवक की मौत

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** पटना-गया रेलखंड के तिनेरी हॉल्ट के पास पोल संख्या 26 से 29 के बीच अज्ञात पैसेंजर ट्रेन से कट कर एक युवक की मौत हो गई है। मृतक की पहचान मसौढ़ी थाना क्षेत्र के दाउदपुर मोहल्ले के शिवकुमार उम्र 23 वर्ष पिता विनोद कुमार के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष राजकुमार दुबे ने बताया कि सुबह में जानकारी मिली की डाउन लाइन में एक युवक का क्षत विक्षत रेलवै ट्रैक पर शव मिला है। सूचना का सत्यापन करते हुए पुलिस शव को बरामद की है। शव की पहचान हो गई है यूडी केस दर्ज करते हुए मामले की जांच की जा रही है।

### पुलिस पर पथराव मामले में 19 नामजद

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** केवड़ा ओपी थाना क्षेत्र में पटना गया नेशनल हाईवे पर बीते शुक्रवार की देर शाम को सड़क हादसे में हुए एक व्यक्ति की मौत के बाद जमकर 3 घंटे तक बवाल मचा, उस दौरान पुलिस पर भी पथराव किया गया, सरकारी वहान पर तोड़फोड़ की गई है और तकरीबन 3 घंटे तक यातायात बाधित रही। इस पूरे मामले में केवड़ा थाने में 19 लोगों पर नामजद और 30 अज्ञात लोगों पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। केवड़ा थाने के थानाध्यक्ष संतोष कुमार ने बताया कि सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत के बाद लोगों ने जमकर बवाल मचाया था और 3 घंटे तक सड़क जाम रही थी इस दौरान पुलिस पर पथराव किया गया सरकारी वाहन को भी तोड़फोड़ की गई थी पुनपुन थाने की गाड़ी पर पथराव किये गए थे। इस पूरे मामले में कई लोगों पर कार्रवाई की गई है और जांच की जा रही है।

### एएसपी ने सड़क पर उतर की वाहनों की जांच

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाने तथा विधि-व्यवस्था संधारण के दृष्टिगत वरीय पुलिस अधीक्षक पटना के निर्देशन में मसौढी थाना के पास शाम को सहायक पुलिस अधीक्षक कोमल मीणा ने सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया। इस मौके पर दर्जनों वाहनों को खुद एएसपी कोमल मीणा ने जांच की पर मौके पर थानाध्यक्ष अनिल कुमार दल बल के साथ उपस्थित रहे। एएसपी कोमल मीणा ने बताया की वरीय पुलिस पदाधिकारियों के निर्देशन में सभी थानाध्यक्षों को अपने-अपने क्षेत्रों में सक्रिय रहने, विशेष निगरानी एवं सतर्कता बरतने के लिए महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए हैं।उक्त निर्देश के आलोक में मसौढ़ी अनुमंडल अंतर्गत सभी थाना क्षेत्रों में निरंतर सघन वाहन जांच की जा रही है।

### हत्या के प्रयास मामले में नामजद गिरफ्तार

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** केवड़ा थाने की पुलिस ने सरैया गांव से हत्या के प्रयास मामले में एक नामजद अभियुक्त को उसके घर से ही गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी का नाम सतीश केवट पिता स्वर्गीय जगदीश केवट ग्राम सरैया है। थाना अध्यक्ष संतोष कुमार ने बताया कि यह घटना बीते 23 नवंबर 2025 की शाम को हुई है, जहां पर राजेश कुमार पिता महेश सिंह ग्राम सरैया के लिखित आवेदन पर चार लोगों पर प्राथमिक की दर्ज की गई थी। जिसमें संजीव कुमार, छोटन केवट, सतीश केवट, अशोक केवट हैं इन सबों पर चाकू एवं लाठी डंडे से हमला कर जख्मी करने का मामला थाने में दर्ज कराया गया था इसी मामले में सतीश केवट की गिरफ्तारी की गई है।

### साक्षरता महापरीक्षा में 6000 परीक्षार्थी शामिल

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** गांव की महिलाओं को अब साक्षर बनने का सपना पूरा होगा। ऐसे में सरकार द्वारा आयोजित बुनियादी साक्षरता महापरीक्षा का आयोजन रविवार को की गई जहां पूरे मसौढी प्रखंड में 15 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। 15 से लेकर 45 उम्र की नवसाक्षर महिलाओं के लिए यह महज एक परीक्षा नहीं साक्षर बनने के प्रमाण पत्र पाने का रास्ता होगा।परीक्षा सुबह 10 से 4 बजे तक आयोजित की गई, परीक्षा संचालन के दौरान मसूरी के परीक्षा केंद्र संस्कृत मध्य विद्यालय और अभ्यास मध्य विद्यालय में जिला कार्यक्रम माध्यमिक साक्षरता पदाधिकारी मैफूर रहमान और केआरपी सुरेंद्र प्रसाद ने औचक निरीक्षण किया। परीक्षा के बारे मे बताया की इस परीक्षा में तीन भाग में प्रश्न पत्र है। पढ़ना, लिखना व गणित की परीक्ष है 50-50 अंक के तीन विषय का एग्जाम है। परीक्षा के करीब आठ दिन बाद 15 दिसंबर तक परिणाम आ जाने की संभावना है।।बहरहाल परीक्षा के आठ दिन बाद 15 दिसंबर को आ जाएगा परिणाम सभी पदाधिकारी परीक्षा के दौरान केंद्रों पर सक्रिय दिखे।

### शोक सभा का आयोजन

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** पुनपुन प्रखंड के पुनपुन ब्लॉक सभागार मे जदयू के वरिष्ठ नेता, पूर्व मुखिया रहे दिवंगत महेन्द्र सिंह के निधन उपरांत शोक सभा आयोजित कार्यक्रम किया जहाँ उनके तैलचित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित कर लोगों के नमन किए। श्रद्धांजलि के उपरान्त दो मिनट का मौन रख उनके आत्मा की शांति हेतू ईश्वर से प्रार्थना किए। आयोजित शोक सभा मे विधायक श्याम रजक,, विधायक अरुण मांझी, निशु, पटना ग्रामीण जिलाध्यक्ष अशोक सिंह, विधान पार्षद रविन्द्र प्रसाद सिंह, जदयू प्रवक्ता निहोरा यादव, प्रखंड अध्यक्ष अनिल सहनी कुमारी खुशबू रानी, लालमोहन सिंह, सहित गणमान्य नेतागण, जदयू पदाधिकारीगण, परिवार के सदस्यगण सहित सैकड़ो की संख्या मे कार्यकर्तागण तथा स्थानीय ग्रामीण सम्मलित हुए।

# देश की रक्षा में सैनिकों के योगदान की याद दिलाता है झंडा दिवस

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**दरभंगा।** ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के समाजशास्त्र विभाग में रविवार को झंडा दिवस का आयोजन किया गया। अध्यक्षता विभाग अध्यक्ष सहसंकाय अध्यक्ष सामाजिक विज्ञान प्रो मोहम्मद शाहिद हसन ने की। प्रो हसन ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में कहा कि झंडा दिवस राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता के लिए सैनिकों द्वारा किए गए योगदान की याद दिलाता है। वास्तव में ऐसा कार्यक्रम देश के नागरिकों में देश सेवा की भावना को प्रेरित करता है। झंडा दिवस की स्थापना के उद्देश्यों की चर्चा करते हुए प्रो हसन ने कहा कि युद्ध में हताहत सैनिकों के पुनर्वास तथा सेवारत सैनिकों और उनके परिवारों के सतत कल्याण के उद्देश्य से सर्वप्रथम 7 दिसंबर 1949 को इस दिवस का आरंभ किया गया। वहीं 1993 में इसके लिए एक कोष का सृजन भी किया गया तब से यह कार्यक्रम पूरे देश में मनाया जाता है ।उन्होंने झंडा दिवस कार्यक्रम की महत्ता की चर्चा करते हुए कहा कि इस कार्यक्रम से राष्ट्र के प्रति सामान्य नागरिकों, युवाओं और छात्र-छात्राओं को अपने कर्तव्यों का बोध होता है। साथ ही राष्ट्रीय एकता और अखंडता को बल मिलता है। उक्त अवसर पर शिक्षक डॉ भक्ति नाथ झा, डॉ सत्यनारायण पासवान, डॉ सुनीता कुमारी, डॉक्टर सरिता कुमारी सहित छात्र-छात्राएं भी उपस्थित थे। कार्यक्रम का मंच संचालन डॉक्टर प्रमोद गांधी ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन डॉक्टर लक्ष्मी कुमारी ने की।

# मध्य विद्यालय दोसमा में संयुक्त परिवार की भूमिका पर संगोष्ठी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**औरंगाबाद।** मध्य विद्यालय दोसमा में वर्तमान समय में संयुक्त परिवार की भूमिका विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाध्यापक वसीम अख्तर ने की। उन्होंने कहा कि आज की जीवनशैली में लोग व्यक्तिगत परिवार की ओर बढ़ रहे हैं, जबकि संयुक्त परिवार में मिलजुलकर रहने की परंपरा सामाजिक समरसता और भाईचारे को मजबूत करती है। उन्होंने उपस्थित लोगों और छात्र-छात्राओं से संयुक्त परिवार की अवधारणा को अपनाने और पारिवारिक संबंधों को मजबूत बनाए रखने का आग्रह किया। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं के बीच पेंटिंग प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। परिणामस्वरूप आठवीं कक्षा की छात्रा गुंजा कुमारी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि आयुष कुमार द्वितीय और रानी कुमारी तृतीय स्थान पर रहीं। छठी कक्षा में अंकित कुमार ने द्वितीय स्थान और अलसी कुमारी ने तृतीय स्थान हासिल किया। पहली से पाँचवीं कक्षा समूह में पम्मी कुमारी प्रथम, साधना कुमारी द्वितीय और अनुष्का शर्मा तृतीय स्थान पर रहीं। विजेता प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र और पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में रुद्रेश कुमार, विपिन कुमार, विवेक कुमार, अनिल कुमार, आशा सिंह, मंजू कुमारी, ऋचा पांडेय और रूही प्रवीण सहित विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिका और छात्र उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को पारिवारिक मूल्यों और सामाजिक संरचना की समझ विकसित करना बताया गया।

# बाबा साहेब की 69वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**औरंगाबाद।** प्रखंड के पड़रिया गांव स्थित विश्वनाथ सिंह के आवास परिसर में संविधान निर्माता और सामाजिक न्याय के प्रबल प्रहरी बाबा भीमराव अंबेडकर की 69वीं महापरिनिर्वाण पुण्यतिथि बहुजन समाज पार्टी के तत्वावधान में धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता सुदर्शन बौद्ध ने की, जबकि संचालन हृदयानंद भारती ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत बाबा साहेब की तस्वीर पर दीप प्रज्वलन और माल्यार्पण के साथ हुई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि और आयोजक संजय कुमार ने संबोधित करते हुए कहा कि अंबेडकर ने अपना संपूर्ण जीवन सामाजिक न्याय, समता और स्वाभिमान के संघर्ष में समर्पित कर दिया। उन्होंने कहा कि 6 दिसंबर 1956 को बाबा साहेब का निधन हुआ था और इसी कारण इस दिन को महापरिनिर्वाण दिवस के रूप में मनाया जाता है। संजय कुमार ने कहा कि आज भी बाबा साहेब के विचार उतने ही प्रासंगिक हैं और आधुनिक, समतामूलक भारत की परिकल्पना में उनका योगदान अविस्मरणीय है। इस अवसर पर बसपा के पूर्व जिला अध्यक्ष श्यामदेव राम निराला, प्रभारी बसंत कुमार, जिला सचिव राजीव कुमार बौद्ध, राजेंद्र कुशवाहा सहित अन्य वक्ताओं ने कहा कि बाबा साहेब ने जातीय भेदभाव मिटाकर शिक्षा, समानता और न्याय का संदेश दिया, जिसे भुलाया नहीं जा सकता। वक्ताओं ने यह भी कहा कि बाबा साहेब ने 32 डिग्रियां प्राप्त कर शिक्षा का जो अलख जगाया, वह आज समाज को दिशा देने का काम कर रहा है। कार्यक्रम के दौरान जरूरतमंदों और असहाय लोगों के बीच आयोजक संजय कुमार द्वारा बड़ी संख्या में कंबलों का वितरण किया गया। मौके पर डॉक्टर विवेश पांडेय, अरविंद शर्मा, सहजानंद पांडेय, भरत राम, डॉक्टर कृष्णा बौद्ध, कमलेश, श्रवण कुमार, पुष्कर अग्रवाल, वेंकटेश शर्मा, मोहित कुमार, गौतम कुमार, मनोज समेत बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे।

# टीम भावना एवं अनुशासन सिखाता है खेल : डीएम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**भागलपुर।** बिहार राज्य खेल प्राधिकरण एवं जिला प्रशासन के सहयोग से यहां आयोजित राज्यस्तरीय (अंतर प्रमंडल) विद्यालय बालक बैडमिंटन अंडर 14, 17 एवं 19 खेल प्रतियोगिता रविवार से आरंभ हुई। स्थानीय सैंडिस मैदान के इनडोर बैडमिंटन हॉल में आयोजित इस प्रतियोगिता का शुभारंभ जिला पदाधिकारी डॉ नवल किशोर चौधरी ने दीप प्रज्वलित कर किया। इसके पहले जिला खेल पदाधिकारी जय नारायण कुमार के द्वारा जिलाधिकारी सहित सभी अतिथियों को पौधा एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। जबकि मैच का संचालन बिहार राज्य खेल पटना के द्वारा प्रतिनियुक्त तकनीकी पदाधिकारी के द्वारा की जा रही है। जिनमें मिथिलेश कुमार, राम कुमार सिंह, सूर्यकांत प्रताप, शेखर सुमन, अभिराज कुमार, संगम कुमार, आदित्य आर्या, रूपेश राज, राकेश कुमार एवं संज्ञान परमार शामिल हैं। प्रतियोगिता नॉकआउट पद्धति से आयोजित की जा रही है। प्रतियोगिता सिंगल एवं डबल्स दोनों आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता में विजेता, उपविजेता खिलाड़ियों को मेडल, प्रमाण पत्र एवं ट्रॉफी तथा सभी भाग लेने वाले खिलाड़ियों को सहभागिता प्रमाण पत्र दिया जाएगा। फाइनल मैच दस दिसंबर को खेला जाएगा। इस बीच जिलाधिकारी डॉ. नवल किशोर चौधरी ने अपने संबोधन में कहां कि खेल न केवल शारीरिक, मानसिक एवं बौद्धिक विकास को बढ़ता है, बल्कि टीम भावना एवं अनुशासन भी सिखाता है। खेल के माध्यम से हमें हार स्वीकार करने एवं हार से उबर कर पुनः विजेता होने का रास्ता दिखाता है। मंच का संचालन जिला एथलेटिक्स संघ के सचिव मो. नसर आलम ने किया। जबकि धन्यवाद ज्ञापन जिला बैडमिंटन संघ के कोषाध्यक्ष राजेश नंदन के द्वारा किया गया। मौके पर जिला शिक्षा पदाधिकारी राजकुमार शर्मा, जिला कोषागार पदाधिकारी देवेन्द्र प्रसाद, नगर निगम के उप आयुक्त विनय कुमार यादव, जिला खेल अधिकारी जयकुमार प्रसाद सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी मौजूद थे।

# छात्रों को जिम्मेदार व जागरूक नागरिक बनाना लक्ष्य

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** कासमा थाना क्षेत्र के अरथुआ स्थित राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय में आज पैरेंट टीचर्स मीटिंग का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ प्रशांत मणि ने इस मीटिंग में उपस्थित सभी अभिभावकों को संबोधित करते हुए इस मीटिंग के उद्देश्य से अवगत कराया, उन्होंने बताया कि इस मीटिंग के माध्यम से छात्रों के परफॉर्मेंस एवं उनकी उपस्थिति में काफी सुधार होगी। साथ ही प्रचार्य डॉ प्रशांत मणि ने बताया कि महाविद्यालय के प्रत्येक प्राध्यापक को 12 छात्रों का मेंटर्स के तौर पर जिम्मेदारी दी गयी है जिससे छात्रो के सर्वांगीण विकास में मदद मिलेगी। छात्रों को जिम्मेदार और जागरूक नागरिक बनाना हमारा लक्ष्य है। महाविद्यालय के एकेडमिक इंचार्ज प्रो चन्दन कुमार ने अभिभावकों को संबोधित करते हुए महाविद्यालय के रिपोर्ट, इंफ्रास्ट्रक्चर, लैब, प्लेसमेंट, स्टार्टअप एवं अन्य सेलों की उपलब्धि को प्रेजेंटेशन के माध्यम से उनके समक्ष प्रस्तुत किया। इस दौरान मेकैनिकल विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ सचिन माहेश्वर एवं इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो कृष्णकांत चौबे ने भी अभिभावकों के साथ अपना अनुभव साझा किया एवं महाविद्यालय की गुणवत्ता एवं उपलब्धियों से अवगत कराया।

# छात्रों को भारतीय गणित की समृद्ध परंपरा से जोड़ना ही कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य : प्राचार्य

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** रामदयालु सिंह महाविद्यालय के प्राचार्य कक्ष में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में पत्रकारों को संबोधित करते हुए प्राचार्य डॉ शशि भूषण कुमार ने कहा कि रामदयालु सिंह महाविद्यालय के सभागार में वैदिक गणित पर दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन होने जा रहा है। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य है छात्रों को भारतीय गणित के समृद्ध परंपरा से जोड़ना। इसके जुड़ाव से छात्र जटिल सवालों को आसानी से और जल्दी हल कर सकते हैं। यह कार्यशाला छात्रों में गणित के प्रति आत्मविश्वास बढ़ाने में महती भूमिका निभाएगा। उन्होंने बताया कि दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला में देश भर के विश्वविद्यालयों से वैदिक गणित के विद्वान वक्तागण, शोधार्थी एवं छात्र शिरकत करेंगे। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में मुख्य संरक्षक माननीय कुलपति डॉ दिनेश चंद्र राय, मुख्य अतिथि के रूप में जे पी विश्वविद्यालय छपरा के कुलपति प्रो पी के बाजपेई, उच्च शिक्षा निदेशक, बिहार सरकार, डॉ एनके अग्रवाल और विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व कुलपति, नालंदा मुक्त विश्वविद्यालय से प्रो के सी सिन्हा अपने सारगर्भित संबोधन प्रस्तुत करेंगे। तकनीकी और शैक्षणिक सत्र में विशेषज्ञ वक्ता गणों में डॉ राकेश भाटिया-राष्ट्रीय सहसंयोजक वैदिक गणित शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास नई दिल्ली, प्रो विमल कुमार मिश्र-विनोबा भावे विश्वविद्यालय हजारीबाग, वैदिक अध्ययन विभाग डॉ हरिसिंह विश्वविद्यालय सागर से सहायक प्राध्यापक डॉ शिवानी खरे और डॉ आयुष गुप्ता शिरकत करेंगे। सेमिनार के संयोजक डॉ भगवान कुमार ने बताया कि वैदिक गणित दुनिया के लिए भारत का एक बहुमूल्य उपहार है। बीआर अंबेडकर बिहार विश्वविद्यालय में पहली बार दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन गणित के ऐतिहासिक परंपरा को आगे बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। सह-संयोजक डॉ आलोक त्रिपाठी ने बताया कि आधुनिक शिक्षा प्रणालियों में वैदिक गणित की भूमिका महत्वपूर्ण होने वाली है। वर्तमान में जहां नवीन विधियां लोकप्रिय हो रही है, वैदिक गणित एक प्रभावी साधन बनता जा रहा है। वैदिक गणित पर आयोजित होने वाली यह कार्यशाला शैक्षणिक जगत में मील का पत्थर साबित होगी। मौके पर आइक्यूएसी के समन्वयक डॉ रजनीकांत पांडे, एनएसएस के समन्वयक डॉ सौरभ राज, कॉलेज मीडिया प्रभारी डॉ ललित किशोर और राजेश कुमार मौजूद थे।

# विकसित बिहार बनाने का लें संकल्प : डा. प्रेम कुमार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**दाउदनगर(औरंगाबाद)।** चंद्रवंशी विकास मंच द्वारा यहां एक निजी होटल के सभागार में मगध सम्राट जरासंध महोत्सव का आयोजन किया गया। महोत्सव का उदघाटन बिहार विधानसभा के अध्यक्ष डॉ प्रेम कुमार, बिहार के सहकारिता, वन एवं पर्यावरण मंत्री डॉ प्रमोद कुमार चंद्रवंशी, पूर्व विधान पार्षद रामबली सिंह चंद्रवंशी, जहानाबाद से पूर्व लोकसभा प्रत्याशी चंदेश्वर सिंह चंद्रवंशी, गोह विधानसभा क्षेत्र से प्रत्याशी रह चुके सीताराम दुखारी, कुटुंबा प्रखंड प्रमुख धर्मेंद्र कुमार चंद्रवंशी, युवा नेता अमित कुमार मंडल एवं भाजपा जिलाध्यक्ष विजेंद्र चंद्रवंशी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। मंच के अनुमंडल अध्यक्ष डॉ अरविंद कुमार सिंह चंद्रवंशी ने अध्यक्षता एवं अतिथियों का स्वागत किया। बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ प्रेम कुमार ने कहा कि आने वाले समय में बिहार की तरक्की व प्रगति के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के हाथों को मजबूत करने का संकल्प लें। सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली के क्षेत्र में सरकार ने काम किया। कृषि रोड मैप के बाद किसानों का उत्पादन बढ़ा। बिजली उत्पादन के मामले में बिहार बिजली बेचने की स्थिति में आ गया है। लोगों को रोजगार देने का काम कर रहे हैं। पलायन घट कर दो प्रतिशत हो गया है। हर जिले में इंडस्ट्रीज लगाई जाएगी। बिहार में असीम संभावनाएं हैं। बिहार बढ़ेगा तो आपका सम्मान बढ़ेगा। पिछड़ा वर्ग आयोग 35 वर्षों से केंद्र में संवैधानिक दर्ज़ा प्राप्त करने के लिए संघर्ष कर रहा था। केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार आने के बाद संवैधानिक दर्ज़ा दिया गया। विकास के दौर में पिछड़े लोगों के लिए रोहिणी आयोग बनाया गया है। उन्होंने केंद्र व राज्य सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की चर्चा करते हुए कहा कि महिलाओं को आगे लाने के लिए उन्हें जीविका के माध्यम से स्वरोजगार से जोड़ा जा रहा है। महिलाएं आत्मनिर्भर और सबल हों। आज बिहार में कानून का राज है। महिलाओं और युवाओं के उत्थान के लिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की नेतृत्व वाली सरकार लगातार कार्य कर रही है। बिहार पहला राज्य है, जहां महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण दिया गया। पंचायती राज में आरक्षण व्यवस्था लागू की गई। उन्होंने कहा कि आज ज्ञान की दुनिया है। उस रास्ते पर चलना चलने की जरूरत है। सहकारिता, वन एवं पर्यावरण मंत्री डॉ प्रमोद कुमार चंद्रवंशी ने कहा कि बिहार में कोई भी ऐसी जाति नहीं है,जो सिर्फ अपने वोट के बल पर किसी सदन का सदस्य बन सकता है। पूर्व सांसद चंदेश्वर प्रसाद चंद्रवंशी सहित अन्य वक्ताओं ने शिक्षा के उत्थान पर बल दिया। सामाजिक एकजुटता पर बल दिया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रधानाध्यापक उदय कुमार ने किया। कार्यक्रम में संयोजक प्रियतम सिंह चंद्रवंशी, पूर्व मुखिया अनिल कुमार चंद्रवंशी, सचिव श्री राम चंद्रवंशी, राहुल चंद्रवंशी, दीपक चंद्रवंशी, रविंद्र चंद्रवंशी, पप्पू चंद्रवंशी, संतोष चंद्रवंशी आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

# सीता थापा को पर्यटन का दर्जा दिलाने के लिए करेंगे प्रयास : प्रमोद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**मदनपुर(औरंगाबाद)।** प्रखंड के शिवगंज में आयोजित दो दिवसीय सीता थापा महोत्सव रविवार से शुरू हो गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि नवनिर्वाचित विधायक प्रमोद कुमार सिंह ने किया। समारोह को संबोधित करते हुए प्रमोद कुमार सिंह ने कहा कि सीता थापा स्थल को राजकीय पर्यटन तीर्थ स्थल घोषित कराने और इसे सरकार के पर्यटन मानचित्र पर लाने के लिए विधानसभा में मजबूती से आवाज उठाई जाएगी। उन्होंने आश्वासन दिया कि अगले वर्ष से पर्यटन विभाग की ओर से सरकारी स्तर पर इस महोत्सव का आयोजन करने की दिशा में भी प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि सातवीं बार यह महोत्सव का आयोजन अधिवक्ता सिध्देश्वर विधार्थी व समिति सदस्यों द्वारा किया गया। सिध्देश्वर विद्यार्थी सनातन धर्म व संस्कृति को बढ़ावा देने और छुपे हुए धार्मिक, अध्यात्मिक व ऐतिहासिक स्थलों को अक्षुण्ण बनाए रखने तथा जिले को देश दुनिया में प्रसारित व प्रचारित करने का सराहनीय तथा प्रशंसनीय कार्य कर रहे हैं। सनातन धर्म को मिटाने के लिए पुरी दुनियां में 143 देश लगे हुए हैं। मुस्लिम 56 देश, इसाई धर्मावलंबी 145 देश, बौद्ध 7-8 देश शामिल हैं। सीता थापा महोत्सव आयोजन में मुख्य रूप से अहम भूमिका भागवत प्रसाद सिंह मेमोरियल ग्रुप आफ कालेज के निदेशक अभय कुमार सिंह की रही है। इसके अलावा महोत्सव आयोजन समिति के मुख्य संरक्षक व अधिवक्ता सिध्देश्वर विद्यार्थी, प्राचार्य डॉ श्रीधर कुमार सिंह, संजय कुमार, अखिलेश चंद्रवंशी विनय कुमार सिंह, गोखुल सिंह, देवलाल प्रसाद, अभय कुमार सिंह, रामेश्वर कुमार रौशन, ज्ञानदत्त पाण्डेय, अखिलेश पाठक सहित अन्य शामिल है। इस अवसर पर आयोजन समिति द्वारा विधायक को अंग वस्त्र एवं पुष्पगुच्छ प्रदान कर सम्मानित किया गया। महोत्सव में स्थानीय कलाकारों ने शानदार प्रदर्शन किया जिससे दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए और सांस्कृतिक विरासत की झलक देखने को मिली। इस दौरान राधा कृष्ण का नाटक संगीतमयी प्रस्तुति से दर्शक भाव विभोर हो गए। बाल कलाकारों की गीत संगीत गायन, नृत्य प्रस्तुति से लोग झुमने लगे।

# मारपीट के आरोपित के घर चिपकाया इश्तेहार



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** मारपीट के आरोप में फरार अभियुक्त के घर पर उपहारा पुलिस ने इश्तेहार चिपकाया है। यह कार्रवाई थाना क्षेत्र के डड़वा गांव निवासी संजय शर्मा के घर पर की गई। दरअसल, संजय मारपीट के एक मामले में फरार चल रहा है। घटना 6 अप्रैल 2025 की है। इस दौरान गिरफ्तारी को लेकर पुलिस अभियुक्त के संबधित ठिकानों पर छापेमारी कर रही है, लेकिन अभियुक्त पुलिस की गिरफ्त से बाहर है। कोर्ट के निर्देश पर अभियुक्त के घर पर रविवार को इश्तेहार चिपकाया गया। थानाध्यक्ष आकाश कुमार ने बताया कि अभियुक की गिरफ्तारी के लिए पुलिस द्वारा लगातार दबिश दी जा रही है पर पुलिस के गिरफ्त में नहीं आने पर कोर्ट के निर्देश पर अभियुक्त के घर पर इश्तेहार चिपकाने की कार्रवाई की गई। निर्धारित समय सीमा के अंदर आरोपी पुलिस या कोर्ट के समक्ष पेश नहीं होता हैं तो अभियुक्त के खिलाफ कुर्की जब्ती की कार्रवाई की जायेगी।

# ऑटो की टक्कर में युवक की मौत, दो जख्मी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** देव थाना क्षेत्र के बेढ़नी भुइयां बिगहा के पास दो ऑटो की टक्कर में एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि दो अन्य ऑटो सवार जख्मी हो गए। मृतक की पहचान फ़ेसर थाना क्षेत्र के खैरी गांव निवासी राजेंद्र सिंह के 35 वर्षीय पुत्र कंचन सिंह के रूप में की गई है। जख्मियों में उस गांव के ही लव कुमार एवं नीतीश कुमार है। जानकारी के मुताबिक कंचन देव थाना क्षेत्र के बरूणा से वापस घर लौट रहे थे। इसी क्रम में उस जगह विपरीत दिशा से आ रही एक ऑटो सामने से टकरा गई जिसमें कंचन की मौत हो गई जबकि दो अन्य व्यक्ति गंभीर रूप से जख्मी हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से जख्मियों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती करवाया गया। घटना की सूचना मृतक के परिजनों को दी गई। इसके बाद शव सदर अस्पताल लाया गया। नगर थाना की पुलिस ने जरूरी कार्रवाई के उपरांत शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस घटना से मृतक के परिजनों में शोक व्याप्त है। इस दौरान परिजनों ने बताया कि मृतक हलुआई का काम करता था। इसी सिलसिले में वह बरूणा गया था और वापस घर लौट रहा था। इसी क्रम में उस जगह हादसा हो गई। मृतक के तीन लड़के हैं जिनका उम्र 7 साल, 5 साल और 3 साल है। स्थानीय लोगों ने मृतक के आश्रितों के लिए मुआवजे की मांग की है। इधर, नगर थानाध्यक्ष उपेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत हुई है जबकि दो अन्य जख्मी है। शव का पोस्टमार्टम करवा कर परिजनों को सौंप दिया गया। वहीं मामले में अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

# ट्रैक्टर पलटने से चालक की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के हेतमपुर गांव के पास ट्रैक्टर पलटने से 32 वर्षीय एक युवक की मौत हो गई। मृतक झारखंड का रहने वाला संजीत राम है। जानकारी के मुताबिक संजीत थाना क्षेत्र के हेतमपुर में ट्रैक्टर चलता था। रविवार को ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया जिसमें वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से संजीत को नजदीकी अस्पताल में भर्ती करवाया गया। जहां जांच के उपरांत चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना परिजन और पुलिस को दी गई जिसके आलोक में पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया। स्थानीय लोगों ने मृतक के आश्रितों के लिए मुआवजे की मांग की है। थानाध्यक्ष अशोक कुमार ने बताया कि ट्रैक्टर पलटने से चालक की मौत हुई है। शव का पोस्टमार्टम करवा कर परिजनों को सौंप दिया गया। मामले में अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

# जांच के दौरान महाराजगंज पैक्स के पांच अभ्यर्थियों का नामांकन रद्द

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** कुटुंबा प्रखंड क्षेत्र के महाराजगंज पैक्स के लिए नामांकन के बाद स्क्रुटनी की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। चुनाव में अध्यक्ष पद के लिए तीन और कोटिवार सदस्य पद के लिए 20 यानी कुल 23 अभ्यर्थियों ने नामांकन पर्चा दाखिल किया था। स्क्रुटनी के दौरान सह सदस्य रहने के कारण सामान्य वर्ग से अमित कुमार, पिछड़ा वर्ग से मंजू देवी, अजीत कुमार, अनुसूचित जाति से आरती देवी का नॉमिनेशन रद्द कर दिया गया। वहीं जाति प्रमाण पत्र संलग्न नहीं होने के कारण अनुसूचित जाति वर्ग की सुनीता देवी का भी नामांकन रद्द कर दिया गया है। इस तरह सदस्य पद के कुल बीस अभ्यर्थियों में पांच सदस्यों का नामांकन रद्द हुआ है। स्क्रुटनी के बाद अब अध्यक्ष पद के लिए योगेन्द्र प्रसाद सिंह, निवर्तमान पैक्स अध्यक्ष विनिता देवी और पूर्व मुखिया नीलम देवी तथा सदस्य पद के लिए सामान्य वर्ग से सुमन देवी, अजय कुमार सिंह, शकुंतला देवी, मनोज यादव, अरुंजय कुमार, रवि कुमार मेहता, पार्वती देवी, रानी कुमारी, पिछड़ा वर्ग से भीम मेहता, सरिता कुमारी, अति पिछड़ा वर्ग से प्रहलाद ठाकुर, मुकेश कुमार ठाकुर, मीरा देवी तथा अनुसूचित जाति से दिलीप राम, जितेंद्र पासवान पैक्स चुनाव में आगे का सफर जारी रखेंगे। बीडीओ सह प्रखंड निर्वाची पदाधिकारी प्रियांशु बसु ने बताया कि 9 दिसंबर को नाम वापसी के साथ अभ्यर्थियों को प्रतीक चिन्ह आवंटित कर दिया जाएगा। 16 दिसंबर को पूर्वाह्न साढ़े सात बजे से लेकर अपराह्न साढ़े चार बजे तक मतदान होगा।

# जीविका दीदियों को दी आग बुझाने की जानकारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** जिले के ग्राम बेला में रविवार को जीविका दीदियों के लिए अग्नि सुरक्षा एवं आपदा प्रबंधन को लेकर व्यापक मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सुरक्षा टीम ने आग लगने की वास्तविक स्थिति को दिखाते हुए बताया कि किस प्रकार त्वरित निर्णय लेकर बड़ी दुर्घटनाओं को रोका जा सकता है। प्रशिक्षकों ने बताया कि घबराहट दुर्घटना को बढ़ाती है, इसलिए ऐसी स्थितियों में शांत रहकर सही तरीके अपनाना बेहद जरूरी होता है। सुरक्षा दल ने जीविका समूह की दीदियों को घरेलू गैस सिलेंडर में लीक की पहचान, शॉर्ट सर्किट से होने वाली आग से बचाव, बिजली उपकरणों के सुरक्षित उपयोग तथा प्राथमिक उपचार के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जीविका दीदियों ने सक्रिय रूप से अभ्यास में भाग लिया और बताया कि यह प्रशिक्षण उनके लिए अत्यंत उपयोगी तथा जीवनरक्षक साबित होगा। अधिकारियों ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता बढ़ाने और महिलाओं को आपदा के समय आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से ऐसे कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित किए जाते हैं। स्थानीय लोगों ने भी इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के प्रशिक्षण से गांवों में सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ेगी और हादसों में कमी आएगी।

# मंडल कारा में आंख जांच शिविर का आयोजन



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** मंडल कारा में रविवार को रोटरी क्लब द्वारा निशुल्क आंख जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उदघाटन मंडल कारा के अधीक्षक डा. दीपक कुमार, रोटरी क्लब अध्यक्ष अजीत चंद्रा, सचिव दीपक ठाकुर ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। शिविर में 90 कैदियों के आंखों की जांच की गयी। शिविर में रक्तचाप, ब्लड शुगर आदि की भी जांच की गई। इस क्रम में 75 लोगों को चश्मा के लिए चयनित किया गया। अगले कैंप में सभी 75 लाभार्थियों को चश्मा मुफ्त में मुहैया कराया जायेगा। इस मौके पर असिस्टेंट गवर्नर महमूद आलम, पास्ट प्रेसिडेंट मरगूब आलम, टेक्नीशियन डा. संतोष कुमार सहित मौजूद रहे।

# ओम प्रकाश सिंह बने ऑल बिहार टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** बीपीएससी से नियुक्त विद्यालय अध्यापकों ने पटना के गांधी मैदान स्थित आईएमए बिल्डिंग के सभागार में बैठक कर प्रदेश स्तरीय शिक्षक संगठन ऑल बिहार टीचर्स एसोसिएशन का गठन किया। इस बैठक में औरंगाबाद समेत कई जिले के विद्यालय अध्यापक शामिल हुए। विद्यालय अध्यापकों ने विचार विमर्श कर संगठन का नामकरण किया तथा सर्वसम्मति से शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से एमएलसी प्रत्याशी रहे औरंगाबाद के ओम प्रकाश सिंह को ऑल बिहार टीचर्स एसोसिएशन का प्रदेश अध्यक्ष चुना। प्रदेश अध्यक्ष चुने जाने के बाद ओम प्रकाश सिंह ने कहा कि बिहार प्रदेश के लाखों विद्यालय अध्यापकों ने जो दायित्व मेरे कंधों पर सौंपा है उस पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करूंगा। राज्य सरकार से सातवां वेतन आयोग द्वारा निर्धारित वेतनमान प्राप्त करना हमारा पहला लक्ष्य है। सरकार को संघ द्वारा रचनात्मक सहयोग प्रदान किया जाएगा तथा बिहार के शैक्षिक वातावरण को उत्कृष्ट बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाया जाएगा। हम सरकार से आग्रह करेंगे कि शिक्षकों को गैर शैक्षणिक कार्यों से मुक्त रखे। जिले के पदाधिकारी विद्यालय के शैक्षणिक माहौल को बेहतर बनाने में हमारा सहयोग करें ना कि अनावश्यक रूप से भय का वातावरण तैयार करें। प्रवक्ता विवेक कुमार सिंह ने बताया कि 15 जनवरी के बाद सभी जिलों में इकाइयां गठित की जाएगी। कार्यक्रम का संचालन प्रशांत कुमार ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन बसंत कुमार दुबे ने किया। सभा को पटना जिला के शिक्षक अनिल कुमार, अररिया के शिक्षक नीरज कुमार, रोहतास के शिक्षक श्रीराम तिवारी, गया के शिक्षक डॉ अमित कुमार, औरंगाबाद के शिक्षक डॉ दानिश इकबाल ने संबोधित किया।

## चोरी की बाइक के साथ दो गिरफ्तार

**औरंगाबाद(नवबिहार टाइम्स ब्यूरो)।** वाहन जांच के दौरान दाउदनगर पुलिस द्वारा चोरी की बाइक के साथ दो आरोपितों को गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए आरोपितोंकी पहचान थाना क्षेत्र के पिराही बाग निवासी मो. सरीफ नवाब एवं सोनू कुरैशी के रूप में की गई है। सख्ती से पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि जब्त बाइक के अलावा उनके पास चोरी की चेचिस और अल्मुनियम है जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया। थानाध्यक्ष विकास कुमार ने बताया कि वाहन जांच के दौरान एक बाइक को रोककर कागजात मांगे गये लेकिन कोई भी कागजात प्रस्तुत नहीं कर सके। पूछताछ में दोनों युवकों ने बाइक चोरी करने की बात स्वीकार की। दोनों के आपराधिक इतिहास का पता लगाया जा रहा है। फिलहाल मामले में आवश्यक कार्रवाई के उपरांत दोनों को जेल भेज दिया गया है।

# दो समुदायों के बीच विवाद को लेकर शांति समिति का गठन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गोह।** गोह थाना क्षेत्र के प्राणपुर गांव में दो समुदायों के बीच पूर्व में विवाद को लेकर रविवार को शांति समिति का गठन किया गया है। ताकि उस गांव में दो समुदायों के बीच शांति व सौहार्द बना रहे। थानाध्यक्ष प्रशांत कुमार ने बताया कि शांति समिति के गठन का उद्देश्य एवं कार्यदायित्व गांव में शांति, सौहार्द एवं पारस्परिक विश्वास को बनाए रखना है। दोनों समुदायों के बीच उत्पन्न होने वाले वाद-विवाद, तनाव, गलतफहमी अथवा साम्प्रदायिक संवेदनशीलता की स्थिति का बारीकी से अध्ययन करना, तथ्यात्मक जांच करना, तथा वास्तविक परिस्थितियों से थाना पुलिस प्रशासन को अवगत कराना। दोनों समुदायों के सदस्य अपने-अपने वर्ग के लोगों को संयमित एवं नियंत्रण में रखेंगे, तथा उन्माद, अफवाह या तनाव फैलाने वाले तत्वों पर सामाजिक निगरानी बनाए रखेंगे। यदि किसी भी पक्ष के लोग नियंत्रण से बाहर जाते हैं। विवाद बढ़ाने का प्रयास करते हैं या किसी प्रकार का उपद्रव करने का संकेत मिलता है, तो समिति के सदस्य तत्काल पुलिस को सूचित करेंगे। साथ ही स्थिति को शांत करने में सहयोग करेंगे। शांति समिति गांव में विवाद निवारण, संवाद बढ़ाने, सामाजिक सौहार्द बनाए रखने और कानून-व्यवस्था को स्थिर रखने के लिए पुलिस प्रशासन के साथ पूर्ण समन्वय में कार्य करेगी। समिति द्वारा प्राप्त इनपुट, सुझाव एवं रिपोर्ट थाना स्तर पर आगे की कार्रवाई हेतु महत्वपूर्ण आधार होगी। उन्होंने बताया कि थाना क्षेत्र में कानून-व्यवस्था एवं साम्प्रदायिक सौहार्द बनाए रखने के लिए शांति समिति के सभी सदस्यों से अपेक्षा की जाती है कि वे पूर्ण निष्ठा, ईमानदारी एवं निष्पक्षता के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए प्रशासन को हर संभव सहयोग प्रदान करेंगे। इस दौरान दोनों समुदाय के अनुभवी और बुद्धिजीवी लोग मौजूद रहे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस (डी.बी.कॉर्प.लि.), उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, शाहपुर, पटना (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**

नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com

**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865

**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

# 176 संकुल केंद्रों पर बुनियादी साक्षरता परीक्षा का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** औरंगाबाद जिले के कुल 176 संकुल केंद्रों पर रविवार को बुनियादी साक्षरता परीक्षा का आयोजन किया गया। परीक्षा सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक अयोजित किया गया। इस बुनियादी परीक्षा को साक्षरता उत्सव के रुप में मनाया गया जहाँ कुल 1359 शिक्षा सेवकों एवं तालीमी मरकजों की उपस्थिति में परीक्षा का आयोजन कराया गया। अक्षर आंचल योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2024-2025 एवं 2025-2026 में साक्षरता केन्द्रों पर नामांकित 15 से 45 वर्ष आयु की महादलित, दलित, अल्पसंख्यक एवं अतिपिछड़ा वर्ग की कुल 36827 शिशिक्षुओं का लक्ष्य निर्धारित किया गया था। कुल 36827 शिशिक्षुओं का लक्ष्य के अनुरुप 26874 नवसाक्षर महिलाओं ने परीक्षा में भाग ली। जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (साक्षरता) रवि कुमार रोशन ने बताया कि प्रत्येक शिक्षा सेवक द्वारा अपने-अपने केन्द्रों पर संख्या अनुसार आधार सत्यापित नवसाक्षर महिलाओं की उपस्थित कराई गई। जो महिलाएं पूर्व परीक्षा से वंचित रह गई थी उन्हें भी इस परीक्षा में शामिल कराया गया। बुनियादी साक्षरता परीक्षा नवसाक्षर महिलाओं के आत्मविश्वास और सामाजिक भागीदारी को मजबूत करने की दिशा में अहम कदम है। मदनपुर संवाददाता के अनुसार प्रखंड के 14 सीआरसी केन्द्रों पर बुनियादी साक्षरता परीक्षा का आयोजन रविवार को किया गया। बुनियादी साक्षरता परीक्षा में महादलित, दलित, अल्पसंख्यक व अति पिछड़ा वर्ग की महिलाएं शामिल हुईं। इस दौरान कुल 4000 परीक्षार्थियों ने शांतिपूर्ण तरीके से परीक्षा में हिस्सा लिया। यह परीक्षा सीआरसी बेरी मदनपुर, वार, महुआईन, पीरवां, सलैया सहित कुल 14 केन्द्रों पर लिया गया। परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी संजीव कुमार सिंह ने किया। इस अवसर पर शिक्षा सेवक श्रीराम रजक, उदय कुमार, राम केवल रजक, परदेसी राम, तपेश्वर रजक, अशोक कुमार चौधरी, कृष्णा चौधरी, नागो कुमार, सुबोध रजक, अखिलेश कुमार, सरिता कुमारी, सोनम कुमारी, शगुफ्ता परवीन, मजदा परवीन, रेहाना परवीन, साहित्य सभी केंद्रों पर शिक्षा सेवक तालीमी मरकज उपस्थित रहे।




CMYK